सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
रांची, रविवार 02.02.2025

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ






- निर्मला सीतारमण की मधुबनी प्रिंट साड़ी का है रामायण काल से नाता



# फील गुड बजट

- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर फोकस
- 12 लाख सलाना आय पर अब कोई टैक्स नहीं
- मैन्युफैक्चरिंग, स्वदेशी, रोजगार व इनोवेशन पर फोकस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को रिकॉर्ड आठवां लगातार बजट पेश किया। बजट में वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा देते हुए 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगाने का एलान किया। आयकर छूट में बड़ी राहत देते हुए मध्यम वर्ग को फील गुड कराने का मौका दिया है। किसानों और एमएसएमई सेक्टर के लिए कई अहम घोषणा की। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा, हमारा फोकस ज्ञान (जीवाईएएन) यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, मैन्युफैक्चरिंग और मेकिंग इंडिया, रोजगार और इनोवेशन पर हमारा ध्यान केंद्रित है। साथ ही कृषि और निर्यात पर हम काम कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य विकसित भारत बनाने पर है। वित्त मंत्री ने अपने पिटारे से बिहार में मखाना बोर्ड बनाने , समेत बिहार के लिए कई अहम योजनाओं का एलान किया है। ये विकसित भारत का बजट है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इकोनॉमी को गति देंगे। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती हुई और बड़ी है। हमने पिछले 10 सालों में दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प का प्रतीक है।

## बजट में मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा

**मिडिल क्लास** को 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं, नया इनकम टैक्स बिल शीघ्र, टीडीएस की सीमा बढ़ाकर 10 लाख,, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ी , गंभीर बीमारियों की दवाइयां कस्टम फ्री होंगी, सस्ते होंगे चमड़े से बने सामान, पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान, स्वास्थ्य सुविधाओं का ऐलान, बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 10 प्रतिशत, बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 10 प्रतिशत, मेडिकल कॉलेज में दस हजार से ज्यादा सीटें जोड़ी जाएंगी, IIT का विकास, बढ़ेगा आधारभूत ढांचा, स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 20,000 करोड़, इनोवेशन के लिए 20 हजार करोड़ रुपये, 50,000 सरकारी स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स, 20 हजार करोड़ का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम, जल जीवन मिशन का होगा विस्तार



### 50 लाख करोड़ रुपये का बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट अनुमान 50,65,345 करोड़ रुपये है, जिसमें कुल पूंजीगत व्यय 11,21,090 करोड़ रुपये है। इसमें राज्यों को 25,01,284 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरकार ने बताया कि बजट में कुल राजस्व प्राप्ति 34,20,409 करोड़ रुपये है। वहीं पूंजीगत प्राप्तियां 16,44,936 करोड़ रुपये हैं।

### टीडीएस की सीमा 10 लाख की गयी

बुजुर्गों के टैक्स डिडक्शन में सुधार किया जायेगा। टीडीएस की सीमा बढ़ाकर 10 लाख की जायेगी। आईटीआर भरने की समय सीमा बढ़ाकर चार साल कर दी जायेगी। सीनियर सिटीजन को टैक्स में दोगुनी छूट दी जायेगी। टीडीएस में भुगतान की देरी को अपराध की कैटेगरी से बाहर किया।

### किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ी

किसान क्रेडिट कार्ड को लेकर बड़ा ऐलान किया। किसान क्रेडिट कार्ड से अधिक ऋण मिलेगा। किसान क्रेडिट कार्ड से लोन 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी जायेगी।

### पीएम धन धान्य कृषि योजना

फसलों की उपज बढ़ाने हेतु प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना शुरू की जायेगी। इस योजना से 1.7 करोड़ किसानों को फायदा होगा। राज्य सरकारों के सहयोग से देश के 100 जिलों में यह योजना चलायी जायेगी।

### नयी कर व्यवस्था में स्लैब बदलने से कितना फायदा

| कर योग्य आय | पहले टैक्स | अब टैक्स | फायदा |
|---|---|---|---|
| 12 लाख | 80,000 | 00 | 80,000 |
| 16 लाख | 1,70,000 | 1,20,000 | 50,000 |
| 20 लाख | 2,90,000 | 2,00,000 | 90,000 |
| 24 लाख | 4,10,000 | 3,00,000 | 1,10,000 |
| 50 लाख | 11,90,000 | 10,80,000 | 1,10,000 |





### कितनी कमाई, कितना टैक्स, कितना लाभ

**यदि** आपकी वार्षिक आय 12 लाख रुपये तक है, तो आपको कोई कर नहीं देना होगा। यदि आपकी आय 13 लाख रुपये है, तो पहले आपको 88,400 रुपये का कर देना होता था, लेकिन स्लैब में बदलाव के बाद अब आपको 66,300 रुपये का कर देना होगा। इसका मतलब है कि अब आपको लगभग 22,100 रुपये का बड़ा लाभ होगा। 15 लाख रुपये सालाना कमाने वालों को पहले 1.30 लाख रुपये टैक्स देना होता था, लेकिन नये स्लैब के बाद उन्हें सिर्फ 97,500 रुपये देने होंगे। यानी अब उन्हें 32,500 रुपये का लाभ होगा। 17 लाख रुपये कमाने वालों को अभी 1 लाख 84 हजार रुपये टैक्स देना होता है, लेकिन नए स्लैब के बाद अब उन्हें 1.30 लाख रुपये टैक्स देना होगा, जिससे उन्हें 54,600 रुपये का लाभ होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कर छूट से मध्यम वर्ग के लोगों के पास खपत के लिए अधिक पैसे बचेंगे। साथ ही निवेश और बचत भी बढ़ेगी। यदि आपकी आय 22 लाख रुपये है, तो पहले आपको 3,40,600 रुपये टैक्स देना होता था, लेकिन अब आपको 2,40,500 रुपये टैक्स देना होगा। यानी, अब आपको 1,00,100 रुपये का फायदा होगा। 25 लाख रुपये सालाना कमाने वालों को पहले 4,34,200 रुपये टैक्स देना होता था। अब उन्हें 3,19,800 रुपये टैक्स देना होगा, जिससे उन्हें 1,14,400 रुपये का फायदा होगा।

### 12 लाख सालाना आय वालों को कोई कर नहीं

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने उम्मीदों के अनुरूप मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को पूरी तरह से कर मुक्त किये जाने की घोषणा की। यह छूट नयी आयकर व्यवस्था में दी गयी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को को बजट पेश करते हुए मध्यम वर्ग को यह बड़ी राहत दी। उन्होंने घोषणा की कि अब 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों को कोई कर नहीं देना होगा। पहले, 12 लाख पर 71,500 रुपये का कर देना होता था।

**सरल व नया आयकर बिल शीघ्र**
वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले सप्ताह एक नया आयकर विधेयक लाने जा रही है, जिससे कर प्रणाली को और अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जायेगा। सीतारमण ने छह दशक पुराने कानून की जगह एक सरल और हल्का नया कानून लाने का वादा किया। नये कानून में 'न्याय' की भावना होगी और यह 'पहले विश्वास करो, बाद में जांच करो' के सिद्धांत पर काम करेगा।




## पाई-पाई का हिसाब-किताब

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को 50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश किया। बजट में पैसा कहां से आता है, कहां जाता है, यह हिसाब आमतौर पर सभी लोग नहीं समझ पाते। इसे ठीक तरह से समझने के लिए उसके पाई-पाई के हिसाब को समझना जरूरी है। बजट में पैसा कहां से आता और कहां जाता है, इसे ऊपर के आंकड़े से समझा जा सकता है।

### बजट से पहले गैस सात रुपये सस्ता

केंद्रीय बजट से पहले एलपीजी सिलेंडर के दामों में बड़ी राहत दी गयी है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो के एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 7 रुपये की कटौती की है। वहीं 14 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

### सीनियर सिटीजन को मिला यह तोहफा

सीनियर सिटीजन को भी बजट में सरकार ने खास तोहफा दिया गया है। अब 60 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए ब्याज पर टैक्स कटौती की सीमा को बढ़ाकर 1,00,000 रुपये कर दिया गया है। यह पहले 50,000 रुपये थी।

### एससी-एसटी महिला उद्यमियों को बड़ी राहत



अपने भजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के लिए भी कुछ एलान किये। उन्होंने कहा कि सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी में बीते कुछ वर्षों में बड़ा इजाफा हुआ है। इसके तहत अगले पांच वर्षों में महिला उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन उपलब्ध कराया जायेगा। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 स्कीम के तहत आठ करोड़ गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और लड़कियों को पोषण देने की बात कही गयी है। देश में कुल 252 करोड़ बैंक अकाउंट हैं, जिनमें से 36.4 प्रतिशत यानी करीब 91 करोड़ खाते महिलाओं के हैं।

## सबके सपने पूरा करने वाला बजट है : पीएम



**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में पेश किया। लगातार 8वीं वार बजट पेश कर उन्होंने इतिहास रच दिया। केंद्रीय बजट (2025) पर पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं। आम नागरिक विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ायेगा। मोदी ने कहा, 'यह बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है. यह बजट बचत, निवेश, खपत और विकास को तेजी से बढ़ायेगा। मैं इस जनता जनार्दन के बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस बजट से मिडिल क्लास को बहुत फायदा मिलेगा।

### विकसित भारत के सपने साकार होंगे: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एमएसएमई क्षेत्र को क्रेडिट गारंटी कवर को दोगुना करने की सरहना की। उन्होंने कहा कि इससे स्टार्ट-अप और विनिर्माण केंद्रों को बढ़ावा मिलेगा। फुटवियर, चमड़ा और खिलौना विनिर्माण उद्योगों पर बजट का ध्यान जमीनी स्तर पर नौकरियों को बढ़ावा देगा, जिससे पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सकेगा।

- **एआई एजुकेशन को 500 करोड़ का तोहफा :** केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक नये उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करेगी। इसके लिए 500 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यह घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में दी।
- **गंभीर बीमारियों की दवाएं कस्टम फ्री:** घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बड़ा निवेश किया जायेगा। कैंसर समेत रेयर डिजीज से पीड़ित लोगों के लिए दवाइयों को पूरी तरह से कस्टम फ्री कर दिया जायेगा। 36 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से सीमा कर खत्म कर दिया जायेगा। सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाये जायेंगे। कैंसर के इलाज की दवाएं सस्ती होंगी। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5 फीसदी कर दी जायेगी। अगले पांच सालों में 50,000 सरकारी स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स जायेगी।
- **सस्ते होंगे चमड़े से बने सामान:** चमड़े से बने सामान की कीमतों में कमी होने की संभावना है। इनकम टैक्स कानून में सुधार के बाद दंड की जगह न्याय पर फोकस रहेगा। लेदर उद्योग स्कीम में 22 लाख नई नौकरी पैदा करने का लक्ष्य है। लेदर उद्योग स्कीम में 22 लाख नई नौकरी पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरकार मदद मुहैया करायेगी।
- **टीवी एलइडी सस्ते:** केंद्र ने कोबाल्ट उत्पाद, एलईडी, जिंक, लिथियम आयन बैटरी स्क्रैप और 12 महत्वपूर्ण खनिजों को मूल सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का भी प्रस्ताव किया है। एलईडी, एलसीडी टीवी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5 फीसदी कर दी जायेंगी। ऐसे में इन इलेक्ट्रॉनिक समानों के दाम कम होंगे।

## बजट की बड़ी बातें

- **पहली बार**
  सरकार ने पेश किया 50 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट पेश।
- **किसानों को सौगात**
  किसान क्रेडिट कार्ड पर पांच लाख तक का लोन, कृषि क्षेत्र के लिए बड़े एलान।
- **मेड इन इंडिया का डंका**
  टीवी से लेकर मोबाइल तक होंगे सस्ते, पूरी दुनिया में बजेगा मेड इन इंडिया का डंका।
- **ऑटोमोबाइल**
  लिथियम-आयन बैटरी के घरेलू विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा, इलेक्ट्रिक वाहन होंगे सस्ते।
- **गरीब को क्या मिला?**
  ई-श्रम पोर्टल पर होगा एक करोड़ 'गिग वर्कर्स' का पंजीकरण।
- **आधी आबादी के लिए क्या?**
  एससी-एसटी महिला उद्यमियों के लिए नई योजना, पांच वर्षों में 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन मिलेगा।
- **युवाओं के लिए क्या खास?**
  स्टार्टअप के लिए 10000 करोड़ की फंड ऑफ फंड्स योजना का एलान।
- **एमएसएसई के लिए क्या?**
  क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए खुशखबरी, 5 नहीं अब 10 करोड़ होगी लिमिट।
- **खेल बजट**
  पिछली बार की तुलना में खेल बजट में 352 करोड़ रुपये की वृद्धि।
- **बिहार की बहार**
  बजट में बिहार की बहार, चुनावी राज्य के लिए वित्त मंत्री खोला खजाना

### 'गोली के घावों पर पट्टी' के समान बजटः राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय बजट को 'गोली के घावों पर पट्टी' करार देते हुए कहा कि केंद्र 'विचारों के मामले में दिवालिया' हो चुका है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट को हल करने के लिए बदलाव की जरूरत है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए बदलाव की जरूरत है। श्री गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- कांग्रेस ने पहले केंद्रीय बजट की आलोचना की थी।

### विकसित भारत की ओर एक और कदम : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बजट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक शानदार बजट पेश किया। यह बजट युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। खासकर मिडिल क्लास के योगदान का ध्यान रखते हुए यह बजट अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है।

### लॉलीपॉप जैसा लगता है यह बजटः शत्रुघ्न सिन्हा



टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बजट में बिहार को दी गई तरजीह पर प्रसन्नता जतायी। उन्होंने कहा, बिहार को ध्यान में रखते हुए यह बजट लॉलीपॉप जैसा लगता है। बिहार के प्रावधानों को लेकर अच्छा लगा, लेकिन अभी चुनाव का समय भी है, तो क्या यह बिहार को आगे ले जाने वाला चुनावी बजट है।

## राष्ट्रपति 15 को बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 फरवरी को राजधानी रांची आएंगी। वे बीआइटी मेसरा में आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम बीआइटी मेसरा के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। समारोह 15 फरवरी से 15 जुलाई तक चलेगा। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह 10 :00 बजे बीआइटी मेसरा पहुंचेंगी, जहां बिरला ग्रुप के चेयरमैन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी समारोह में शामिल होंगे। इस वर्ष संस्थान अपने 70 वर्षों का इतिहास मना रहा है। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो शिक्षा, नवाचार और समाज के उत्थान में बीआइटी मेसरा की योगदान को रेखांकित करेगा।

# सीता की घर वापसी को लेकर अटकलें, पर आज न कल लौटेंगी

## दिशोम गुरू केजन्मदिन पर शिबू सोरेन के आवास पर जूटे थे पूरा परिवार, कड़वाहट कम कर हंसी ठिठोली हुई थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन झामुमो में लौट रही हैं, इस बात की अटकलें दो दिनों से तेज है। लेकिन परिवार में इनके वापसी को लेकर सहमति की बात किसी ने नहीं कही है। इनकी वापसी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की सहमति के बिना संभव नहीं है। यही कारण है कि परिवार के कोई सदस्य कुछ भी साफ-साफ नहीं बोल रहा। सीता सोरेन भी कुछ बोलने से बच रही हैं। उनका कहना है कि अभी फैसला नहीं लिया है। आगे समय बताएगा। अभी तो जहां हैं वहीं हैं। सीता सोरेन भाजपा में हैं।

लोकसभा व विधानसभा चुनाव में हार के बाद सीता सोरेन राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित हैं। राजनीति में उनकी आगे की राह भी मुश्किल है। संथाल की राजनीति में झामुमो की पैठ है। ऐसे में भजापा में रहकर आगे भी सांसद-विधायक बनना सीता सोरेन के लिए कठिन है। इसलिए वह वापस झामुमो में लौटना चाहती हैं। सीता सोरेन की बेटियां भी चाहती हैं कि भविष्य की राजनीति को देखते हुए झामुमो में वापसी की जाए। झामुमो में वापसी के लिए परिवार में बेटियां भी संपर्क सूत्र बनीं हुई हैं।

घर वापसी की पहल को लेकर ही सीता सोरेन 11 जनवरी को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के जन्मदिन पर बेटियों के साथ उनके घर गई थीं। जन्मदिन समारोह में शामिल हुईं। इसी दिन से यह कयास लगाया जा रहा था कि सीता सोरेन झामुमो में वापसी को लेकर पृष्ठभूमि तैयार कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार सीता सोरेन की वापसी को लेकर शिबू सोरेन व रूपी सोरेन तैयार हैं। शिबू सोरेन चाहते हैं कि परिवार एकजुट रहे। विवाद को खत्म किया जाए। लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन तैयार नहीं हैं। सीता सोरेन जिस तरह झामुमो को छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं और जिस तरह के गंभीर आरोप हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन पर लगाकर हमलावर रहीं, उससे हेमंत व कल्पना आहत हैं। दिवंगत दुर्गा सोरेन को लेकर सीता सोरेन ने जो आरोप लगाए वह गंभीर थे।

दिशोम गुरू शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन पर पूरा परिवार शिबू सोरेन के आवास पर जूटे थे। सीता सोरेन और उनकी बेटियां भी पहुंची थी। कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। दोनों भाई सीएम हेमंत सोरेन और बसंत सोरेन सभी साथ में थे। यही वह समय था जब पुरानी कड़वाहट दूर हो गयी थी। सूत्रों के अनुसार हेमंत व कल्पना सोरेन को अब जो हुआ उसे भूल जाने को लेकर मनाया जा रहा है। परिवार में एकता बनी रहे यह समझाया जा रहा है। इस काम में पार्टी व परिवार के कई लोग लगे हुए हैं। संभव है दोनों परिवार हित में मान भी जाएं। हेमंत सोरेन की सहमति मिलने के बाद सीता सोरेन की घर वापसी होगी।

सीता सोरेन को भाजपा ने पूरा सम्मान दिया। पार्टी में शामिल कराकर पहले दुमका लोकसभा व फिर जामताड़ा विधानसभा सीट से टिकट दिया. वह दोनों चुनाव नहीं जीत सकीं। सीता सोरेन भाजपा में अब अपना राजनीतिक भविष्य नहीं देख रही हैं। वह अपनी बेटी को भी राजनीति में सक्रिय करना चाहती हैं। इसलिए भी झामुमो वापसी चाहती हैं. झामुमो सत्ता में है, इसलिए इसका लाभ भी उन्हें मिलेगा।

## खबर एक नजर में

### राज्य सेवा की अफसर मेरी मड़की पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** अड़की प्रखंड खूंटी में बीडीओ रही मेरी मड़की पर विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी पर मनरेगा योजना अंतर्गत मिप्ती मोरम पथ निर्माण योजना में अनियमितता बरतने, बिना काम किए राशि भुगतान कर वित्तीय अनियमितता करने, फर्जी मस्टर रोल कराने, अभिलेखों को सही तरीके से संधारित नहीं करने एवं योजनाओं के पर्यवेक्षण नहीं करने आदि से संबंधित कई गंभीर आरोप थे। ग्रामीण विकास विभाग ने इन पर 26 जुलाई 2016 को ही आरोप पत्र तैयार कर कार्रवाई की अनुशंसा की। पूरे मामले पर उनसे स्पष्टीकरण कर मामले की समीक्षा कर मेरी मड़की के विरुद्ध संचयात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि र रोक का दंड दिया गया था। विभाग के इस आदेश पर मेड़ी मड़की हाइकोर्ट गयी जहां से दंडात्मक आदेश को निरस्त किया गया और फ्रेश विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया गया है। ऐसे में कोर्ट के आदेश के आलोक में मेरी मड़की पर नये सिरे से विभागीय कार्यवाही करने का फैसला लिया गया है। पूरे मामले की जांच के लिए विभागीय जांच पदाधिकारी सेवानिवृत्त आइएएस गणेश कुमार को नामित किया गया है। उक्त अधिकारी से 15 दिनों में लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा गया है।

### 337 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र दिया गया

रांची। पलाश जेएसएलपीएस रांची द्वारा जिला स्तरीय चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस एवं रोजगार मेला का आयोजन मोराहाबादी, रांची में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त रांची दिनेश यादव ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को रोजगार के साथ कौशल विकास का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में प्रतिभा होती है, लेकिन अवसर की कमी से वे आगे नहीं बढ़ पाते इसलिए सभी को इस आयोजन का पूरा लाभ उठाना चाहिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रांची, निशिकांत नीरज के द्वारा उपविकास आयुक्त दिनेश यादव, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक हसनैन वारसी और सभी ब्लॉकों से आए 1500 प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 1,481 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया जिसमें 337 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। संभावित प्रतिभागी करीब 250 में स्वरोजगार के लिए 186 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया।

### प्रदेश कांग्रेस का बजट पूर्व एवं निकाय चुनाव को लेकर परिचर्चा आज

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा बजट पूर्व एवं आगामी निकाय चुनाव को लेकर परिचर्चा का आयोजन रविवार को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में पूर्वा? 11:00 से नामकुम बाजार स्थित लाह अनुसंधान केंद्र मे मंत्री, सांसद एवं विधायकों के साथ एवं पूर्वाहन 2:30 बजे से गेस्ट हाउस रामपुर मे कांग्रेस जिला अध्यक्ष,पूर्व विधायकों ,सांसदों के साथ परिचर्चा होगी।

### विशेष लोक अदालत 22 फरवरी को

**रांची।** विवाह एवं चेक अनादरण संबंधित विशेष लोक अदालत के सफलता के लिए डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कोर्ट नोडल पुलिस पदाधिकारियों के साथ डालसा हॉल में बैठक की और उन्हें कई निर्देश भी दिये है। उन्होंने कहा कि आप सभी अधिक से अधिक नोटिस का तामिला लोगों को करावें ताकि आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके।


**शपथ पत्र**

समक्ष श्री
लेख्यप्रमाणक, कोडरमा।

मैं, महेश यादव, पिता स्व. युगल यादव (Late Yugal Yadav), उम्र करीब 43 वर्ष, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास ग्राम गैड़ा, पोस्ट गुमो बरवाडीह, ओ०पी०-तिलैया डैम, थाना-जयनगर, जिला-कोडरमा (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है।
2. यह कि मेरा आधार सं० 7382 5676 6470 एवं PAN No. AFEPY 0576E है, जिसमें मेरे पिता का नाम युगल यादव (Yugal Yadav) दर्ज है, जो सही है।
3. यह कि मेरा DL No. JH12 20030031766 है, जिसमें भूलवश मेरे पिता का नाम जुगल यादव (Jugal Yadav) दर्ज हो गया है।
4. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपना उपरोक्त ड्राइविंग लाइसेन्स में दर्ज मेरे पिता का नाम जुगल यादव (Jugal Yadav) के स्थान पर मेरे पिता का सही नाम स्व० युगल यादव (Late Yugal Yadav) दर्ज करवाने हेतु बना रहा हूं।
5. यह कि कंडिका 1 से लेकर 4 तक की सारी बातें सत्य वो सही है। गलत पाये जाने पर इसकी जवाबदेही मेरी होगी।


# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी टीम बनाने के लिए समर्पित कार्यकताओं की है तलाश

**सत्येन्द्र**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस वर्ष 2025 को संगठन सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मना रही है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि इस साल के अंत तक झारखंड के गांव-टोलों तक कांग्रेस संगठन की पहुंच हो जाएगी। हालांकि अभी तक पूर्ण पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी का गठन नहीं हुआ है।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस की टीम में वहीं लोग होंगे जिन्होंने पिछले चुनाव में कम से कम अपने बूथ पर कांग्रेस या महागठबंधन के उम्मीदवार को लीड दिलाई हो। उन्होंने कहा कि जो पार्टी का निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता होगा उन्हें पार्टी के प्रदेश कमेटी में मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के नीति सिद्धांत में विश्वास रखने वाले और समर्पित कार्यकर्ता को ही झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी में जगह मिलेगी।

हालांकि जब पूछा गया कि क्या कांग्रेस को समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं, आखिर इतनी देरी के पीछे वजह क्या है? इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहुत ऐसे नेता हैं जो पार्टी के प्रति समर्पित और निष्ठावान रहे हैं। समय आने पर सबका नाम आलाकमान को भेज दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को प्रदेश कांग्रेस की कमान संभाले पांच महीने से अधिक हो गये है। इसके बावजूद वे अपना टीम नहीं बना पाये है। इसको लेकर कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं और नेताओं में अंदर ही अंदर आक्रोश व्याप्त है। रविवार को नामकुम के रामपुर में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर की मौजूदगी में पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक होनेवाली है। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन के गठन को लेकर भी आवाज उठ सकती है। हलाकि यह बैठक नगर निकाय चुनाव को लेकर होनेवाली है। बैठक में गांव की सरकार कैसे बने इसको लेकर नेताओं के बीच मंथन होगा।


**शपथ पत्र**



समक्ष,
नोटरी पब्लिक
डालटनगंज पलामू।

मैं अजय कुमार ठाकुर पिता स्व. नंदकिशोर ठाकुर निवासी ग्राम+पोस्ट सुआ, थाना- मेदिनीनगर सदर जिला - पलामू झारखंड शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि -

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम वो पते का निवासी हूं।
2. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं।
3. यह कि गुण निधि कुमार मेरा पुत्र है जिसका नाम गुण निधि कुमार है परंतु मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर शनि कुमार ठाकुर रख लिया हूं।
4. यह कि आज की तिथि से मेरा पुत्र गुण निधि कुमार शनि कुमार ठाकुर के नाम से जाना वो पहचाना जायेगा।
5. यह कि शपथ पत्र मैं अपना पुत्र का वर्तमान नाम शनि कुमार ठाकुर होने को सत्यापित करने हेतू कर रहा हूं।

अजय कुमार ठाकुर
शपथ कर्ता

Book No.-IX- No.54
Date : 31.01.2025


## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासिचव से मिले बंधु तिर्की



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल से दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान संगठन के काम_ काज और संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा हुई । झारखंड में कांग्रेस का लगातार सफल कार्यक्रम चल रहा है। इसमें आम जनता की बड़ी गोलबंदी देखने को मिल रही है। झारखंड में आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती और उसके विस्तार के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। बंधु तिर्की ने बताया कि गठबंधन वाली सरकार की योजनाओं से हर दिन लाभुकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में संगठन के कार्यकताओं की बड़ी भूमिका है। संगठन को इस दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

# झामुमो इटकी और नगड़ी प्रखंड संयोजक मंडली का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार रांची जिला संयोजक मंडली का प्रखंडों मे दौरा सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को इटकी प्रखंड की बैठक त्रिविंधा चौक स्थित मदीना मैरेज हॉल मे और नगड़ी प्रखंड की बैठक कोयल होटल, नगड़ी मे झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

बैठक में पार्टी द्वारा राज्य मे 50 लाख नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सदस्यता अभियान को और गति देने पर चर्चा हुई। बैठक मे प्रखंड और पंचायतों से हजारों की संख्या मे कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का संचालन रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता ने किया।

बैठक मे झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया। झामुमो इटकी प्रखंड संयोजक प्रमुख वसीम इकबाल अंसारी एवं नगड़ी प्रखंड संयोजक प्रमुख कलाम आजाद को बनाया गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, जयवंत तिग्गा, झब्बूलाल महतो, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा, और केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, एवं कलाम आजाद, मुन्ना बड़ाइक, महावीर विश्वकर्मा, संजय राय, आफताब आलम, आदिल इमाम, सुजीत कुजूर, परवेज आलम, जावेद अख्तर अंसारी, मांडर प्रखंड संयोजक प्रमुख रौशन एनामुल तिग्गा, भुनेश्वर साहू, मो इरफान, राजेश सिंह, मोजाहिद हुसैन, गोपाल पांडेय, अनूप कुमार, राकेश, अतिकुर रहमान, सुनीता देवी, मोजाहिद, हसनैन मुजीबी, सुधांशु भगत, लाडले खान, लक्ष्मण राम, ललित लिंडा, राजकुमारी टोपनो, जिक्रुल्लाह अंसारी एवं अन्य शामिल हुए।

**इन्हें बनाया गया संयोजक सदस्य :** इटकी प्रखंड संयोजक सदस्य सुमित मिंज, शमीम अंसारी, नौशाद आलम, शीला मिंज, रफीक अंसारी, रफीक कुरैशी, सोमरा उरांव, मंगल, फिरोज मंसूरी, मनीर अंसारी, आशिक अंसारी, जबैर अंसारी, रॉयल तिर्की, बिमल सुभाष कुजूर, महादेव धान, समीर अंसारी, अमृत सिंह, कमल यादव, रेहान खान, इमरान अहमद, जमाहिर अंसारी, इकराम कुरैशी, मन्नान अंसारी, अयान मुस्तफा, अबुबकर सिद्दकी एवं नगड़ी प्रखंड संयोजक सदस्य बांदे उरांव, विनोद तिर्की, बिंदे उरांव, सुरेश महतो, तसलीम अंसारी, राजेंद्र महतो, दानिएल एक्का, जुबेदा खातून, परवन नायक, अशोक ठाकुर, बिरसा मुंडा, अजिमा बरवा, राखी देवी, सोमारी देवी, नीलम देवी, बसंती देवी, धुंचू तिर्की, संगीता टोप्पो, जिवानी खलखो, मनीषा लिंडा, धनेश्वर नायक, अख्तर अंसारी, अंशु लकड़ा, सुकरमणि देवी, कविता कच्छप, बिरसा लोहार को बनाया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि नवगठित प्रखंड संयोजक मंडल पंचायतों का गठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय समय सीमा मे कर जिला संयोजक मंडली को सूचित करेंगे।

## भाकपा के पदाधिकारियों ने कांग्रेस का दामन थामा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेंस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में आयोजित एक समारोह में शनिवार को ईश्वर आनंद और मनोज सहाय उर्फ पिंकू के अगुवाई में कोडरमा जिला भाकपा के सम्मानित पदाधिकारीगण ने कांग्रेस का दामन थामा। जिला मंत्री एवं भाकपा राज्य परिषद सदस्य प्रकाश रजक, कउम उद्दीन, रामेश्वर यादव, प्रदीप राज जिला परिषद सदस्य, सुखदेव पांडे, असगर अली जिला परिषद सदस्य, सुनील शर्मा, मोहम्मद शमसुद्दीन, सोनु दास, रफीक मियां, राहुल दास व अन्य साथियों को प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू और सह प्रभारी राजन वर्मा ने कांग्रेस का पप्ता पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संविधान के रक्षा के आह्वान पर देश में गांधी एवं अंबेडकर के विचारधारा के लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं जिनका हम स्वागत करते हैं। आज सत्ताधारी दल ही संविधान का मखौल बना रहे हैं ।


**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email-jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद् गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील करती है कि:-

* शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें एवं हेल्प लाईन (मोबाईल) नं० 89876 58581 पर साफ-सफाई व अन्य विषयों पर शिकायत दर्ज करवाये।
* सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
* नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स (Holding Tax), वाटर यूजर चार्ज (Water User Charge) सहित अन्य करों का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।
* व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालक ट्रेड अनुज्ञप्ति (Trade Licence) आवश्यक लें, साथ ही ससमय नवीनीकरण करावायें।
* शहर में सभी प्रकार के विज्ञापन प्रदर्शित करने के पूर्व नगर परिषद् से अनुमति लेना अनिवार्य हैं
* धर्मशाला, विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल, लॉज, हॉस्टल संचालक नगर परिषद् से अनुज्ञप्ति (Licence) लें, साथ ही ससमय नवीनीकरण करावायें।

सफाई अपनाओ डिबीमारी भगाओ

ज्ञापांक 4071/ दिनांक 24/07/2025

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्


## डीएसपीएमयू में नियमित प्रॉक्टोरियल बोर्ड गठित

**रांची।** विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए संस्थान में अनुशासन, नियमों के अनुपालन और विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के लिए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के निदेर्शानुसार एक नियमित प्रॉक्टोरियल बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड नियमित तौर पर इन विद्यार्थियों के मध्य अनुशासन संबंधित नियमों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इसके तहत संदर्भित विषय के लिए सामाजिक संकाय, मानविकी संकाय और विज्ञान संकाय से निम्नलिखित शिक्षकों के सहयोग से एक प्रॉक्टोरियल बोर्ड के गठन से संबंधित अधिसूचना कुलपति के आदेशानुसार जारी कर दी गई हैं।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com, Website:www.netarhatvidyalaya.in

Re Tender No. - 166 Dated -01-02-2025

**Expression of interest : Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya.**

Netarhat Vidyalaya , the state government's premier senior secondary school located on a beautiful Netarhat plateau, nearly 160 Km from Ranchi, is widely known for imparting quality education and all around development of the Students Since last 70 years. This school, a residential one, has since been granted autonomy and is being administered by 'Netarhat Vidyalaya Samiti' a society registered under the societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

Netarhat Vidyalaya now proposes to Select relevant Contractors having experience for Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya, Netarhat. EOI are invited from reputed Firm/Agencies/ Individuals etc in respect of the subject matter cited above which shall be in the shape of two bid system – Technical and Financial – to be presented in two separate sealed envelopes by 2.00pm Before 15th February, 2025. Tender cost is Rs. 2000/- Online Which has to be paid through Our School website i.e www.netarhatvidyalaya.com.

The following documents need to be submitted along with the tender:-
Technical Bid: (i) PAN Card (ii) GST Registration Paper (iii) GST Return Certificate (iv) Last three year (21-22, 22-23, 23-24) Income Tax Return (v) Experience certificate in the relevant field.
Financial Bid: Best comparative industry rate in the standard format.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
- Cum Member Secretary
Netarhat Vidalaya Samiti,

PR 345625 Human Resource Developement(24-25).D


# आदेश का अनुपालन करें या फिर हाई कोर्ट में हाजिर हो निदेशक डीओएसई एंड एल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य सरकार के विभिन्न स्कूलों में वोकेशनल इंस्ट्रक्टर पद पर बहाल हुए हुए कर्मियों के ग्रेड पे से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि कोर्ट के 11 अगस्त 2023 के आदेश का अनुपालन करें अन्यथा निदेशक, माध्यमिक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसई एंड एल) को अगली सुनवाई 7 फरवरी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित हो। कोर्ट ने निर्देशक माध्यमिक शिक्षा को यह बताने को कहा गया है कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर क्यों नहीं अवमानना के तहत उनके खिलाफ आरोप गठित किया जाए।

दरअसल, वर्ष 1993 में प्रार्थियों सुजीत कुमार एवं अन्य ने राज्य सरकार के विभिन्न स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन इंस्ट्रक्टर के पद पर नियुक्ति पाई थी। बाद में केंद्र सरकार के एक अधिसूचना के तहत उनका ग्रेड पे 4800 रुपए कर दिया गया था। केंद्र सरकार की इस अधिसूचना में यह कहा गया था कि अगर वह (इंस्ट्रक्टर) आहर्ता रखते हैं तो शिक्षकों के समान ही उनका भी ग्रेड पे होगा। लेकिन सरकार द्वारा उनका ग्रेड पे घटा कर फिर से 4200 रुपए कर दिया गया था। मामला कोर्ट में पहुंचने पर कोर्ट ने प्रार्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपील (एलपीए) दाखिल की थी लेकिन राज्य सरकार की अपील हाई कोर्ट से खारिज हो गई थी। अवमानना याचिका में प्रार्थियों ने कोर्ट के 11 अगस्त 2023 के आदेश का अनुपालन करने का निर्देश देने का आग्रह किया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की गई है, जो अभी लंबित है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट की एकल पीठ एवं खंडपीठ दोनों जगह प्रार्थियों के पक्ष में फैसला आया है, इसलिए कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया जाए। अन्यथा माध्यमिक शिक्षा निदेशक कोर्ट में सशरीर उपस्थित हो।

## प्रार्थी को पेंशन से काटे गए राशि का भुगतान करें अन्यथा स्वास्थ्य सचिव हाईकोर्ट में 7 को हाजिर हो

**रांची।** हजारीबाग के तत्कालीन सिविल सर्जन के पेंशन में से 20% राशि 3 साल के लिए काटे जाने के मामले में दायर अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई 7 फरवरी को या तो कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए प्रार्थी को उसके पेंशन से काटे गए राशि का भुगतान करें अन्यथा स्वास्थ्य सचिव सशरीर अदालत में उपस्थित हो। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दीपक कुमार प्रसाद ने पैरवी की। दरअसल, प्रार्थी डॉक्टर दीनानाथ पांडे के हजारीबाग सिविल सर्जन रहने के दौरान समान आपूर्ति का सुपरवाइज सही ढंग से नहीं करने को लेकर राज्य सरकार की ओर से 3 साल के लिए उनके पेंशन से 20% की राशि काटने का आदेश दिया गया था। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थी को राहत देते हुए सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था। वहीं खंडपीठ में भी प्रार्थी को राहत मिली थी और सरकार की अपील खारिज हो गई थी। कोर्ट ने सरकार पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया था एवं उस जुमार्ना राशि को प्रार्थी को देने को कहा था। इसके बाद भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। सरकार की ओर से कहा गया कि वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी। जिस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार कोर्ट के आदेश का अनुपालन अगली सुनवाई में सुनि्ित करें।

स्पीड न्यूज

## जन हितकारी है आम बजट : सरयू राय



जमशेदपुर। विधायक सरयू राय ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट जन हितकारी है। सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ इस बजट में है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। अब वो ज्यादा बचत करेंगे या ज्यादा निवेश करेंगे या ज्यादा खर्च करेंगे। इसका फायदा अर्थव्यवस्था को होगा। जीडीपी बढ़ेगी और ओवरऑल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## मध्यम वर्ग, किसान और नारीशक्ति का है आम बजट : काली शर्मा



जमशेदपुर। भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा (काली शर्मा) ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025 गरीब, युवा, किसान, नारीशक्ति और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस बजट का मुख्य उद्देश्य डायरेक्ट टैक्स में राहत देकर मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाना, समावेशी विकास को प्रोत्साहित करना और निजी निवेश को बढ़ावा देना है। साथ ही, राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए इसे जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रयास किया गया है, जिससे आर्थिक स्थिरता बनी रहे। यह बजट मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## आकांक्षाओं को पूरा करने वाला : ज्योति



जमशेदपुर। मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा एस्टेट निवासी ज्योति शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज प्रस्तुत किए गए 2025-26 के आम बजट में प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प की सिद्धि साफ नजर आती है। बजट किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और रोजगार की तरफ विशेष ध्यान दिया गया है। मोदी सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त करके नौकरी पेशा और मध्यम वर्गीय नागरिकों को बड़ा तोहफा दिया है।

## लोक कल्याणकारी बजट : आशा शर्मा




जमशेदपुर। मानगो वाटिका ग्रीन सिटी की रहने वाली घरेलु महिला आशा शर्मा ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। आयकर में छूट जहां मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाएगी, वहीं सस्ती दवाई का फैसला भी सभी के लिए राहत वाला होगा। बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है।

## आम बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत : बंटी



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने बजट पर कहा कि इस बजट में मध्य वर्गीय लोगों को राहत देने का काम किया है जिससे कि जमशेदपुर जैसे मजदूर शहर के लोगों को इसका सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

## सर्वसमावेशी है यह आम बजट : राकेश सिंह



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के पूर्व महामंत्री राकेश सिंह ने आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट को सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बताया, समाज के सभी वर्गों मजदूर, किसान युवा, बुजुर्ग सभी के हित को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया विकासशील बजट है। राकेश सिंह के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में केंद्रीय बजट 2025-26 के तहत मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी।

# रघुवर दास, सांसद समेत भाजपाइयों ने बजट को सराहा, कांग्रेस और जेएमएम ने कोसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारत सरकार की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज संसद में आम बजट 2025 पेश किया। बजट प्रस्तुत के बाद सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने आम बजट की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है जबकि कांग्रेस, झामुमो समेत पूरे विपक्ष ने बजट में आम भारतीयों की अनदेखी एवं दिशाहीन बजट की संज्ञा दी है।



रघुवर दास, विद्युतवरण महतो, डॉ अजय कुमार, राकेश तिवारी, संजीव सरदार, फादर केएस कासिमिर और काले।

**लोक कल्याणकारी, दूरदर्शी और राष्ट्र को समर्पित बजट : रघुवर दास**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए वित्तिय वर्ष 2025-26 के आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2025 का केंद्रीय बजट विकासवादी और प्रगतिशील बजट है। चंद शब्दों में कहें तो यह बजट लोक कल्याणकारी और देश को समर्पित दूरदर्शी बजट है।

**किसानों, मध्यम वर्ग और गरीबों का आम बजट : विद्युतवरण महतो**

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत बरण महतो ने केंद्रीय बजट 2025 के संबंध में कहा कि यह बजट किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला एवं बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य, स्टार्टअप और इनोवेशन से लेकर इन्वेस्टमेंट तक हर क्षेत्र को समाहित करने वाला है। यह पीएम के आत्मनिर्भर भारत का यह रोड मैप है।

**राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित केंद्रीय बजट 2025 : डॉ. अजय**

पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने बजट पर कहा कि यह बजट आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी राजनीतिक लाभ के लिए बनाया है। उन्होंने कहा कि नौकरियों तो हैं नहीं, मध्यम वर्ग हर तरफ से शोषित है। वहीं 80 करोड़ जनता मुफ्त भोजन पर निर्भर है। 10 साल तक मध्यम वर्ग पिस्ता रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है।

**बिहार-दिल्ली विस चुनाव का आम बजट पर प्रभाव : राकेश तिवारी**

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने बजट पर कहा यह बजट आगामी बिहार के विधानसभा चुनाव एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर चुनावी बजट के रूप में बनाया गया है इस बजट से महंगाई की मार झेल रही जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला है।

**बजट में आदिवासियों, महिलाओं की अनदेखी : संजीव सरदार**

विधायक संजीव सरदार ने आज प्रस्तुत किये गये आम बजट पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बजट में आदिवासी जनजातीय समाज, किसानों, युवाओं, महिलाओं और कर्मचारियों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किये गये हैं। संजीव सरदार ने विशेष रूप से इस बात पर नाराजगी जताई कि झारखंड राज्य के लिए बजट में पर्याप्त आवंटन नहीं किया गया है, जिससे राज्य के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**शिक्षा बजट की घोषणा बेहद सराहनीय : फादर केएस कासिमिर**

एक्सएलआरआई के दिल्ली एनसीआर कैंपस के निदेशक फादर केएस केसिमिर ने बजट में शिक्षा बजट की घोषणा के साथ, हम एक उज्ज्वल और अधिक न्यायसंगत भविष्य को आकार देने के लिए हमारे देश की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण देख रहे हैं। यह बजट इस समझ को दर्शाता है कि शिक्षा प्रगति की आधारशिला है क्योंकि यह न केवल बुनियादी ढांचे और डिजिटल शिक्षा को बढ़ाता है।

**मध्यम वर्ग को आयकर में भारी छूट सराहनीय : मनोज सिंह**

खादी ग्रामोद्योग आयोग (पूर्व क्षेत्र), भारत सरकार, के सदस्य एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने आम बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग के लिये आयकर छूट की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख करके शानदार तोहफा दिया है।

**विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा बजट : अमरप्रीत सिंह काले**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2025-26 का आम बजट देश की आर्थिक प्रगति को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने वाला है।

# मोहरदा जलापूर्ति के लिए बनेगा नया इंटेक वेल : पूर्णिमा साहू

- विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण
- शुद्ध और सतत जलापूर्ति हेतु दिए कई आवश्यक सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो



मोहरदा जलापूर्ति योजना का निरीक्षण करती और जानकारी लेतीं विधायक पूर्णिमा साहू दास।

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा जलापूर्ति योजना से स्थानीय निवासियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में आ रही बाधाओं का निरीक्षण किया। शनिवार को उन्होंने मोहरदा स्थित परियोजना स्थल का दौरा किया और सर्वश्रेष्ठ शुद्ध एवं निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के बाद, विधायक ने जिला प्रशासन से जल परियोजना स्थल पर सेटलिंग पॉन्ड, गेट और बाउंड्री वॉल के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि सेटलिंग पॉन्ड के निर्माण से बारिश और गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

**वर्तमान स्थिति:** वर्तमान में सेटलिंग पॉन्ड के अभाव में, स्वर्णरेखा नदी से सीधे पानी लिया जाता है और इसे मोहरदा के सेपरेशन टावर में संग्रहित किया जाता है। वहां शुद्धिकरण प्रक्रिया के बाद यह पानी स्थानीय निवासियों को आपूर्ति किया जाता है।

**सेटलिंग पॉन्ड के लाभ:** जल भंडारण की क्षमता बड़ी होगी, जिससे बारिश के मौसम में स्वच्छ जल आपूर्ति हो पाएगी। गर्मी के मौसम में पर्याप्त जल भंडार उपलब्ध रहेगा, जिससे जल संकट नहीं होगा। जल को शुद्ध करने की प्रक्रिया बेहतर होगी और प्रदूषित जल की आपूर्ति पर रोक लगेगी।

विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से इस परियोजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, विधायक ने जिला योजना समिति में इस मांग को उठाने की घोषणा की है और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

**नये इंटेक वेल की मांग:** विधायक ने राज्य सरकार से स्वर्णरेखा नदी में एक नया इंटेक वेल बनाने की भी मांग की है, जो वर्तमान इंटेक वेल से 50 फीट की दूरी पर होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान इंटेक वेल नदी के किनारे पर स्थित है, जिससे मानसून में प्रदूषित जल संग्रहित होता है और गर्मियों में पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। नई इंटेक वेल को नदी के मध्य में बनाया जाएगा, जिससे बारिश में स्वच्छ जल और गर्मी में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## बागबेड़ा का कचरा निष्पादन की समस्या विधानसभा में भी उठेगा : संजीव सरदार

- बागबेड़ा को कचरा मुक्त के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को पोटका विधायक ने दिया भरोसा



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बागबेड़ा कॉलोनी एवं बागबेड़ा के सातों पंचायत क्षेत्र से कचरा उठाव कर कचरा निष्पादन करने हेतु एक सुनिश्चित जगह चयन के लिए बागबेड़ा कॉलोनी के पंचायत प्रतिनिधि सुनील गुप्ता एवं उप मुखिया संतोष ठाकुर के नेतृत्व में संयुक्त रूप से एक प्रतिनिधि मंडल पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार से मिलकर मांग पत्र सौंपे हैं। सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि बागबेड़ा के सातों पंचायत में कचरो का ढेर है। कचरा उठाव कर कचरा निष्पादन का कहीं भी सुनिश्चित जगह नहीं होने के कारण संक्रामक बीमारियों फैलने की आशंका बनी रहती है। इस कारण कचरा निष्पादन का सुनिश्चित जगह चयन के लिए विधानसभा में उठाने की बात कही गई है। ताकि कचरा निष्पादन की सुनिश्चित जगह की समस्या से निजात मिल सके।

# केंद्रीय बजट 2025 का विधायक पूर्णिमा साहू ने किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



पूर्णिमा साहू दास।

जमशेदपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025 को ऐतिहासिक बताते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह बजट देश के भविष्य को मजबूत करने वाला है। यह बजट महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार और आर्थिक समृद्धि का सशक्त दस्तावेज है। जिसमें मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक के आय को कर मुक्त करने, 5 लाख महिलाओं और नए उद्यमियों को टर्म लोन की सुविधा, सशक्त आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत 8 करोड़ बच्चों को समर्थन, 5 आईआईटी में बुनियादी ढांचे का विस्तार, नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन के तहत उद्योगों को बढ़ावा, स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी की सीमा बढ़ाकर 20 करोड़, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख, इस वर्ष मेडिकल कॉलेजों में 10,000 सीटें, 5 वर्षों में 75,000 सीटें, 36 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट, 6 दवाओं पर 5% शुल्क जैसी महत्वपूर्ण लोककल्याणकारी घोषणाएं सराहनीय और ऐतिहासिक है। निश्चित तौर पर यह जनकल्याणकारी निर्णय से मध्यम वर्ग सहित देश का जन-जन लाभान्वित होगा। पूर्णिमा साहू ने कहा कि बजट में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाये गये हैं।

# पारंपरिक खेती छोड़ स्ट्रॉबेरी की खेती से बैजू हेंब्रम ने बदली अपनी किस्मत

- अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणास्रोत, सालाना लाखों की कर रहे हैं आमदनी

खबर मन्त्र ब्यूरो



बागवानी की दिशा में एक नई पहचान बनायी है।

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ प्रखंड अंतर्गत मौदाशोली पंचायत के चुरगोड़ा गांव में रहने वाले बैजू हेंब्रम एक युवा प्रगतिशील किसान हैं। अपनी 4 एकड़ रैयती भूमि पर मेहनत और उद्यान विकास विभाग के सहयोग से बैजू ने पारंपरिक फसलों से शुरू होकर बैजू ने ऑर्गेनिक खेती और उच्च मूल्य वाली फसलों में कदम रखते हुए अपनी आय को न केवल बढ़ाया बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। बैजू ने अपने खेतों में शिमला मिर्च, बैंगन, टमाटर, भिंडी, करेला और खीरा जैसी फसलों की खेती करते हुए शुरूआत की। उनकी मेहनत और फसलों की गुणवत्ता ने उन्हें अच्छे परिणाम दिये।

## धर्मसंस्था मंदिर में प्रीति समारोह शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। चल रहे 77वें धर्म संस्था प्रीति समारोह में, आज श्री धर्म संस्था मंदिर, बिष्टुपुर में 77वां प्रीति समारोह पूजा पारंपरिक महा गणपति हवन के साथ शुरू हुई। बाद में आए हुए वेद पंडितों ने सभी देवताओं के लिए कलश स्थापित किए और मूल मंत्र जाप किया और मंदिर के सभी देवताओं के लिए हवन किया। फिर हवन में पूर्णाहुति दी गयी। सभी पूजा और हवन मुख्य पुजारी विजय भानु के मार्गदर्शन में मंदिर के अध्यक्ष श्री पीएन शंकरन ने किये। महाआरती के बाद मंदिर के सदस्यों ने भक्तों को प्रसाद दिया। शाम को, एक बार फिर महा दीपाराधना की गई, जबकि वेद पंडितों ने रुद्र क्रमार्चन और वेदों का जाप किया। आज जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय और सरायकेला- खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला ने मंदिर का दौरा किया, जिन्हें मंदिर के अध्यक्ष श्री पीएन शंकरन भी थे।

# उम्मीद से ज्यादा अच्छा बजट, देश तेजी से विकास करेगा : विजय आनंद मूनका

- सिंहभूम चैम्बर में देश के केंद्रीय आम बजट-25 का सीधा प्रसारण

खबर मन्त्र ब्यूरो



आम बजट की घोषणाओं से खुश होकर ताली बजाते अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व उनके सहयोगी पदाधिकारी।

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा केन्द्र सरकार के द्वारा पेश किये गये यूनियन बजट-2025-26 का सीधा प्रसारण का आयोजन चैम्बर भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से किया गया। इस दौरान काफी संख्या में वित्त एवं कर विशेषज्ञ उपस्थित रहे जिन्होंने इस बजट से व्यापार, उद्योग एवं आम आदमी पर पड़ने वाले असर पर चर्चा कर अपनी राय दी। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि सिंहभूम चैम्बर के द्वारा तीन महीने बजट पूर्व सुझाव माननीय केन्द्रीय वित्त श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजा गया था। इन सुझावों पर गौर करते हुये अधिकतर बिन्दुओं को इस बजट में समाहित किया गया है। इसके लिये हम केंद्र सरकार एवं वित्त मंत्री को धन्यवाद देते हैं। अध्यक्ष ने बताया कि चैम्बर ने अपने सुझाव में व्यक्तिगत छूट की सीमा को 10 लाख तक करने की मांग की थी लेकिन उससे भी ज्यादा से बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया जो सराहनीय है। वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त छूट दी गई है, यह मध्यम वर्ग जो देश की रीढ़ की हड्डी है कि लिये बहुत ही खुशी की बात है। टीडीएस का सरलीकरण किया गया है। देश में रोजगार उत्पन्न करने वाले एम.एस.एम.ई. सेक्टर को काफी रियायतें दी गई। इस देश को विकसित भारत बनाने के लिये इस बजट में कदम उठाये गये हैं। बजट को देखने से लगता है ये देश को विकास की राह पर ले जाने वाला बजट है।

**आम बजट में भारत के समग्र विकास का सशक्त दृष्टिकोण : एमडी केडिया**

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया ने कहा कि इस बजट में भारत के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। पिछले दस वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था की तीव्र प्रगति और संरचनात्मक सुधारों ने वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को मजबूत किया है।

## एक नजर में

### कर्मचारी और माध्यम वर्गीय के लिए बजट : गांगुली



आदित्यपुर। कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शशांक गांगुली ने इस बजट को कर्मचारी और माध्यम वर्गीय के लिए संतोष जनक बताया है। 12 लाख 75 हजार तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा ये एक बड़ी खबर है इसके साथ इनकम टैक्स बिल अलग से पेश की जाएगी, उससे भी कर्मचारी और माध्यम वर्ग को बहुत उम्मीद है। श्री गांगुली ने कहा पेंशन भोगियों को इंटरेस्ट इनकम पर 1 लाख तक की छूट दी गई है।

### डीसी ने पीपुल्स एकेडमी, बाराद्वारी में संचालित पुस्तकालय का जायजा लिया



जमशेदपुर। बाराद्वारी स्थित पीपुल्स एकेडमी में शिक्षा विभाग द्वारा नि:शुल्क संचालित लाइब्रेरी का डीसी अनन्य मित्तल द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजूमदार, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आशीष पांडेय उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी का रखरखाव, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकों की उपलब्धता, बच्चों के उपस्थिति आदी की जानकारी ली। निरीक्षण को लेकर डीसी ने बताया कि लाइब्रेरी को कैसे बेहतर किया जा सकता है तथा अन्य क्या-क्या सेवाएं दी जा सकती हैं ताकि शहर के बच्चे यहां पर आकर पढ़ाई कर सकें और नियमित पढ़ने का आदत डाल सकें इसकी समीक्षा की गई। वर्तमान में दो बड़े हॉल में लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है जिसमें 40-50 बच्चे प्रतिदिन आते हैं, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं के समय यह संख्या 70-80 की होती है। लाइब्रेरी के आधारभूत संरचना को और बेहतर करने के लिए तथा और बच्चों की सुविधाओं में बढ़ोतरी के सम्बंध में और क्या-क्या किये जा सकते हैं इसपर विमर्श किया गया तथा जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में बिदाई समारोह



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 12वीं के छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह अकादमी निदेशक दिलीप महतो विद्यालय के समस्त शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। विद्यालय के सभागार में छात्रों ने विद्यालय में बीते खट्टे-मीठे यादों को साझा किया साथ ही कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गई। विभिन्न परिधानों में आए छात्रों ने रैंप वॉक कर अपनी व्यक्तित्व को दिखाया। शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद एवं आशीष वचनों से विदाई दी। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

### बी.कॉम के छात्र शुभम आदित्य को कोल्हान विवि में मिला गोल्ड मेडल



गम्हरिया। एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया के बी.कॉम के छात्र शुभम आदित्य ने कोल्हान विश्वविद्यालय में सत्र 2021-24 में प्रथम स्थान लाकर स्वर्ण पदक हासिल किया है। उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कॉलेज की ओर से समारोह आयोजित कर प्रशस्ति पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ ई.ए. फ्रांसिस ने शुभम को बधाई देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि कॉलेज की मजबूत शैक्षणिक संस्कृति को दर्शाती है, जिसने लगातार शीर्ष रैंकिंग वाले छात्रों को जन्म दिया है। इस मौके पर पुष्मिता ने पढ़ाई के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### आम बजट को भाजपा महानगर अध्यक्ष ने सराहा



जमशेदपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 का भाजपा जमशेदपुर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सराहना करते हुए प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है और इसमें हर वर्ग को शामिल किया गया है। सुधांशु ओझा ने बजट को मध्यम वर्ग की आमदनी बढ़ाने, खर्च घटाने, क्रय शक्ति बढ़ाने और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने वाला करार दिया। सुधांशु ओझा ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए आयकर में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है, जिससे उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। इस बजट में मध्यम वर्गीय परिवार के साथ ही हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के आधारभूत ढांचे की परिकल्पना इस बजट में की गई है। उन्होंने कहा कि 12 लाख 75 हजार रुपये तक की आमदनी पर टैक्स में पूरी तरह छूट दी गई है। जो मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है। इसके अलावा किसान, मजदूर, महिला और युवा इन चारों वर्गों का बजट में पूर्ण रूप से ध्यान रखा गया है। साथ ही, टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा देने की बात कही गई है। सीनियर सिटीजन को भी टैक्स में राहत दी गई है।

**समाज के सभी वर्गों को छूने वाला सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट: प्रेम झा**


भाजपा जमशेदपुर महानगर जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को छूने वाला सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में 12 लाख तक के आय को टैक्स फ्री करने, स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये, सरकार के 10,000 करोड़ रुपये के योगदान से स्टार्टअप्स के लिए फंड की व्यवस्था, मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाने का ऐलान और पांच आईआईटी में एडिशनल इंफ्रास्ट्रक्चर, अकाएविसलेंस सेंटर, किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख समेत ईवी को बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 35 एडिशनल चीजों पर से कस्टम ड्यूटी को हटाने एवं कैंसर की दवाओं को सस्ती करने जैसी कई घोषणाएं सराहनीय है।

# आम बजट : सता पक्ष ने की सराहना, विपक्ष ने कहा- लोक लुभावन बजट

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में आम बजट पेश करते ही पक्ष और विपक्ष भी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने में पीछे नहीं रहे। जहां सता पक्ष ने बजट की जमकर सराहना की। वहीं विपक्ष के नेताओं ने आम बजट को लोक लुभावन बताकर अपनी भड़ास निकाली।

### मध्यम वर्ग, युवा, किसान महिलाओं के लिए श्रेष्ठ बजट : आनंद शंकर



चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने आज के बजट को मध्यम व्यवसायियों, सर्विस क्लास, किसानों, युवा स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने वाला तथा महिलाओं के चहुंमुखी विकास का बजट बताया। श्री शंकर ने कहा बजट में विशेष कर 12 लाख तक आय वाले को इनकम टैक्स से मुक्त किया जाना स्वागत योग्य है। इससे सर्विस क्लास के साथ-साथ मध्य व्यवसायियों को काफी राहत मिलेगा।बजट में कई संभावनायें भारत के इकोनामिक ग्रोथ की ओर दर्शाता है।

### विकसित भारत की नयी यात्रा का बजट : विधायक डॉ शशिभूषण



पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया आम बजट स्वागतयोग्य है। ये विकसित भारत की नयी यात्रा का बजट है। उन्होंने कहा कि ये बजट सर्व समावेशी, सर्वस्पर्शी एवं सभी वर्गो के लिये विकास के नये द्वार खोलने का बजट है। देश में निवास करने वाली लगभग 70 से 80 प्रतिशत मध्यमवर्गीय आबादी के लिये बड़ा ऐलान किया गया है।

### सबका साथ सबका विकास वाला बजट



भारत सरकार द्वारा पेश किया गया गया देश के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभायेगा। उक्त बातें डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। कहा कि इससे व्यवसायी एवं उद्यमियों को काफी राहत मिलने वाला है।

### दूरदर्शी बजट, विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करेगा



भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट को आम आदमी का बजट बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्री सिंह ने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है।

### आम जनता व आत्मनिर्भर भारत का है यह आम बजट



भाजपा पलामू जिला कार्यालय मंत्री श्वेतांक गर्ग ने देश के आम बजट को आम जनता का तथा आत्मनिर्भर भारत का बजट बताया। श्री गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र ने हर श्रेणी के नागरिकों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है।

### सभी लोगों को ध्यान में रख पेश किया गया बजट



भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर कहा कि यह बजट युवा, महिला, मध्यमवर्गीय परिवार के हित वाला बजट है। उन्होंने कहा कि प्रति महीना एक लाख रूपये आय करने वाले लोगों को टैक्स में छूट दी गयी है।

### विकसित भारत का संकल्प पूरा करेगा बजट



भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पांकी पूर्वी पूर्व जिप सदस्य लवली गुप्ता ने सदन में मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का आम बजट का रहना किया। बताया कि इस बजट में महिला, गरीब, किसान, युवा, व्यापारी, कृषि व मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।

### आम जनता को राहत देनेवाला है यह बजट



भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने केंद्रीय बजट पर कहा कि यह बजट सभी वर्ग के लोगों के लिए राहत देने वाली एवं स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि इस बजट से कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मध्यम वर्ग सहित सभी लोगों को उचित स्थान प्रदान किया गया है।

### देश का बजट या बिहार का बजट



पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि यह भारत सरकार का बजट था या यह बिहार सरकार का बजट था?

### आम लोगों को लुभानेवाला है बजट



झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सह जिला मंडली के संयोजक राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय बजट देश के कारपोरेट घरानों को लाभ देनेवाला है। इस बजट से देश के आम आवाम व गरीबों को छला गया है। यह लोक लुभावन बजट है।

### बेरोजगार युवा के लिए छलावा बजट



राजद जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान ने कहा कि केंद्रीय बजट में बेरोजगार युवाओं को कहीं कोई जगह नहीं दी गई है। इस बजट से वे अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। मध्यमवर्गीय परिवार व महिलाओं को ठगा गया है।

### पुनः छले गये गरीब किसान : संजीव



झामुमो नेता सह झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने केंद्रीय बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार का बजट छलावा है। इससे पुनः गरीब किसान व मध्यम वर्गीय परिवार छले गये हैं।

### लोक लुभावन बजट है : अविनाश देव



झामुमो नेता सह शिक्षाविद अविनाश देव ने बजट पर कहा कि केंद्रीय बजट में छात्र छात्राओं के विकास के लिए कोई स्थान नहीं दिया गया है। केंद्रीय बजट सिर्फ छलावा है। बजट में गरीब नहीं अमीरों के हित का ख्याल रखा गया है।

### किसान, नौजवान व मध्यम वर्ग का बजट



झारखंड राज्य विवि संविदा शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश पाठक ने बजट को काफी देशहित में लाभकरी बताया। कहा कि इससे छात्र छात्राओं को काफी राहत मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के सीटों में बढ़ोत्तरी सराहनीय है।

### बजट गरीबों के पेट पर लात मार रहा है



राजद प्रदेश महासचिव राजेश रौशन ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट से गरीब, मजदूर लोगों को पेट पर लात मारने का काम किया गया है। भाजपा गरीब विरोधी पार्टी है जो कृषि प्रधान देश में किसानों के लिए कुछ विशेष नहीं लाया है।

### झारखंड के पर कोई फोकस नहीं: सतीश



आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए केंद्रीय बजट में नजर अंदाज किया गया। राज्य के बिकास के लिए व गरीबी रेखा को कम करने के लिये विशेष प्रावधान की जरूरत थी।

### मध्यमवर्ग को रिझाने वाला बजट: राकेश



झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के केंद्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कहा कि बजट ने मिडिल क्लास को रिझाया है। 12 लाख स्लैब पर टैक्स नहीं लगने की बात कही है। इसके फायदे मिडल क्लास को मिलेगा, वे खुश हो जायेंगे।

### नया और सशक्त भारत का बजट



सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम ने कहा कि 2025-26 का बजट यह भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान व स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर देने वाला बजट है। दस वर्षों में दुनिया ने एक नया और सशक्त भारत देखा है, इस बजट से स्पष्ट है कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। विकसित भारत के जनसंकल्प में हर भारतीय को शामिल करते भारत के इस बजट के लिए पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

## स्पीड न्यूज

### युवा, गरीब, महिला-किसान सबको सशक्त करेगा आम बजट: शत्रुध्न सिंह



**पांकी पलामू।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में मोदी सरकार 3.0 पूर्णकालिक आम बजट पेश किया। भाजपा पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने मोदी सरकार की आम बजट पर कहा कि सीतारमण द्वारा पेश बजट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। आम बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

### सरस्वती पूजा में डीजे और अश्लील गानों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



**मोहम्मदगंज।** थाना परिसर में शनिवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ रणवीर कुमार ने की, जबकि संचालन एसआई शेख अमानुल्लाह ने किया। इस दौरान पूजा और मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन की ओर से जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में निर्णय लिया गया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाया जायेगा और अश्लील गानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में एस आई हरेराम सिंह, सुरेंद्र तिवारी, सुबीर किस्कू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध पोस्ते की खेती की गयी नष्ट



**पांकी पलामू।** मनातू थाना क्षेत्र के टंडवा कुशहा टोला में गैरमजरूआ भूमि पर लगभग 1.5 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को मनातू पुलिस, वन विभाग एवं अंचल अधिकारी, मनातू के संयुक्त अभियान के तहत नष्ट किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर हुई, जिसमें संबंधित विभागों की टीम ने पूरी फसल को नष्ट कर दिया।

### पेयजल लाभुकों के घर-घर जाकर जल कर वसूली अभियान चलाया



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पेयजल कर वसूली अभियान के तहत प्रखंड में शुक्रवार को ग्राम ढेला व ग्राम बाबुदुम्मी में बहु ग्रामीण पेयजलापूर्ति लेस्लीगंज के अध्यक्ष सह कुराईनपतरा पंचायत के मुखिया पूनम देवी, विभाग के कनीय अभियंता सुमन कुमार, प्रखंड समन्वयक ओम प्रकाश ने पेयजल लाभुकों के घर-घर जाकर जल कर वसूली अभियान चलाया। अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि बहु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना पेयजल लाभुकों से जल कर वसूल कर ही विभाग से संबंधित कर्मीयों को मानदेय देने व रख-रखाव किया जाता है। इसमें ढेला के जलसाहिया अनीता देवी, बाबुदुम्मी जलसाहिया रेनू देवी, पेयजल कर्मी नीरज सिंह वसूली अभियान में जुटे थे।

### नाई समाज ने लिया एकजुटता का संकल्प



**पांकी पलामू।** राष्ट्रीय नाई महासभा के द्वारा शनिवार को सगालीम स्थित पीरि नदी के पास सामाजिक वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा की गई। मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा जिला अध्यक्ष प्रो बचन ठाकुर ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा की एकजुटता ही हमारी ताकत है। इसे बरकरार रखने के लिए सभी का सहयोग जरुरी है। वनभोज हम सभी को एकजुट होने का हिस्सा है। कहा कि समाज में हम सभी अपने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। साथ ही राजनितिक एवं सामाजिक स्तर पर विचार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिनोद ठाकुर ने की जबकि धन्यवाद ज्ञानपन अमलेश ठाकुर ने किया।

# हुसैनाबाद के दुधिया जंगल से नौ किग्रा का आईडी केन बम बरामद

- पुलिस नक्सलियों के विरूद्ध सर्च अभियान चला रही थी : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देतीं पलामू एसपी व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पांडू, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, विश्रामपुर, लठेया व महुदंड के जंगली व पहाड़ी क्षेत्रों में पुलिस की चार टीम तैयार कर नक्सलियों के विरूद्ध सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसमें उक्त थाना के पुलिस के अलावे झारखंड जगुआर, जैप आठ एवं आईआरबी, डीएसपी सैट की पुलिस शामिल थी। सभी जंगली व पहाड़ी क्षेत्र के सिंघना हाथीदह, लोहबंधा, माहुर, सीताचुआं, डंडीला, घाघरा, मचवादामर, बरवाही समेत विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चला रहे थे। इस दौरान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुधिया जंगल में रास्ते के समीप बरगद के पेड़ के पास एक लगभग नौ किग्रा का केन बम लगाया गया था जिसे पुलिस ने शक के आधार पर सर्च कर निकाला।

**मुख्य बातें :** एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि यह केन बम नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को लक्ष्य कर घटना को अंजाम देने के लिए लगाया था। भाकपा माओवादी के 15 लाख का ईनामी रिजनल कमांडर नीतेश यादव उर्फ इरफान एवं दस लाख का ईनामी जोनल कमांडर संजय यादव उर्फ गोदराय यादव, इम्तेयाज अंसारी उर्फ ठेगन मियां अपने दस्ता के सदस्यों के साथ महुदंड व हुसैनाबाद क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इस सूचना के आलोक में हुसैनाबाद एसडीपीओ मो याकूब के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर सर्च अभियान चलाया जा रहा था।

# गुरुकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय चैनपुर ने मनाया नौवां वार्षिकोत्सव समारोह

- विद्या धन सबसे बड़ी सम्पति : अरुणा शंकर
- प्राइवेट स्कूल का शिक्षा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान : अविनाश वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं मुख्य अतिथि व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर में गुरूकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय चैनपुर में 9 वां वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरूणा शंकर व विशिष्ट अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, पूर्व जिप सदस्य शैलेन्द्र कुमार शैलू ने शुरुआत की। छात्र-छात्राओं ने कला प्रदर्शन किया जिसमें नृत्य, गायन जैसे कला से समां बांधा।

प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि विद्या ही एक ऐसा धन है जो सब छिन जाने के बाद भी काम आती है। विद्या धन सबसे बड़ी सपंत्ति है। विद्या दान करने से बढ़ता है। विद्या का बंटवारा नहीं किया जा सकता है। अविनाश वर्मा ने कहा कि प्राइवेट स्कूल ही सुदुर क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं जो कि शिक्षा के क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान है।

# प्रेमनाथ बने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य

- अध्यक्ष सचिव समेत शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रभारी प्राचार्य संजय सिंह की सेवानिवृति के बाद शहीद भगत सिंह कॉलेज जपला के वरीय व्याख्याता प्रेमनाथ को शासी निकाय के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार सिंह यादव तथा अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा के आदेशानुसार प्रभारी प्राचार्य का पदभार दिया गया। नये प्रभारी प्राचार्य को कॉलेज के अंतरिम सचिव, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने शॉल एवं माला देकर स्वागत किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी अरविंद सिह, कृष्ण सिंह, शंभू शरण सिंह, संजय सिंह, नागेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, अनिल सिंह, कंचन सिंह, आकाश कुमार सिंह, मो मुरुसीद, अमित रंजन मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, दिग्विजय सिह आदि थे।



प्रभारी प्राचार्य का स्वागत करते शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी।

# पूर्वडीहा की प्रेरणा बनी डॉक्टर एम्स पटना में सेकेंड टॉपर बनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्वडीहा के दिवाकर दूबे की सुपुत्री प्रेरणा कुमारी ने 4 साल की कड़ी मेहनत कर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की तथा डॉक्टर की उपाधि हासिल की। दो भाई बहनों में छोटी प्रेरणा बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रही है। 10वीं की पढ़ाई डीएवी डालटनगंज और 12वीं डीएवी कपिलदेव रांची से की तथा डॉक्टर बनने का रास्ता चुनी। जनवरी 2025 में फाइनल परीक्षा में प्रेरणा ने एम्स पटना से सेकेंड टौपर बनकर शल्य चिकित्सा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ में डाक्टर बनी। प्रेरणा के पिता श्री दिवाकर दूबे सीओ हैं और वर्तमान में बोकारो चास में पदस्थापित हैं तथा माता गृहिणी हैं। अपनी सुपुत्री के इस सफलता पर बहुत खुश नजर आये। इस विषय पर बात करते हुए पूर्वडीहा के समाजसेवी विकास दूबे ने बताया कि यह पूरे गांव के लिए गौरव की बात है आज गांव में खुशी का माहौल है।



प्रेरणा को सम्मानित करते अतिथि।

### समावेशी व विकासोन्मुख बजट है : ऋषिकेश दूबे




**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय जीवन बीमा संघ के पलामू अध्यक्ष सह लाइफ मेंबर फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने कहा कि यह बजट एक समावेशी और विकासोन्मुख बजट है जिसमें समाज के हर वर्ग लाभान्वित करने की कोशिश की गई है। आयकर सीमा को 12 लाख तक करना एक स्वागत योग्य कदम है इससे मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी।

### उपडाकघर का स्थान परिवर्तित



**मोहम्मदगंज।** उपडाकघर मोहम्मदगंज जपला मेन रोड में चंद्रबहादुर सिंह के रविवारीय बाजार स्थित नये भवन में शिफ्ट हो गया है। उपडाकपाल रत्नेश कुमार ने कहा कि नये भवन में क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। बदलते दौर में डाक विभाग से पत्र-पार्सल के साथ सरकार की योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। मोहम्मदगंज उप डाकघर में लोगों को डाक, पार्सल मदों की बुकिंग, बचत, बीमा, आईपीपीबी व अन्य सारी सुविधाएं मिलेंगी।

### त्रिवेणी में मृत लोगों के लिए की गयी प्रार्थना



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने प्रयागराज त्रिवेणी में स्नान कर बीते मंगलवार को महाकुंभ में भगदड़ में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके साथ ही हादसे में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसके बाद अजमेर शरीफ स्थित ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में चादरपोशी कर महाकुंभ में भगदड़ हादसे के मृतकों को जन्नत में आला मुकाम अता करने, हिंदुस्तान में अमन और भाईचारा कायम रहने की दुआ करायी।

# मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ प्रारंभ

- श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड के हलुमाड़ गांव में शनिवार से माता सरस्वती की मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ प्रारंभ हो गया। यज्ञ कार्यक्रम 1 फरवरी से 4 फरवरी तक चलेगा। शनिवार को बाजे- गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कलश यात्रा हलुमाड़ के सखुवाटांड टोला स्थित सरस्वती मंदिर से लेदवाखांड़ दुमुहान पहुंचा, जहां श्रद्धालु भक्तों ने विधि विधान से कलश में जल भरकर मानासोती, हलुमाड़, होते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे। कलश यात्रा में जिप सदस्य सुधा कुमारी, उप प्रमुख कामाख्या यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर राम, डॉ अशोक राम, भीष्म चौरसिया, अमलेश चौरसिया आदि थे।

### बीमारी से लड़ने में सबका योगदान महत्वपूर्ण हैं: एसडीएम

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय के मुख्य सभागार में एसडीएम गौरांग महतो समेत अनुमंडल के तीनों प्रखंडों के सीओ व बीडीओ समेत कई अधिकारियों ने कुष्ठ निवारण के जागरूकता व रोकथाम की शपथ ली। अध्यक्षता एसडीओ गौरांग महतो ने किया, वंही अनुमण्डल स्वास्थ्य प्रोग्राम पदाधिकारी विभूति प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ जागरूकता अभियान और कुष्ठ खोजी अभियान, 31 जनवरी से 14 फरवरी तक प्रत्येक गांव में चलेगा।

# प्रधान डाकघर में बनाया जा रहा आधार कार्ड : पोस्टमास्टर रूपेश

- आधार कार्ड में सुधार और बायोमेट्रिक कराना अनिवार्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के प्रधान डाकघर में बच्चों का आधार कार्ड बन रहा है। साथ ही आधार में सुधार और बायोमैट्रिक भी हो रहा है। यह जानकारी प्रधान डाकघर में पदस्थापित पोस्टमास्टर रूपेश वर्मा ने दी। बताया कि पलामू जिला के लोग आधार कार्ड बनवाने व उसमें सुधार कराने के लिए जहां-तहां भटककर परेशान होते हैं। अपील की है कि प्रधान डाकघर आकर कार्य करा सकते हैं। प्रधान डाकघर में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक काम हो रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार की सेवाएं दी जा रही है। 5 साल के बच्चे का निःशुल्क आधार बनाना, मोबाइल नंबर जोड़ना, पता परिवर्तन करना, जन्मतिथि में सुधार करना, जिनका भी आधार कार्ड बनें हुए 10 साल हो गया है उन्हें एक बार अपना बायोमेट्रिक करना अनिवार्य है।

### हृदयाघात से ग्रामीण चिकित्सक का इंतकाल



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के बंजारी मुहल्ला निवासी ग्रामीण चिकित्सक समाजसेवी डॉ महबूब आलम अंसारी की हृदयाघात से शनिवार को मौत हो गयी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। मृतक का पुत्र खालीद अंसारी ने बताया कि सुबह में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल औरंगाबाद ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। उनकी मौत की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में लोग आवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। लोग उनके मृदुल स्वभाव और सेवा भावना की तारीफ कर रहे हैं। बाद में रात 8 बजे बंजारी कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। चिकित्सक की मौत पर कई लोगों ने शोक संवेदना भी प्रकट की है।

# शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर सदर थाना में बनायी गयी रणनीति

- आपसी सौहार्द के साथ मनायें पूजा : थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शांति समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में दोनों समुदाय के अलावे कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में सरस्वती पूजा को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने समेत विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों ने पुलिस प्रशासन को उपद्रवियों पर नकेल कसने, शराब मदीरा का सेवन करनेवालों तथा पूजा में हुड़दंग मचानेवाले लोगों को चिंहित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा सदर थाना क्षेत्र के गांव टोलों में पुलिस गश्ती बढ़ाने का सलाह दिया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने लोगों से मिले सुझावों पर कहा कि उन तमाम बिंदुओं पर पुलिस तन्मयता के साथ कार्य करेगी। साथ ही पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती करते हुए गश्ती दल को सक्रिय किया जायेगा। उन्होंने पूजा कमिटी के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि पर्व को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनायें। कानून का पालन करें। उन्होंने राज्य सरकार व उच्च न्यायालय द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश को बताते हुए कहा कि डीजे बजाने पर पूर्णतः पाबंदी की गई है। इसलिए पूजा कमिटी के लोग डीजे ना बजायें। साथ ही समाज में विद्वेष फैलाने वाला गाना न बजायें। सभी को ध्यान में रखते हुए पूजा मनायें। कानून से खिलवाड़ करनेवालों के विरूद्ध पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। बैठक में एससी एसटी प्रभारी, एएसआई आनंद सिंह, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई पंकज तिवारी, भरत भूषण समद, तिलेश्वर रजक, रामनवमी पूजा कमेटी सुआ कौड़िया जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, अनवर अंसारी भी मौजूद थे।

# कमलेश्वरी प्रसाद का गृह रक्षा वाहिनी में कार्यकाल अतुलनीय : निरीक्षक अनुज झा

- कंपनी कमांडर कमलेश्वरी का कार्यकाल प्रेरणादायक : पल्लवी

**अजीत कुमार दूबे**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय के प्रांगण में जन कल्याण ट्रस्ट ने कंपनी कमांडर कमलेश्वरी प्रसाद यादव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें श्री यादव को विदाई देकर इनके उज्ज्वल भविष्या की कामना की गयी। मुख्य अतिथि गृह रक्षा वाहिनी के निरीक्षक अनुज कुमार झा, कंपनी कमांडर रोहित कुमार सिन्हा, कंपनी कमांडर जावेद इकबाल अंसारी, जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार, संगठन के केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, सचिव नंदलाल दुबे शामिल थे।



सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर को विदाई देते पदाधिकारी व अन्य।


**मुख्य बातें :** मुख्य अतिथि अनुज झा ने कहा कि कंपनी कमांडर कमलेश्वरी प्रसाद यादव अपनी सेवा काल में अधिक समय धुर्वा ट्रेनिंग सेंटर में बिताया। इन्होंने 10 हजार होमगार्ड जवानों को प्रशिक्षित कर योग्य बनाया है। उन्होने कहा कि श्री कमलेश्वरी 30 वर्षो तक देश की सेवा कर विभाग का नाम रौशन किया है। इनका सेवा विभाग में अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में बेदाग सेवानिवृत होना बड़ी बात है। इनके कार्यो से अन्य पदाधिकारियों को सीख लेने की जरूरत है। इन्होंने गणतंत्र दिवस पर महिला प्लाटून का सफल नेतृत्व किया। महिला जवान पल्लवी पांडेय ने कहा कि कंपनी कमांडर कमलेश्वरी का कार्यकाल प्रेरणादायक है। इनके साथ बिताए हुए समय को भूल नहीं सकते। कमलेश्वरी यादव सभी के प्रेरणाश्रोत हमेशा बने रहेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दूबे ने कहा कि कंपनी कमांडर कमलेश्वरी यादव के कार्यो से पदाधिकारियों व कर्मियों को सीख लेने की जरूरत है। ट्रस्ट के संगठन सचिव नंदलाल दुबे ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर ट्रस्ट के सदस्य पवन कुमार बैठा ,जयदेव कुमार, विकास महतो, समाजसेवी तुलसी यादव, महिला बाल पूनम कुमारी ,अभय कुमारी ,सरिता कुमारी, निरुपमा सिंह आदि मौजूद थे।

# 47 केंद्रों पर मैट्रिक व 23 केंद्रों पर होगी इंटर की होगी परीक्षा

## डीसी ने कदाचारमुक्त परीक्षा कराने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में 11 फरवरी से आयोजित वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा व केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी ने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए अपना कलैंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार आगामी 11 फरवरी से परीक्षा शुरू होगी। माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 11 फरवरी से 03 मार्च तक क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पाली में संचालित की जाएगी। इसको लेकर डीसी ने शिक्षा पदाधिकारी को परीक्षा केंद्रों पर पहुंच पथ की व्यवस्था, सभी केंद्रों पर सीसीटीवी अधिष्ठापान, डेस्क-बेंच की व्यवस्था, स्कूल बाउंड्री को दुरुस्त करने आदि का निर्देश दिया। डीसी श्री जमुआर ने मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संचालित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक के दौरान इस बात का स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा में कदाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीसी ने बताया कि माध्यमिक परीक्षा के लिए जिले में कुल 47 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कदाचार करते पाये गये परीक्षार्थी के विरुद्ध झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के कदाचारमुक्त वातावरण में सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुदृढ़ व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के तीनों अनुमंडल पदाधिकारी अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी एवं नियंत्रण रखेंगे। साथ ही अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन उनका व्यक्तिगत दायित्व होगा।




बैठक करते डीसी

## अन्नराज डैम को पर्यटन तथा इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से किया जायेगा विकसित : अलका

**गढ़वा।** मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार अलका तिवारी ने शनिवार को गढ़वा जिले के अन्नराज डैम का भ्रमण किया। इस दौरान वहां की मुखिया कौशल्या देवी ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अन्नराज डैम पहुंचने के बाद उन्होंने डैम में पर्यटन के विकास व इको टूरिज्म के संबंध में जानकारी हासिल की और सुझाव लिए। मौके पर मुख्य सचिव ने डैम के अन्य क्षेत्रों में भी पर्यटन के विकास पर फोकस करने की बात कही तथा इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि डैम में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। प्रकृतिक दृष्टिकोण से यह जगह बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। इस डैम से आस पास के 250-300 गांव में सिंचाई की जा रही है।

## सेवानिवृत पंचायत सचिव को दी गयी विदाई



विदाई देते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के मोरबे पंचायत में पद स्थापित पंचायत सचिव रविंद्र नाथ दुबे 31 जनवरी को सेवानिवृत हुए। जिसको लेकर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में पंचायत भवन में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ललन प्रसाद सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फूल माला पहनकर एवं अंग वस्त्र सहित अन्य उपहार देकर पंचायत सचिव को विदा किया। इस दौरान ही नवपदस्थापित पंचायत सचिव जय प्रकाश जयसवाल को स्वागत किया। इस दौरान पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह ने कहा कि पंचायत सचिव रविंद्र नाथ दुबे हमारे पंचायत में लगभग ढाई वर्ष रहे और उन्होंने सभी लोगों के साथ सही समन्वय बनाकर काम किया और पंचायत को विकसित करने में भरपूर सहयोग किया।

यह कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि रविंद्र नाथ दुबे सभी लोगों से जुड़े हुए थे यह बहुत ही बड़ी बात है। सेवा निवृत रविंद्र नाथ दुबे ने कहा कि यहां हमें मान सम्मान के साथ अच्छा सहयोग मिला जिससे मैं यहां के लोगों के कार्यों को निष्पादन किया। यहां के लोगों को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। वहीं नव पदस्थापित पंचायत सचिव जयप्रकाश जायसवाल ने कहा कि लोगों के सहयोग से में पंचायत को विकसित करने में भरपूर कोशिश करूंगा।

### सेवानिवृत पंचायत सचिव को दी गयी विदाई

**भवनाथपुर।** प्रखंड सभागार में शनिवार को विदाई समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पंचायत सचिव अजित कुमार को भावभीनी विदाई दी गयी। बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह और सह कर्मियों ने उपहार देकर विदाई दी।

## जमीनी विवाद में दो गिरफ्तार

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्शी गांव निवासी रामदास राम उम्र करीब 65 वर्ष पिता स्व. महेश राम एवं अरविंद कुमार गौतम उम्र 28 वर्ष पिता रामदास राम को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने धुरकी थाना में लिखित आवेदन के आधार पर दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर भिक्षाटन अभियान की शुरूआत



कार्यक्रम में सचिव विकास कुमार माली

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर भिक्षाटन अभियान की शुरूआत की गई। सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली के नेतृत्व में यह अभियान शनिवार को विभिन्न पंचायतों में चलाया गया, जहां लोगों से विवाह आयोजन के लिए आर्थिक सहयोग मांगा गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग प्रदान किया। सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि 251 कन्याओं का विवाह केवल एक व्यक्ति के प्रयास से संभव नहीं है, इसके लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि विवाह कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी गांव में ऐसी कन्याएं हैं जिनका विवाह आर्थिक कारणों से रुका हुआ है, तो वे कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यालय में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। संस्था उन्हें सामूहिक विवाह के दौरान मिलने वाले लाभ प्रदान कराया जाएगा।

## आजाद हिंद फुटबॉल टूर्नामेंट पर पीपरखांड़ का कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत टड़हे पंचायत भवन मैदान पर आयोजित आजाद हिंद क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 2 का फाइनल मुकाबला कांडी एवं पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के पिपरखांड़ टीम के बीच खेला गया। इस दौरान निर्धारित 35-35 मिनट के खेल में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन दोनों टीमें बराबरी पर रही। इसके बाद निर्णायक मंडली द्वारा पांच मिनट का समय दिया गया। जिसमें पीपरखांड़ की टीम ने एक गोल दागकर शील्ड जीत लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने विजेता टीम के कैप्टन को शील्ड प्रदान किया। मौके पर विधायक ने कहा कि दोनों तरफ के खिलाड़ी हमारे ही विधानसभा क्षेत्र के हैं या बहुत खुशी की बात है। सभी खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा खेला। उन्होंने दोनों ओर के खिलाड़ियों को उनके शानदार खेल पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेलने में हार जीत लगा रहता है। यह देखना चाहिए कि खेल कैसा हो रहा है। साथ ही मैदान छोड़कर भागना यह अच्छी बात नहीं होती है। वहीं पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह खेल के आयोजन कर्ता कृपाल सिंह ने कहा कि जिस तरह से मुझे लोगों का सहयोग मिला है मैं बहुत खुश हूं और मैं निरंतर अपने पंचायत क्षेत्र में टूर्नामेंट कराते रहूंगा और साथ ही साथ पंचायत क्षेत्र को विकसित करूंगा। मौके पर पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, एस आई चंदन प्रधान, नसीम अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम शंकर दुबे, महताब आलम, रमेश पासवान, इंदल सिंह, इंतखाब खान, फुलेश्वर राम, वीरेंद्र सोनी, सत्येंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख बबन सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।



शील्ड देते विधायक

## लीगल लिटरेसी सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत उच्च विद्यालय अरंगी में लीगल लिटरेसी सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पीएलवी रामा शंकर चौबे ने गीत के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया तथा पर्यावरण, साइबर क्राइम के बारे में बताया। पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे ने उच्चतर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग, नशा उन्मूलन, बच्चों से नशा का व्यापार करना जुर्म है, 18 साल से कम उम्र के बच्चे को ड्राइविंग करना प्रतिबंध है पकड़े जाने पर अभिभावक पर जुमार्ना का प्रावधान है बाल विवाह, की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने घरेलू हिंसा, शिक्षा का अधिकार बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, सड़क सुरक्षा के बारे में बताया। पीएलवी उदय मेहता ने अनुशासन, शिष्टाचार विद्यालय में पढ़ाई के रूटीन पर चर्चा किया। पीएलवी रविंदर यादव ने बाल मजदूरी सहित अन्य कानूनी जानकारी दी।

## कार्यालय अधीक्षक की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में कार्यालय अधीक्षक उमाकांत पाण्डेय के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि जिला प्रशासन परिवार उनके अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा भावना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है और उनके स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। सरकारी सेवा में यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती हैं। इससे पूर्व डीसी ने पुष्पगुच्छ देकर तथा सॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत होने पर श्री पाण्डेय ने कहा कि जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए अपने कर्मक्षेत्र में संघर्ष अवश्य करें तथा अपने कार्य दायित्व का सही तरीके से पालन करें। आपके कार्यों से ही आपकी पहचान होती हैं, आपके कार्यालय कि पहचान होती हैं। इस दौरान उमाकांत पाण्डेय के साथ उनके बड़े भाई, उनकी पत्नी, बच्चे शामिल हुए। मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक अलख पाण्डेय, स्थापना प्रधान सहायक प्रमोद कुमार, निर्वाचन प्रधान सहायक त्रिगुण पाण्डेय, प्रधान सहायक जिला खनन विजेंद्र कुमार, कार्यालय प्रधान डीआरडीए मिथिलेश कुमार, डीआरडीबी सहायक मधु, स्थापना सहायक रेनू, विधि शाखा से फारुकी, डीआरडीबी नाजिर कुमार गौरव, जिला परिषद से श्लोक सिंह सहित अन्य समाहरणालय के कर्मी उपस्थित थे। वहीं दूसरे विदाई सह सम्मान समारोह में जिला नियोजनालय सह कौशल कार्यालय के बड़ा बाबू सुधेश कुमार मेहता को उनके सेवानिवृत होने पर जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा नीरज कुमार तथा जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार संतोष कुमार ने गुलदस्ता तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।



सम्मानित करते डीसी

## छेड़खानी के आरोप में अभियुक्त के साथ पीड़िता की मां गिरफ्तार

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 15 वर्षीया नाबालिग लड़की के साथ हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त और पीड़िता की मां को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता के द्वारा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया। जिसमें पीड़िता के द्वारा आरोप लगाया गया कि रंगनाथ यादव उर्फ रघुनाथ यादव, पिता गजल यादव थाना कांडी एवं पीड़िता की मां के द्वारा जबरदस्ती अश्लील कार्यों को करते हुए दिखाया गया, तथा रंगनाथ यादव के द्वारा अकेला देखकर धड़-पकड़ कर गलत करने का प्रयास किया गया है। वहीं इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि पीड़िता के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार, समाहरणालय, खूँटी**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

पत्रांक–22(ii)
दिनांक–29.01.2025

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम मसमानो थाना– कर्रा थाना सं0 97 अंचल कर्रा जिला खूँटी में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना हटिया लोधमा कर्रा खूँटी पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम मसमानो थाना– कर्रा थाना सं0 97 अंचल कर्रा जिला खूँटी के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए कमोबेश **3.2025** एकड़ यानि **1.296006** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है।

ग्राम मसमानो थाना– कर्रा थाना सं0 97 अंचल कर्रा जिला–खूँटी का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल एकड़ में | अर्जन की जाने वाली भूमि की चौहदी उ0द0पू0प0 | भूमि का वर्गीकरण | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 376 | 0.095 | उ0–376 द0–रास्ता पु0–392 प0–377 | टाँड़ दो | रैयती | संजीत बड़ाईक वो रंजीत बड़ाईक पिता महली बड़ाईक वो मांगो बड़ाईक वल्द कृपा बड़ाईक वो फुदो बड़ाईक पति महादेव बड़ाईक वो अशोक बड़ाईक वो सचीन्द्र बड़ाईक पिता पुरन बड़ाईक |
| 2 | 6 | 626 | 0.015 | उ0–रास्ता द0–626 पु0–668 प0–625 | टाँड़ दो | | |
| 3 | 8 | 418 | 0.03 | उ0– 422 द0–317 पु0–418 प0–रास्ता | टाँड़ दो | रैयती | गोयेंदा पाहन पिता लेदोवा पाहन वो डोबाई पाहन |
| 4 | 13 | 391 | 0.12 | उ0– रास्ता द0–391 पु0–393 प0–390 | टाँड़ दो | रैयती | शंकर कच्छप वो विष्णु कच्छप वो कृष्णा कच्छप वो वल्द रिझा उराँव कच्छप व सुरेश कच्छप वो श्याम सुन्दर कच्छप वल्द लढाउ उराँव वो अमृत कच्छप वल्द सुर्यनारायण कच्छप वल्द रिझा कच्छप वो रिझा कच्छप वो रामा कच्छप वो राकेश कच्छप पेशरान नन्दु उराँव वो अंगनी कच्छप पति महना कच्छप |
| 5 | 20 | 696 | 0.07 | उ0–696 द0–रास्ता पु0–674 प0–690 | टाँड़ दो | रैयती | सीताराम महतो स्व0 इंदु महतो महेश महतो कृष्णा महतो लक्ष्मण महतो वल्द मनु महतो |
| 6 | 20 | 848 | 0.05 | उ0–रास्ता द0–848 पु0–854 प0–841 | टाँड़ दो | | |
| 7 | 23 | 423 | 0.02 | उ0– नदी द0–422 पु0–423 प0–रास्ता | टाँड़ दो | रैयती | गोंगा पाहन रुसवा पाहन वल्द स्व0 सलुवा पाहन |
| 8 | 28 | 755 | 0.34 | उ0–रास्ता द0–755 पु0–841 प0–763 | टाँड़ दो 1 | रैयती | बसंत सारंगी हुनकू सारंगी बिरंचि सारंगी वल्द कपूर सारंगी |
| 9 | 28 | 764 | 0.12 | उ0–रास्ता द0–764 पु0–763 प0–सी कर्रा | टाँड़ दो | | |
| 10 | 42 | 393 | 0.07 | उ0–रास्ता द0–393 पु0–409 प0–391 | टाँड़ दो | रैयती | एतवा धान वल्द रतन मुंडा |
| 11 | 48 | 378 | 0.035 | उ0–378 द0–रास्ता पु0–377 प0–383 | टाँड़ दो | रैयती | दुखु बड़ाईक वल्द मनी बड़ाईक वो बेनी बड़ाईक वो बिरसा बड़ाईक वो बुधनाथ बड़ाईक पेशरान रघुनाथ बड़ाईक वो महली बड़ाईक वल्द मनी बड़ाईक वो मनी बड़ाईक वो धनी बड़ाईक पेशरान लक्ष्मण बड़ाईक |
| 12 | 48 | 385 | 0.05 | उ0– रास्ता द0–385 पु0–386 प0–385 | टाँड़ दो | | |
| 13 | 48 | 621 | 0.09 | उ0–रास्ता द0–621 पु0–624 प0–619 | टाँड़ दो | | |
| 14 | 48 | 762 | 0.005 | उ0–763 द0–762 पु0–755 प0–763 | टाँड़ दो | | |
| 15 | 55 | 619 | 0.04 | उ0–रास्ता द0–619 पु0–621 प0–620 | टाँड़ दो | रैयती | गोंगा पाहन रुसवा पाहन वल्द स्व0 सलुवा पाहन |
| 16 | 55 | 671 | 0.075 | उ0–रास्ता द0–671 पु0– प0–672 | टाँड़ दो | | |
| 17 | 60 | 353 | 0.07 | उ0– 353 द0–रास्ता पु0–352 प0–354 | टाँड़ दो | रैयती | शंकर कच्छप वो विष्णु कच्छप वो कृष्णा कच्छप वो वल्द रिझा उराँव कच्छप व सुरेश कच्छप वो श्याम सुन्दर कच्छप वल्द लढाउ उराँव वो अमृत कच्छप वल्द सुर्यनारायण कच्छप वल्द रिझा कच्छप वो रिझा कच्छप वो रामा कच्छप वो राकेश कच्छप पेशरान नन्दु उराँव वो अंगनी कच्छप पति महना कच्छप |
| 18 | 60 | 354 | 0.02 | उ0– 354 द0–रास्ता पु0–353 प0–356 | परती नाली | | |
| 19 | 60 | 746 | 0.10 | उ0–746 द0–रास्ता पु0–754 प0–सी कर्रा | टाँड़ दो | | |
| 20 | 63 | 386 | 0.040 | उ0–रास्ता द0–386 पु0–388 प0–385 | टाँड़ दो | रैयती | चेरगा होरो वो मनसिद्ध होरो पिता गोमरा पाहन वो बलिया होरो पति सनिका होरो वो मांगु होरो वो जोहन होरो वो समीर होरो पिता रुसुवा पाहन वो मार्सेल होरो वो खिस्टोफर होरो पिता हिलारियुस होरो सुधीर होरो वो सिलारियुस होरो वो जोहन |
| 21 | 63 | 409 | 0.03 | उ0–रास्ता द0–409 पु0–412 प0–393 | टाँड़ दो | | |
| 22 | 63 | 668 | 0.07 | उ0–रास्ता द0–668 पु0–672 प0–626 | टाँड़ दो | | |
| 23 | 64 | 97 | 0.28 | उ0– 97 द0–रास्ता पु0– 90 प0– 100 | दोन दो | | होरो वो राकेश होरो पिता मिखाएल होरो वो डहरू होरो वो जेम्स होरो वो लढाउ होरो वो सुखराम होरो वो सत्तु होरो पिता शिबु पाहन वो गंगा होरो पिता सलुवा होरो वो रंजीत होरो वो अजीत होर पिता कुशल होरो वो बोधन होरो वो अजीत होरो पिता बुधवा होरो वो गोंदला होरो वो चामा होरो वो पिसब होरो वो दशरथ होरो वो अलबर्ट होरो पिता बिरसा होरो वो रसई होरो वो मंगरा होरो वो रोशन होरो पिता चमरा होरो |
| 24 | 64 | 99 | 0.04 | उ0– 99 द0–980 पु0–100 प0–101 | दोन दो | | |
| 25 | 64 | 100 | 0.10 | उ0– 100 द0–रास्ता पु0– 97 प0– 100 | दोन दो | | |
| 26 | 64 | 417 | 0.085 | उ0– रास्ता द0–417 पु0–रास्ता प0–416 | टाँड़ दो | | |
| 27 | 66 | 101 | 0.01 | उ0– 101 द0–980 पु0–99 प0–980 | पत्थर नाला | गैरमजरूआ खास | लढाउ कच्छप पिता रीझा कच्छप |
| 28 | 66 | 352 | 0.06 | उ0– 352 द0–रास्ता पु0–980 प0–353 | परती नाली | | |
| 29 | 82 | 854 | 0.01 | उ0–रास्ता द0–854 पु0–620 प0–848 | टाँड़ दो | रैयती | भुवेश बड़ाइक संतोष बड़ाइक पिता स्व0 जगन्नाथ बड़ाइक व सुष्कांत बड़ाइक लालदेव बड़ाइक वल्द महल बड़ाइक |
| 30 | 85 | 624 | 0.05 | उ0–रास्ता द0–624 पु0–625 प0–621 | टाँड़ दो | रैयती | शंकर कच्छप वो विष्णु कच्छप वो कृष्णा कच्छप वो वल्द रिझा उराँव कच्छप व सुरेश कच्छप वो श्याम सुन्दर कच्छप वल्द लढाउ उराँव वो अमृत कच्छप वल्द सुर्यनारायण कच्छप वल्द रिझा कच्छप वो रिझा कच्छप वो रामा कच्छप वो राकेश कच्छप पेशरान नन्दु उराँव वो अंगनी कच्छप पति महना कच्छप |
| 31 | 95 | 392 | 0.08 | उ0– 392 द0–रास्ता पु0–374 प0–376 | टाँड़ दो | रैयती | सतीश बड़ाइक रंजित बड़ाइक वल्द महली बड़ाइक फुदो देवी पति महादेव बड़ाइक अशोक बड़ाइक सचिंदर बड़ाइक वल्द पूरण बड़ाइक |
| 32 | 101 | 371 | 0.08 | उ0– 371 द0–रास्ता पु0–371 प0–374 | टाँड़ दो | रैयती | नरेश महतो वो दुर्गा महतो वो मन्दु महतो वो प्रदीप महतो पेशरान हरिलाल महतो |
| 33 | 101 | 373 | 0.005 | उ0– 373 द0–रास्ता पु0–371 प0–374 | टाँड़ दो | रैयती | |
| 34 | 101 | 374 | 0.06 | उ0–374 द0–रास्ता पु0–373 प0–392 | टाँड़ दो | रैयती | |
| 35 | 103 | 413 | 0.14 | उ0– रास्ता द0–413 पु0–414 प0–412 | टाँड़ दो | रैयती | शिवशंकर प्रसाद वल्द रामनाथ महतो वो छवू महतो वो बलदेव महतो वल्द गुजु महतो वो झुबलू महतो वल्द बुधु महतो |
| 36 | 103 | 414 | 0.005 | उ0– रास्ता द0–413 पु0–415 प0–413 | टाँड़ दो | | |
| 37 | 103 | 415 | 0.12 | उ0– रास्ता द0–414 416 पु0–416 प0–414 | टाँड़ दो | | |
| 38 | 103 | 416 | 0.12 | उ0– रास्ता द0–416 पु0–417 प0–415 | टाँड़ दो | | |
| 39 | 105 | 412 | 0.04 | उ0– रास्ता द0–412 पु0–413 प0–409 | टाँड़ दो | रैयती | रतन मुंडा वल्द बैलू मुंडा |
| 40 | 107 | 388 | 0.0025 | उ0–रास्ता द0–388 पु0–389 प0–386 | टाँड़ दो | रैयती | लंगडू पाहन वगैरह |
| 41 | 107 | 389 | 0.04 | उ0– रास्ता द0–389 पु0–390 प0–388 | टाँड़ दो | | |
| 42 | 108 | 390 | 0.06 | उ0– रास्ता द0–390 पु0–391 प0–389 | टाँड़ दो | | |
| 43 | 3 | 990 | 0.16 | उ0–990 द0–रास्ता पु0–696 प0–991 | टाँड़ दो | रैयती | बसंत सारंगी हुनकू सारंगी बिरंचि सारंगी वल्द कपूर सारंगी |
| 44 | 15 | 991 | 0.10 | उ0–754 द0–रास्ता पु0–990 प0–754 | टाँड़ दो | रैयती | मनी बड़ाइक, धनी बड़ाइक, वल्द लक्षण बड़ाइक व बेनी बड़ाइक, बिरसा बड़ाइक, बुधनाथ बड़ाइक वल्द रघु बड़ाइक |
| | | कुल | 3.2025 | | | | |

यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो। भूमि की योजना/ नक्शा का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 मे यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, खूँटी

PR 345609 Land Reforms (24-25)_D

**समय संवाद**

**रात को जब आसमान में चांद निकला हो तब कभी-कभार छत पर जायें। आजकल बच्चे अंधेरे में सितारे देखना भूल गए हैं। अगर आप जरा सी मेहनत करें तो बच्चे आकाशगंगा, सप्तऋषि, ध्रुव तारा, चांद की सोलह कला आदि रोचक बातें जानने लगेगा। घर में कुछ गमले या छोटा सा उद्यान बना सकते हैं जिसमें अपने बच्चों की सहायता से कुछ पौधे लगाएं। इसमें बच्चों की मदद लें जैसे कि मिट्टी को खोदना, उसमें पौधे लगाना और उसमें रोजाना सुबह व शाम पानी देना। जब बच्चे अपनी आंखों के सामने बीज से नया पौधा निकलता देखेंगे तो उनको जिंदगी के बारे में अच्छा ज्ञान प्राप्त होगा। इससे उनका जिंदगी के बारे में सोचने -समझने का नजरिया भी बदलेगा।**

# बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास करें



**मनोज शर्मा**

बच्चे का मन एक कोरी स्लेट जैसा होता है। बच्चा जो देखता है वही करता है। आज के तकनीकी समय में बच्चे कंप्यूटर तथा मोबाइल ज्यादा पसंद करते हैं। अगर माता-पिता या अभिभावक जरा सा जागरूक होकर छोटी-छोटी कोशिश करते हैं तो बच्चों का प्रकृति से सुन्दर जुड़ाव भी बना सकते हैं। इससे उनकी प्रकृति के लिए संवेदनशीलता भी विकसित होगी। बच्चों को जब भी बात करने का मन हो तब एक-दो सवाल नियमित रूप से पेड़-पौधों, जंगल, पशु-पक्षी , घास-सब्जी आदि पर पूछें या उनसे जानें। कुछ ही दिनों में आप यह महसूस करेंगे कि बच्चा अब मशीन या बैटरी के खिलौने की तुलना में प्रकृति से जुड़ाव महसूस कर रहा है। बच्चे को एक खाली कॉपी दें। उससे यह आग्रह करें कि वह सिर्फ अपने देखे हुए पेड़, पत्ते, फूल, सब्जी, फल, चिड़ियां, पशु, बादल व आसमान इसमें बनाये। यह काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

रात को जब आसमान में चांद निकला हो तब कभी-कभार छत पर जायें। आजकल बच्चे अंधेरे में सितारे देखना भूल गए हैं। अगर आप जरा सी मेहनत करें तो बच्चे आकाशगंगा, सप्तऋषि, ध्रुव तारा, चांद की सोलह कला आदि रोचक बातें जानने लगेगा। घर में कुछ गमले या छोटा सा उद्यान बना सकते हैं जिसमें अपने बच्चों की सहायता से कुछ पौधे लगाएं। इसमें बच्चों की मदद लें जैसे कि मिट्टी को खोदना, उसमें पौधे लगाना और उसमें रोजाना सुबह व शाम पानी देना। जब बच्चे अपनी आंखों के सामने बीज से नया पौधा निकलता देखेंगे तो उनको जिंदगी के बारे में अच्छा ज्ञान प्राप्त होगा। इससे उनका जिंदगी के बारे में सोचने -समझने का नजरिया भी बदलेगा। जिंदगी कितनी अमूल्य होती है वह इसके बारे में भी जानेगा।



कभी समय हो तो आसपास किसी अभयारण्य में बच्चों को ले जायें। उनकी समझ बेहतर होगी। वे महसूस करेंगे कि कार्टून से भी बड़ी यह सचमुच की दुनिया कितनी सुंदर है। एक बहुत बड़ा लाभ यह होगा कि बच्चों की सोचने -समझने की क्षमता बढ़ेगी। शोधकताओं के अनुसार, चौबीस घंटे में कुछ मिनट अगर प्रकृति का सान्निध्य हो तो सकारात्मक ऊर्जा बनती है व उदासी मिट जाती है। अगर बच्चे समय निकाल सकें तो ओस की बूंदों का पत्तों पर मोती जैसा बन जाना, मिट्टी में खुद-ब-खुद उग आते मशरूम, छुई मुई के हरे पौधों को होले से छूने के बाद उनका सिकुड़ जाना उन्हें दिखायें। पहले-पहले तो महीने में एक बार भी अगर ऐसा अनुभव होगा तो बच्चे अपनी इस अद्भुत प्रकृति को देखकर रोमांचित हो जायेंगे। फिर वे बार बार फूल, पत्तों को देखना पसंद करेंगे। जानवरों, पौधों से जुड़ी कहावत बोलें तो बच्चे भी सीख लेंगे।

बच्चे अगर कार्टून कैरेक्टर के संवाद याद कर लेते हैं तो यह भी याद करेंगे,और अपने पर्यावरण को समझ लेंगे। मिसाल के तौर पर ऊंट के मुंह में जीरा, अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे,बिल्ली के गले मे घंटी कौन बांधे, कुएं का मेंढक, हाथी मेरे साथी, शेर कभी घास नहीं खाता, शेर जैसा कलेजा है, मगरमच्छ के आंसू, चिड़ियां अपना घोसला खुद बनाती हैं ,गिरगिट की तरह रंग बदलना आदि। इससे कई लाभ होंगे व बच्चे की भाषा भी समृद्ध होगी। यह अनुभव उन्हें जीवन भर उनके काम आयेगा। **(पत्रकारिता विभाग रांची विवि)**

# गुरु चरण की वंदना

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** लोग महात्मा हो जायेंगे तो क्या होगा? यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है और स्वतः मन में भी उठता है। सवाल यह है कि अगर सभी लोग डाक्टर हो जाये तो क्या होगा? सभी लोग वकील हो जाये तो क्या होगा? यह प्रश्न ही गलत है। प्रकृति ने संसार की रचना ही इतने अच्छे ढंग से की है कि सा कोई -सा कुछ नहीं हो जाता है। महात्मा दर्शनानंद जी इस बात की व्याख्या बहुत अच्छे ढंग से कहते रहे। भक्ति में प्राथमिक स्थिति से विश्वविद्यालय तक की स्थिति बनती है। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए कि वह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करें। चरण चलने का सूचक है,

बंदऊँ गुरू पद पदुम परागा

आखिर कौन सा कारण है कि तुलसीदास ने गुरू चरण की वंदना की है, उनके शरीर के बाकी अंग जैसे नाक, कान, मुंह, मस्तक आदि की वंदना नहीं की है। गुरूचरण की वंदना करने का कारण यह है कि गुरू जिस रास्ते पर चले हैं अथवा वे जिस रास्ते का अनुसरण किये है भक्तगण को उसी रास्ते पर चलना चाहिए। गुरू के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। गुरू ने जिस तरीके से ज्ञान भक्ति तथा वैराग्य धारण किया है तरीके को जानकर उसे अपनाना चाहिए। जीवन में धार्मिक ग्रंथों का ड़ा महत्व है, निम्नलिखित दर्शन धार्मिक ग्रंथ में पाये जाते हैं-

1. वेदांत दर्शन, 2. न्याय दर्शन 3. योग दर्शन 4. सांख्य दर्शन 5. वैशेषिक दर्शन 6. मीमांसा दर्शन। सांख्य दर्शन के प्रतिपादक कपिलमुनि है। सांख्य शब्द संस्कृत के शद साक्ष्य से बना है। साक्ष्य का शादिक अर्थ प्रमाण है। सांख्य में अनुसार ब्रह्म ज्ञान का द्योतक है। सांख्य का मतलब ब्रह्म ज्ञान का प्रमाण होता है। सांख्य दर्शन में ब्रह्म ज्ञान का वर्णन है। यह दर्शन समान मार्ग वालों की है। आसन, प्राणायाम, यम नियम, इत्यादि से ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति इस दर्शन से होता है एक बार राजा जनक ने यह अनुष्ठान किया था। उस यज्ञ में मुख्य पुरोहित याज्ञवलक्य जी थे। चारों तरफ से विद्वान तथा पंडित आये थे। उन्हीं विद्वानों में पांचाल क्षेत्रा की भार्गी थी। बहुत विद्वानों ने याज्ञवलय जी से प्रश्न पूछे वृहदारण्यक उपनिषद उन्हीं प्रश्नों का संग्रह है। याज्ञवलय जी से पूछा गया-पृथ्वी किससे आच्छादित है, उत्तर था जल। जल पृथ्वी के कण-कण में समाया है, िना जल के पृथ्वी टूट जाएगी। जल किससे आच्छादित है उत्तर था अग्नि, क्योंकि अग्नि में जल समाहित हो जाती है। अग्नि वायु से आच्छादित है, वायु आकाश से आच्छादित है। आकाश मन से आच्छादित है। जा तक मन की गति है आकाश है। जा मनुष्य सुषुप्त अवस्था में होता है तो आकाश का आभाष नहीं होता है। मन ब्रह्म में आच्छादित है, पर ब्रह्म किसी में आच्छादित नहीं है। यह पूछना अतिवाद है। ब्रह्म किसी से आच्छादित नहीं है, यह सर्वोच्च है। ब्रह्म का भाव ही ज्ञान है।

(ब्रम्ह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

# लहसुन की चाय एक दवा

**मिताली जैन**



**हेल्थ** एक्सपर्ट बताते हैं कि लहसुन की चाय कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है। जिसके कारण यह मधुमेह से जुड़े अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है।

लहसुन जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय किचन में किया जाता है, सदियों से अपने औषधीय गुणों के कारण स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती रही है। अमूमन घरों में लोग इसे कई तरीके से इस्तेमाल करते हैं। वैसे अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लड शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उन्हें अपनी रेग्युलर चाय को लहसुन की चाय से स्विच कर देना चाहिए। **कम करे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप लहसुन की चाय का सेवन करते हैं तो इससे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन को नेचुरली कम होता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार लहसुन की चाय आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**बेहतर प्रतिरक्षा तंत्र**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस लिहाज से भी लहसुन की चाय आपके लिए लाभदायक है। यह एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार करता है। इसके अलावा, लहसुन में विटामिन सी होता है, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है और हमारे अंगों को कार्यशील और स्वस्थ रखता है।

# भारतीय सनातन संस्कृति में मां सरस्वती



**डॉ. उषा किरण**

सरस ज्ञान जिसका हो या जिसमें हो, उसे सरस्वती कहा गया है । सरस्वती का शाब्दिक अर्थ है- जल से उत्पन्न । भारतीय संस्कृति में ब्रह्मा की शक्ति को सरस्वती के नाम से सम्बोधित किया जाता है। इसके अनुसार- अक्षय अमृत से परिपूर्ण ब्रह्मसर(ब्रह्मा का सरोवर ), जो प्रकृति और उससे परे सभी क्रियात्मक शक्तियों का स्रोत है, जो संसार का मूल है, उसी सरोवर से देवी सरस्वती उत्पन्न है। इसी कारण इनका नाम है सरस् + वती अर्थात उस अक्षय अमृत सरोवर से उफनकर निकली हुई देवी, जो आध्यात्मिक रूप से ब्रह्मा की शक्ति है और भौतिक रूप से एक पवित्र नदी। ऋग्वेद में सरस्वती सबसे अधिक पवित्र नदी के रूप में वर्णित है।

भारतीयों का विश्वास है कि यह नदी आज भी अदृश्य रूप से प्रवाहित होती है। सरस्वती को विद्या, ज्ञान और विवेक की देवी कहा गया है। इनका दुसरा नाम देवी वाणी भी है। मनुष्य के अन्दर जो ज्ञान है, वह वाणी के द्वारा ही व्यक्त किया जाता है, इसलिए इन्हें वाग देवता भी कहा गया है। ये कला एवं संगीत की देवी भी है, क्योंकि देवी सरस्वती की कृपा से स्वर, ग्राम, मूर्च्छना आदि संगीत सम्बंधी ज्ञान प्राप्त होते हैं ।



देवी सरस्वती को दुग्ध धवल वर्ण वाली, वीणा, पुस्तक धारण करनेवाली तथा जल के ऊपर कमल के आसन पर विराजमान रहने वाली कहा गया है। वीणा और पुस्तक इनके विशिष्ट चिन्ह है। देवी का श्वेत वर्ण उनके सत्व गुण का प्रतीक है । जल इस पृथ्वी का सार है, जो मन के सिद्धांत को प्रदर्शित करता है। सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से कमल के भी गूढ प्रतीकात्मक अर्थ हैं। मानव विग्रह के अन्तर्गत विभिन्न नाडी चक्रों को कमल की संज्ञा दी गयी है और मनस् को सहस्त्रदल कमल कहा गया है। कमल को जीवन संगीत का सबसे महान प्रतीक कहा जाता है । सरस्वती का वाहन हंस है, जो हमें अन्तरिक्ष ( मानव लोक से ब्रह्म लोक) तक ले जाता है। हंस को परमेश्वर का प्रतीक माना जाता है। जीव, जो परमात्मा का अंश माना गया है, उसे भी हंस कहा गया है। श्वेत वर्णीय हंस पवित्रता, स्वच्छता का प्रतीक है। हंस नीर- क्षीर विवेचन करता है।

देवी सरस्वती के चारों हाथों में वीणा, अक्षमाला, पुस्तक और अभयमुद्रा का प्रदर्शन का भी गूढ है। ये चारों पराशक्ति रूप वाणी के ही प्रतीक कहे गये हैं और ये शब्द की चार अवस्थाएं- परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी- को प्रदर्शित करते हैं, जिसके द्वारा देवी समस्त ब्रह्मांड पर नियंत्रण करती हैं ।

**रक्षा बजट रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये का हुआ: राजनाथ सिंह केन्द्रीय रक्षा मंत्री** 2025-26 में रक्षा मंत्रालय को रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष से 9.53% अधिक है। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.80 लाख करोड़ रुपये और घरेलू खरीद के लिए 1.12 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। रक्षा पेंशन में 14% की बढ़ोतरी, ईसीएचएस के लिए 8,317 करोड़ रुपये। रक्षा अनुसंधान एवं विकास को 12% बढ़ावा मिलता है, जबकि तटरक्षक बल का पूंजीगत बजट 43% बढ़ जाता है। बीआरओ को 7,146 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह बजट राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है और 2047 तक पीएम मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# बजट 2025-26 में आर्थिक गति तेज करने के उपाय मेडिकल और टूरिज्म पर भी फोकस



**सीए गुरप्रीत कौर**

जीएसटी में राहत से लेकर हाऊस प्रॉपर्टी टैक्स तक, जानें 5 बड़ी सौगातें

इनकम टैक्स छूट से लेकर सीनियर सिटिजन्स तक, बजट 2025 में टैक्स को फायदेमंद बनाया गया है।

निर्मला जी के वादे के अनुसार अगले हफ्ते वाले आने वाले नए इनकम टैक्स नियम का बेसब्री से इंतजार है, वादा यह है की यह नया नियम पुराने नियम से आधे शब्दों का प्रयोग करेगा यानि सरल होगा। आशा है की जीएसटी की तरह एक्ट, रूल्स के अलावाकरकुलस नोटिफिकेशन इत्यादि से जटिल होने की बजाय सच में सरल अधिनियम आये।

नई रेजीम में रिबेट की वजह से ज्यादा लोग नई प्रणाली में ही टैक्स भरना चाहेंगे, पुरानी प्रणाली को रद्द नहीं किया गया है जिससे करदाताओं को बेवजह भ्रान्ति होती है,

विकास और उन्नति की नजर से बजट प्रयत्नशील लगता है, एमएसई के लोन लिमिट्स को बढ़ाना, नई एससी एसटी कारोबारी महिलाओं को अतिरिक्त करलाभ, माइक्रो व्यवसाय को ५ लाख का क्रेडिट कार्ड, राज्यों का इनवेस्टमेंट फ्रेंडनेस इंडेक्स अच्छी सोच है।

2047 तक 100 जीवी न्यूक्लियर एनर्जी ट्रांजीशन का लक्ष्य सामने आया है, जो काफी महत्वकांशी है। भारतीय पोस्ट सेवा को एक नया चेहरा देकर पोस्ट नेटवर्क का एक बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है, इस पर ध्यान देना दिलचस्प है। केंद्रीय बजट 2025 ने टैक्सपेयर्स को राहत की सौगात दी है। सरकार ने न सिर्फ इनकम टैक्स में छूट दी है, बल्कि कई ऐसे बदलाव किए हैं, जिनसे आम आदमी की जिंदगी आसान होगी और ज्यादा बचत का मौका मिलेगा। आइए जानते हैं इस बजट की 5 बड़ी खुशखबरियां!

**अब 4 साल तक भर सकते हैं संशोधित रिटर्न**

पहले अगर रिटर्न में कोई गलती हो जाती थी तो उसे सुधारने के लिए सिर्फ 2 साल का समय मिलता था। लेकिन अब ये समयसीमा बढ़ाकर 4 साल कर दी गई है। मतलब, अब चिंता की कोई बात नहीं, आराम से रिटर्न में सुधार कर सकते हैं। टीडीएस और टीसीएस के नियमों में राहतकिरायाः अब किराए पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दी गई है। यानी अगर आप किराए पर प्रॉपर्टी दे रहे हैं तो आपको कम टैक्स देना पड़ेगा।विदेश में पैसा भेजने पर राहतः एलआरएस स्कीम के तहत विदेश में धन भेजने पर अब 10 लाख रुपये तक कोई बड़ी परेशानी नहीं होगी क्योंकि टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़कर 10 लाख रुपये हो गई है।

टीसीएस भुगतान में देरीः अगर टीसीएस का भुगतान समय पर नहीं हुआ तो अब इसे अपराध नहीं माना जाएगा।

**महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में पहचान दिलाने का उद्देश्य है।**

इसके अलावा बजट में पीएम गतिशक्ति योजना की भी घोषणा की गई है, जिसके तहत निजी क्षेत्र को विभिन्न डेटा और मैप्स तक पहुंच प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य परिवहन और कनेक्टिविटी में सुधार कर पर्यटकों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।

सरकार ने होमस्टे और छोटे होटल व्यवसायियों के लिए मुद्रा लोन योजना की घोषणा की है। इसके तहत छोटे व्यवसायियों को वित्तीय सहायता मिलेगी, जिससे वे पर्यटन उद्योग में प्रवेश कर सकेंगे और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही होटल उद्योग के लिए एक समान मानक की योजना बनाई जाएगी, जिससे भारतीय होटल उद्योग की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2025 भारत के पर्यटन क्षेत्र के लिए विकास और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन योजनाओं से पर्यटन उद्योग में रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।



**-सीए दिवलीन कौर**

**सरलीकृत अनुपालन**

बजट 2025 कर अनुपालन को सरल बनाने, व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने और प्रशासनिक बोझ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वेतनभोगी के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए वार्षिक बचत

लाभः नई कर व्यवस्था के तहत, व्यक्तियों को 62,400 का वार्षिक लाभ मिलता है।

मासिक बचतः इसका मतलब प्रति माह 5,200 की शुद्ध बचत है।

वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए लाभ

वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त लाभ- वेतनभोगी व्यक्ति भी ?75,000 की मानक कटौती के लिए पात्र हैं।

12.75 लाख तक कोई टैक्स नहींः 12,75,000 तक की आय वाले वेतनभोगी व्यक्तियों को कोई टैक्स नहीं देना होगा।

**. मध्यम वर्ग के लाभ पर ध्यान**

संभावित राजस्व हानि के बावजूद, सरकार का ध्यान मध्यम वर्ग आय वर्ग को राहत और लाभ प्रदान करने पर बना हुआ है।

**सीनियर सिटिजन्स के लिए खुशखबरी**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर टैक्स कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। यानी अब उन्हें ज्यादा ब्याज पर टैक्स छूट मिलेगी और बचत बढ़ेगी।

**छोटे धर्मार्थ ट्रस्टों के लिए राहत**

अब छोटे ट्रस्टों और संस्थाओं को बार-बार पंजीकरण की झंझट से राहत मिलेगी। पंजीकरण की अवधि 5 साल से बढ़ाकर 10 साल कर दी गई है, जिससे वे बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं।

**. दो घरों पर टैक्स छूट**

अब अगर आपके पास दो घर हैं (दोनों आपकी अपनी प्रॉपर्टी हैं), तो उन पर टैक्स देने में आपको छूट मिलेगी। पहले, अगर आपकी प्रॉपर्टी खाली पड़ी रहती थी या किराए पर नहीं दी जाती थी, तब भी सरकार उसकी एक तय राशि पर टैक्स लेती थी। लेकिन अब सरकार ने ये नियम आसान कर दिया है। अब आपकी दो प्रॉपर्टी पर टैक्स नहीं लगेगा (उसे शून्य वार्षिक मूल्य माना जाएगा)। इसका मतलब है कि आपको ज्यादा टैक्स नहीं देना पड़ेगा और आपकी बचत बढ़ेगी।

मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा, 50 पर्यटन स्थलों का विकास, बौद्ध धर्मस्थलों का प्रसार; केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज भारत का केंद्रीय बजट 2025-26 पेश किया। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में पर्यटन को लेकर कई घोषणाएं कीं, जो देश के पर्यटन क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीदों को लेकर आया है। इस बजट में पर्यटन क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। आइए जानते हैं, केंद्रीय बजट 2025 में इस क्षेत्र के लिए क्या क्या कहा गया है।

**पर्यटन स्थलों का विकास**

सरकार ने भारत को दुनिया भर में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने की घोषणा की है। इसके लिए सरकार ने शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्य सरकारों के सहयोग से विकसित करने की बात कही है। इसमें इन पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा, जिससे पर्यटकों के लिए अनुभव को और भी आकर्षक और आरामदायक बनाया जाएगा।इसके अलावा केंद्रीय बजट में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर 22 प्रमुख स्थलों पर ध्यान केंद्रित करने की घोषणा की गई है। इस पहल का उद्देश्य इन स्थलों तक पर्यटकों की पहुंच को बढ़ाना है।

ताकि अधिक से अधिक पर्यटक इन स्थलों पर आएं।

# बसन्त पंचमी : प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व



**डॉ मेरी ग्रेस**

**बसंत** पंचमी, प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर प्रकृति का खिलना और नई फसल आना भी देखा जाता है। बसंत पंचमी बहुआयामी त्योहार है जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और समृद्ध परंपराओं, कृषि महत्व और आध्यात्मिक प्रथाओं से भरा हुआ है। यह एक ऐसा दिन है जब प्रकृति की जीवंतता, देवी सरस्वती की भक्ति और कृषि समुदाय का जीवन उत्सव की एक खूबसूरत तस्वीर में एक-दूसरे से जुड़ जाता है।

माघ महीने में जब बसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवें दिन यानी पंचमी को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है, उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। के रूप में मनाया जाता है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

**या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता।**

माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। ईश्वर को सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि ऐसा क्या किया जाए कि सभी बोलें और खुशी में झूमें। ऐसा विचार करते हुए ईश्वर ने अपने कमण्डल से जल लेकर धरती पर छिड़का। जल छिड़कने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे- एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ईश्वर ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूजनीय होगा। कड़कड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते बनती है। झारखंड में पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। **(उर्सूलाइन इंटर कॉलेज,रांची)**

## युद्ध की विभीषिका और अन्न की कमी



साभार : कार्टून मूवमेंट डॉट काम

स्पीड न्यूज

## 12वीं के छात्रों को दी गयी विदाई



रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट में सत्र 2024-25 के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और सहपाठियों के साथ बिताया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। जिसने पूरे माहौल को संगीतमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। इसके बाद कक्षा 12वीं के छात्रों ने केक काटकर इस खास दिन का जश्न मनाया जो उनके विद्यालय जीवन के अंतिम उत्सवों में से एक था। इस विशेष दिन को और यादगार बनाने के लिए, कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कई मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें समूह गीत, नृत्य, नाट्य प्रदर्शन और मनोरंजक खेल शामिल थे। इन मनोरंजक और भावनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरे समारोह को जीवंत बना दिया। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक आशीर्वचन के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, धैर्य और आत्मनिर्भरता के मूलमंत्र पर चलने की सीख दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बजट से जनता को राहत:सूर्यवंश



रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट मध्यमवर्गीय लोगों को बहुत ही राहत देने वाला है। 12 लाख तक के इनकम पर कोई टैक्स नहीं देने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि यह बजट रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। लेदर स्कीम के जरिए 22 लाख नए रोजगार से आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाएगा। टूरिज्म को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 5 साल में 75000 मेडिकल की सीट , आईआईटी में 6500 सीट बढ़ने से युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे। पॉवर सेक्टर और माइनिंग पर जोर इससे रोजगार के नए द्वार खुलेंगे । देश भर में 200 कैंसर केयर सेंटर बनाए जाएंगे। सभी अस्पतालों में केयर सेंटर खुलने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि होगी ।

## बजट को भाजपा नेताओं ने सराहा



कुजू। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया बजट को भाजपा नेताओं ने गरीबों व मध्यम वर्ग परिवार के हित के लिए बेहतर बताया। बजट पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति, भाजपा मांडू उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, महामंत्री अशोक कुमार, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, भाजपा मंत्री डिंपल प्रजापति, भाजपा नेता पंचित महतो आदि ने कहा कि बजट-2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है. किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है. वित्त मंत्री ने मिडिल क्लास को राहत देते हुए न्यू टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये सालाना तक की इनकम को आयकर के दायरे से बाहर रखने का ऐलान किया। इससे नौकरीपेशा वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा होगा। इस सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई के पात्र है।

## एस्पायर में टेस्ट सीरीज आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में पिछले सप्ताह की भांति इसबार भी तृतीय टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इसमें सैंकड़ो छात्र-छात्राएं शामिल हुए। टेस्ट में आरआरबी, एनटीपीसी और एसएससी जीडी परीक्षा के पैटर्न पर प्रश्न पूछे गए। इसके तहत आरआरबी एनटीपीसी का 100 प्रश्न और एसएससी जीडी से संबंधित 80 प्रश्न शामिल परीक्षा में शामिल किये गये थे। मौके पर संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनो से विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। साथ ही टाइम मैनेजमेंट की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। जीवन में सफलता पाने के लिए विद्यार्थियों को लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करनी चाहिए। निदेशक श्री कुमार ने प्रतियोगिता छात्रों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि यह टेस्ट सीरीज शिक्षा के क्षेत्र में आपसबों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक विद्यार्थी संपर्क कर नये बैच में जल्द से नामांकन करा लें।

## सरस्वती विद्या मंदिर में दीक्षा समारोह



रजरप्पा। सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के भैया बहनों ने कक्षा 12वीं के भैया बहनों को समारोह पूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम के शुभारंभ प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने बड़े भैया-बहनों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मिथिलेश कुमार खन्ना ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर अटूट निष्ठा और समर्पण से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों, माता-पिता और समाज के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का आग्रह किया।

# मध्यम वर्ग को बड़ी राहत: सांसद

### व्यापार व उद्योग जगत के लिए सकारात्मक संकेत : चैंबर

खबर मन्त्र संवाददाता





हजारीबाग। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 को लेकर पूरे देश में चर्चाएं जारी हैं। इस बजट को मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला और उद्योग जगत के हितों को साधने वाला बजट बताया जा रहा है। बजट में जहां 12 लाख तक की आय को कर-मुक्त करने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया है, वहीं किसानों और छोटे उद्यमियों के लिए भी बड़े ऐलान किए गए हैं। हालांकि, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में अपेक्षित निवेश की कमी पर कुछ वर्गों ने असंतोष भी जताया है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस बजट को मध्यम वर्ग के लिए ऐतिहासिक राहत करार दिया। उन्होंने कहा कि 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय कर-मुक्त करने का निर्णय मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को नई उड़ान देगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। हजारीबाग की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूँ।

हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार और सचिव राकेश ठाकुर ने बजट की सराहना करते हुए, कहा कि छोटे कारोबारियों और स्टार्टअप्स के लिए सरकार की योजनाएं सराहनीय हैं। 5 लाख रुपये तक के बिजनेस क्रेडिट कार्ड छोटे उद्यमियों के लिए बड़ा सहारा बनेगा। नए उद्यमियों को 2 करोड़ रुपये तक का कर्ज अगले 5 वर्षों तक कम ब्याज दर पर मिलेगा।

### किसानों के सशक्तिकरण के लिए बड़ा कदम: प्रदीप प्रसाद



इस बजट का हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सहृदय स्वागत करते हुए इसे देश के आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बजट में युवा, गरीब, महिला और किसान इन चार प्रमुख स्तंभों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे समाज का हर वर्ग सशक्त होगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करेगा और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा आम बजट: रंजन चौधरी



सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसे भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाला दूरदर्शी बजट बताया। यह बजट गरीब, युवा, वृद्ध, किसान और महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित है।

### युवाओं और किसानों पर विशेष ध्यान : शेफाली गुप्ता



भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने इस बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। घरेलू और इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ता करने का प्रावधान किया गया है। युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर दिए जाएंगे।

### समावेशी बजट: चंद्र प्रकाश जैन



हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने इसे मध्यम वर्ग, किसान, युवा और महिलाओं के लिए संतुलित बजट बताया इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में बड़े निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री धनधान्य योजना के तहत कृषि क्षेत्र को नई ताकत मिलेगी।हर घर को साफ पानी और सस्ती बिजली देने का लक्ष्य 2028 तक पूरा किया जाएगा।

विशेषज्ञों की राय: राहत और चुनौतियां दोनों मौजूद : आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर में छूट से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने बढ़ते राजस्व घाटे पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से राजस्व और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखने की अपील की है। हालांकि, बजट को लेकर कुछ वर्गों ने असंतोष भी जताया है। स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के लिए अपेक्षित बजट आवंटन नहीं हुआ। बजट 2025-26 को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। आयकर छूट और किसानों के लिए वित्तीय सहायता को लेकर बजट की सराहना की गई है।

# बजट में विकसित भारत का संकल्प : राकेश प्रसाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। लोकसभा में पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से विश्व में तेज गति से मजबूत हो रहा है। हमारी भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के सबसे ऊंचे पायदान पर होगी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए बजट में विकसित भारत का संकल्प है। बजट में समावेशी विकास और हर वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है। बजट में मध्यम वर्ग और नौकरी पेशा वालों के लिए 7 लाख रुपये आमदनी पर आयकर छुट को बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर देना अभूतपूर्व कदम है। किसान क्रेडिट कार्ड के लिमिट को 5 लाख तक बढ़ाने से देश के किसानों को बड़ा लाभ होगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री प्रसाद ने जनकल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया है।

### मध्यम वर्ग को राहतः अजीत गुप्ता



बजट को भाजपा नेता अजीत गुप्ता ने मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने वाला बताया। कहा कि में युवा, किसान, व्यवसाय , केंद्रीय कर्मचारी ,बुजुर्गो ,महिलाओं बच्चों सभी को ध्यान रखा गया है। इसलिए बजट संतुलित है।

## बजट मुरारीलाल का सपना : धर्मराज राम

कुजू। कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट को सिर्फ मुरारीलाल के सपने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि हर बार सिर्फ युवाओं को रोजगार देने की बात कहते हैं, लेकिन छात्र लगातार धरने पर बैठ रहे हैं। किसानों की बात करते हैं, पिछले 12 वर्षों में किसानों की आत्महत्या का ग्राफ बढ़ता ही रहा है। यहां तक कि उनलोगों को देशद्रोही आतंकवादी नाम दिया गया है। आम आदमी की महंगाई से कमर टूट गई है। किताबों और दवाओं पर 18-18 प्रतिशत टैक्स लगाया जा रहा है, और हीरों जेवरातो में 5 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। यह गरीब विरोधी बजट है। यह सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है।इनलोगों को नैतिकता के नाते इस्तीफा देना चाहिए।

## होटल उत्सव का उद्घाटन आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। मेन रोड भुरकुण्डा स्थित राज नर्सिंग हॉम के बगल में 2 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे उत्सव मैरेज हॉल में होटल उत्सव फेमिली रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन होगा। उक्त जानकारी देते हुए रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर डॉ. राजेंद्र महतो ने कहा कि शादी-विवाह, रिंग सेरेमनी, बर्थ डे पार्टी, शादी का साल गिरह एवं सभी तरह के पार्टी के लिए क्षेत्रवासी मो. 9905746368 पर सम्पर्क करें। हमारे रेस्टोरेंट में ठहरने के लिए किफायती दर पर रूम की व्यवस्था के साथ-साथ खाने में भेज एवं नन भेज की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य व लजीज व्यंजनों के साथ-साथ यहां सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। ग्राहकों के सुविधाओं का यहां पूरा ख्याल रखा जायेगा। ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारे प्रतिष्ठान की पहचान भी होगी।

# चौपारण में वाहनों की आवाजाही शुरू

हजारीबाग। प्रयागराज महाकुंभ के कारण बिहार-झारखंड सीमा पर चल रहे 72 घंटे के जाम में शनिवार को आंशिक राहत मिली है। दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग (जीटी रोड) पर स्थित चौपारण के चोरदाहा चेक पोस्ट पर छोटी गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई है, लेकिन बड़े वाहनों की आवाजाही पर अभी भी प्रतिबंध जारी है। उत्तर प्रदेश द्वारा सभी राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए सीमाएं सील करने के बाद बिहार ने भी जीटी रोड से जुड़े राज्यों की सीमाओं को बंद कर दिया था। हालांकि, बाद में छोटी गाड़ियों के लिए प्रतिबंध हटा लिया गया। छोटी गाड़ियां वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर रही हैं, जबकि बड़े वाहन अभी भी जीटी रोड पर फंसे हुए हैं। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने लोगों से जीटी रोड पर आने से बचने की अपील की है। उत्तर प्रदेश द्वारा सीमाएं खोलने के बाद ही बिहार बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध हटाएगा। स्थानीय पुलिस और चोरदाहा चेक पोस्ट के अधिकारी यातायात को सुचारू करने में जुटे हुए हैं और स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ से लौट रहे लोग यूपी की जाम से निकले तो बरही-चौपारण के बीच महाजाम में फंस गए। यहां शुक्रवार तक गाड़ियों की 35 किमी से ज्यादा लंबी कतार लग गई थी। दरअसल, यहां चार दिन से जाम की स्थिति थी।

## रामगढ़ में परीक्षा केंद्रों की मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

रामगढ़। 11 फरवरी से शुरू होने वाले मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी होगी। शनिवार को रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने जिले के सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और दंडाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक की। इस समीक्षा के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। किस तरीके से दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रहेगी, प्रश्न पत्र कैसे समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेगा और उत्तर पुस्तिका को जमा कराया जाएगा, इस पर विचार विमर्श किया गया। एसडीओ ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी हर समय मौजूद रहेंगे। सुरक्षा पदाधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करनी है।

# चरण चिह्न मंदिर में आज से भक्ति की बयार बहेगी

### बसंत पंचमी पर सोमवार को गुलाल व पुष्प की खेली जायेगी होली

खबर मन्त्र संवाददाता





कुजू। वसन्तोत्सव के अवसर पर कुजू बंदरा चूंआ स्थित चैतन्य महाप्रभु चरण चिह्न मंदिर में रविवार से भक्ति की धारा बहेगी। मंगल घट स्थापना, अधिवास कीर्तन के बाद अखंडनाम कीर्तन का आयोजन होगा। 3 फरवरी को वसन्त पंचमी को बृजधाम की तर्ज पर रंग, गुलाल व पुष्पों की होली खेली जाएगी। महाप्रभु जी की लीला स्थली चरण पहाड़ी में ब्रजधाम व नवद्वीप से सन्त, महंत व गायन कलाकारों की टीम पहुंच गई है। इस बीच शनिवार को पत्रकार वार्ता में ब्रजधाम वृंदावन-गोवर्धन की परिक्रमा के राधाकुंड श्यामकुंड स्थित 500 साल पुरानी चैतन्य महाप्रभु के शिष्य श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के गद्दीनशीन पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु का नवद्वीप धाम से जगन्नाथपुरी व झारखण्ड होते हुए 540 वर्ष पूर्व बृज में आगमन हुआ है। जब वे बृजधाम के लिए गए तो झारखंड की चरण पहाड़ियों में मानव को ही नहीं बल्कि जीव जंतुओं को भी प्रेम तत्व प्रदान किया है। ठाकुर जी की महिमा अपरंपार है। आज भी चरण पहाड़ी में श्रीकृष्ण पावन अवतार चैतन्य महाप्रभु के चरण चिन्ह व लीलाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि चरण पहाड़ी धाम का आध्यात्मिक दृष्टि भौतिक विकास होना जरूरी है। हमारे इन प्राचीन तीर्थ स्थलों का विकास होगा, तभी हमारी सनातन संस्कृति जीवित रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक चरण चिन्ह मंदिर धाम के महंत प्रेम दास महाराज ने बताया कि वैष्णवजन महाप्रभु की लीलाओं का पुनः अनुसरण कर रहे हैं। मंगल घट स्थापना, अधिगास व अखंड नाम कीर्तन के बीच नगर परिक्रमा ढप, ढोलक, मृदङ्ग की धुन पर लगाई जाएगी। 3 फरवरी को दोपहर 11 बजे महाप्रभु की लीला में ठाकुरजी की 64 महंत के भोग लगाए जाएंगे। इसके बाद होली पर्व का आगाज होगा और इस बीच फाग भजनों की धुन पर भक्तों के बीच रंग, गुलाल व फूलों की होली खेली जाएगी। भंडारे में हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। सन्त नन्द गोपाल दास ने बताया कि महाप्रभु जी के छह शिष्य हुए हैं। वे सदा कृष्ण प्रेम में रमे रहते और मुख से कृष्ण-कृष्ण कीर्तन करते हुए बढ़ते थे । आज भी बृजधाम में चैतन्य महाप्रभु के छह शिष्यों में से राधाकुंड में श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी स्थापित है। जिसके पीठाधीश्वर महंत चरण पहाड़ी धाम आये हैं। उन्होंने बताया कि जिस तरह वर्तमान में सनातन धर्म व संस्कृति रक्षा के लिए देश में उत्तर से लेकर दक्षिण तक काम हुआ है, झारखंड की सरकार को भी इस तरह काम करना चाहिए। चरण पहाड़ी धाम पहुंचने वाला रास्ता सरल व सुगम होना चाहिए। इस अवसर पर चैतन्य महाप्रभु चरण चिन्ह मन्दिर के महन्त प्रेम दास महाराज, नन्द गोपाल दास महाराज, प्रेमचंद, पत्रकार कृष्णचन्द्र दुबे, विनोद ठाकुर, माधव दास, छैल बिहारी दास, राजेश अग्रवाल आदि थे।

एक नजर में

## जयनारायण मेहता व सरिता देवी को श्रद्धांजलि



इचाक। प्रखंड के प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. जयनारायण मेहता एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. सरिता देवी की पुण्यतिथि शनिवार को उनके समाधि स्थल और उच्च विद्यालय बरकाखुर्द में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। स्व. जयनारायण मेहता, स्वतंत्रता सेनानी स्व. रुद्रनारायण मेहता के पुत्र थे और उन्होंने समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया था। श्रद्धांजलि सभा में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, भाजपा जिला महामंत्री शिव प्रसाद मेहता, मुखिया संजू कुमारी, स्व. मेहता के पुत्र ओमप्रकाश मेहता, श्रीकांत मेहता, पुत्रबधू संजू कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि व्यक्ति का गुण कभी भुलाया नहीं जाता और स्व. जयनारायण मेहता का समाज के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देगा। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि पुण्यतिथि उन्हीं का मनाया जाता है जिन्होंने समाज के लिए विशेष योगदान दिया हो। वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने उनकी शिक्षा और समाजसेवा में भूमिका की सराहना की। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण कुशवाहा ने कहा कि स्व. मेहता का सपना तभी पूरा होगा जब उनके परिजन उनके दिखाए मार्ग पर चलेंगे। इस अवसर पर कई सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



इचाक। सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को इचाक थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ संतोष कुमार ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि पूरे प्रखंड में चलंत डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन उन पूजा समितियों को हर संभव सहयोग करेगा, जो शांतिपूर्ण और नियमों के अनुरूप सरस्वती पूजा का आयोजन करेंगी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने पूजा आयोजकों से आग्रह किया कि वे सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्सव मनाएं। उन्होंने आयोजक समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित पांच प्रमुख सदस्यों और डीजे साउंड मालिकों के नाम एवं मोबाइल नंबर इचाक थाना में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही, डीजे संचालकों को शपथ पत्र जमा करने को कहा गया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अश्लील गाने बजाने या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, पंसस विनय उर्फ विक्की धवन, राजद नेता शत्रुघ्न राम, मोहम्मद हकीक, गजेंद्र प्रजापति, राजेंद्र मेहता, विनोद यादव, छोटन राणा, बबलू मेहता, विजय मेहता सहित कई पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में छात्रों को दी गयी विदाई



बड़कागांव। बीएम मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार ने की, जबकि संचालन कक्षा 9 की छात्रा नंदनी कुमारी और माही गुप्ता ने शेरो-शायरी के साथ किया। कार्यक्रम में निर्देशक संदीप कुशवाहा ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जहां भी जाएं, अपने विद्यालय और परिवार का मान-सम्मान बनाए रखें। उन्होंने छात्रों से मैट्रिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने गांव, प्रखंड और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर, प्राचार्य कैलाश कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार सहित विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न नृत्य, गायन और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिसने माहौल को भावनात्मक और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वचन देकर उनके सुखद भविष्य की कामना की गई।

## कटकमदाग थाना में शांति समिति की बैठक



कटकमदाग। सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से कटकमदाग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पंकज कुमार ने की, जिसमें विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी पंकज कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान चलंत डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सभी पूजा समितियों से आग्रह किया कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्ण ढंग से पूजा एवं विसर्जन संपन्न कराएं। उन्होंने लोगों से नशा मुक्त वातावरण बनाए रखने की भी अपील की और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नशा से दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाया जाता है, तो उसे तत्काल जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, वार्ड पार्षद दीपक कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, अख्तर नूरी, दिनेश तुरी, अजय कुमार, मोहम्मद इमरान, संजय राणा और अभिषेक कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक रत्नेश्वर नाथ पाठक को दी गयी विदाई



हजारीबाग। मध्य विद्यालय कंडसार में गणित के लोकप्रिय शिक्षक रत्नेश्वर नाथ पाठक के सेवानिवृत्ति के अवसर पर बच्चों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी द्वारा श्री पाठक को बुके और मानपत्र भेंट कर स्वागत करने से हुई। विद्यालय की नन्ही छात्रा अवनी कुमारी ने तिलक लगाकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद बच्चों ने गीत, नृत्य और संगीत के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भावुक हो गया। विद्यालय परिवार ने श्री पाठक के तीन दशकों के बेदाग और समर्पित सेवाकाल की सराहना की और उन्हें अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर कंडसार पंचायत के उप मुखिया राकेश सिंह, वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार, सुधीर कुमार यादव, शिक्षिका रीना कुमारी, संजू कुमारी, लक्ष्मी नारायण सिंह, ब्रेक थ्रू संस्था के अविनाश कुमार, पत्रकार अखौरी ब्रजेश सहाय, मनोज मिश्र, प्रमोद उपाध्याय, डॉ. अमरनाथ पाठक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भावुक क्षण तब आ गया जब बच्चे और शिक्षक फूट-फूट कर रो पड़े। श्री पाठक की पत्नी सीमा पाठक, बेटी अदिति स्नेहा, बहू प्रियंका मिश्रा पाठक, पोता आयुष्मान पाठक सहित अन्य परिजन भी इस भावनात्मक समारोह के साक्षी बने।

# आम लोगों की राय में आम बजट संतुलित, विपक्षी दलों ने की आलोचना

**कोडरमा (खबर मन्त्र टीम)। लोकसभा में शनिवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट पर कोडरमा जिले के विभिन्न तबकों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया दी है। अधिकतर लोगों ने बजट को संतुलित बताया है, वहीं एक्सपर्ट इसे दूरगामी सकारात्मक प्रभाव वाला मानते हैं। भाजपा से जुड़े लोग जहां इस बजट को ऐतिहासिक और इसमें सभी वर्गों का हित बताया है। वहीं विपक्षी दलों ने इसकी आलोचना की है।**

## केंद्रीय बजट विकास के नये आयाम स्थापित करेगा : अन्नपूर्णा देवी



कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किया गया 2025-26 का बजट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। यह सर्वसमावेशी बजट न सिर्फ भारत के वर्तमान को संवारेगा बल्कि आने वाले वर्षों में देश की प्रगति की राह को भी रोशन करेगा। यानी, गरीब, युवा, अन्नदाता किसान एवं नारीशक्ति के हितों को केंद्र में रखकर निर्मित यह सर्वस्पर्शीय बजट प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत ही लाभदायक सिद्ध होगा। साथ ही विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस भविष्योन्मुखी एवं लोककल्याणकारी केंद्रीय बजट की सौगात के लिए मैं प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

## गरीब, युवाओं, किसानों और नारी शक्ति का बजट : डॉ.नीरा



कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज का बजट किसान और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा। देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है, इस गति को और बल मिलेगा। बजट में स्वास्थ्य और रोजगार पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नए टैक्स रिजीम में अब 12 लाख रुपये तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत होगी। वरिष्ठ नागरिकों को भी बजट से बड़ी राहत मिलेगी, उनके लिए टैक्स छूट की सीमा भी 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है।

## यह मिला-जुला तैयार किया गया बजट है : सुरेन्द्र भाई मोदी



समाजसेवी सुरेन्द्र भाई मोदी ने कहा कि यह बजट मिला-जुला तैयार किया गया है, मध्यम वर्ग पर आयकर को लेकर राहत दी गई है। जिला अस्पताल में कैंसर सेंटर बनाने की बात कही गई है। जीवन रक्षक दवाइयां, बैटरी एलइडी टीवी आदि बाजार की चीजें कुछ सस्ती होंगी, परंतु ज्वलंत समस्या बेरोजगारी छोटे उद्यमियों और कृषि पर ध्यान नहीं दिया गया है। आने वाले समय में चुनाव को लेकर बिहार पर थोड़ी ज्यादा मेहरबानियां दिखाई गई हैं, झारखंड तो बजट के तस्वीर में है ही नहीं।

## यह बहुत सराहनीय बजट है : भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप जोशी



भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप जोशी ने कहा कि यह बहुत सराहनीय बजट है, आज के बजट में सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है। विशेष कर गरीब एवं मध्यम वर्ग के विकास के लिए ज्यादा प्रयास किया गया है। छोटे उद्योग को बढ़ावा देकर बेरोजगारी खत्म करने का और लोगों को रोजगार देने का सफल प्रयास किया गया है। किसानों के क्रेडिट कार्ड की राशि बढ़ाकर किसानों को भी सूदखोरों के चंगुल से बाहर निकालने का सफल प्रयास किया गया है। कैंसर जैसी बड़ी बीमारी की दवा को जीएसटी से मुक्त कर सस्ता करने का प्रयास किया गया।

## बजट मध्यम वर्ग के लिए काफी लाभदायक है : न्यायालय कर्मी



न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्गीय लोगों के लिए काफी लाभदायक है। खासकर नौकरी पेशा वाले लोगों को भी इस बजट के माध्यम से काफी राहत दी गई है। इस बजट में जहां कई जनोपयोगी जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता किया गया है, वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरी एवं टैक्स अदा करने वाले लोगों के लिए भी एक सुकून देने वाला बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स के स्लैब में बदलाव कर मध्यम वर्ग के लोगों को काफी राहत देने का प्रयास किया है। इस बजट की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

## इस बजट से करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी : अनिल कुमार



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी 2025 के आम बजट से करदाताओं को बड़ी राहत मिलती दिख रही है। वहीं देश के प्रत्येक जिले में कैंसर के उपचार हेतु डे-केयर केंद्र खोलने की घोषणा से कैंसर मरीजों के बीच उम्मीद की नई किरण जलेगी। वैसे शिक्षण संस्थानों के विस्तार व नई यूनिटें खोलने की घोषणा अच्छी पहल है। लेकिन शिक्षा की आधार को मजबूत बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षण संस्थानों को और अधिक विकसित की जाने बातें भी होनी चाहिए थी। रोजगार श्रृजन के लिए आम बजट में कोई विशेष घोषणाएं नहीं दिख रही हैं।

## बजट जमीनी हकीकत से कोसों दूर है : कांग्रेस नेता सईद नसीम



कांग्रेस नेता सईद नसीम ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट अहम है, मगर देश के भविष्य बच्चों और महिलाओं पर मोदी सरकार ने कंजूसी दिखाई है। अन्नदाता हताश, युवा निराश, मिडिल क्लास मायूस और ऐसे में 12 लाख तक टैक्स फ्री करना अहम फैसला है, लेकिन देश में बढ़ती बेरोजगारी चरम पर होना 80 करोड़ जनता 5 किलो अनाज के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर होना, आमजनों को काफी कन्फ्यूजन में डाल दिया है। कुल मिलाकर यह बजट सिर्फ खानापूर्ति है, लीपा पोती है। जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिखाई दे रही है।

## सपना बेचने वाला बजट : राजद जिलाध्यक्ष रामधन



संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश किया। आम बजट को लेकर जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने बजट को सपना बेचने वाला बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि आम-अवाम के बीच 2025-26 के लिए आम बजट सपने बेचने जैसा है। सपना और हकीकत में काफी अंतर होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आंकड़ों की जादूगरी दिखाकर जनता को बेबकूफ बनाना भलीभांति जानती है। देश में 80 करोड़ जनता फ्री राशन लेने के लिए मजबूर है और पीडीएस दुकान के बाहर कतार में है, फिर भी गरीबों के हित में बजट में कोई भी बड़ा ऐलान नहीं किया गया है। बजट में बिहार को लेकर कल कारखाने और संस्थान खोलने का ऐलान किया गया, क्योंकि बिहार में इलेक्शन है। लेकिन खनिज संपदा वाले झारखण्ड राज्य के लिए चुप्पी साध ली गयी। उन्होंने कहा कि नौकरी पेशा वालों को 12 लाख की आमदनी पर टैक्स में छूट दी गयी है। मगर सवाल ये है कि जिनके पास नौकरी ही नहीं है, उनके लिए सरकार के बजट में आमदनी बढ़ाने और रोजगार बढ़ाने को लेकर कोई चिंता नहीं दिखी। श्री यादव ने कहा कि मध्यम वर्ग परिवार मंहगाई से परेशान है। सरकार का मंहगाई पर कोई भी नियंत्रण नहीं है। देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कोई भी ठोस योजना नहीं है। मगर आम बजट झारखण्ड और देश के गरीबों-मेहनतकश आवाम के जरिये से सपना बेचने वाला बजट है।

## केंद्र के बजट पर विधायक अमित कुमार ने जताया आभार



बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने इस बजट को आत्मनिर्भरता, समावेशिता और ग्रामीण उत्थान का प्रतीक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। वहीं उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

## मध्यमवर्ग को सरकार ने दी बड़ी राहत : महेंद्र प्रसाद वर्मा



भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को ध्यान में रखते हुए देश के हर क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के लिए आज के बजट में जो घोषणाएं की गई हैं, वह सराहनीय है। यह बजट सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट समाज के हर वर्ग, महिलाओं, छोटे उद्योग, किसान, युवा, गरीबों के कल्याण, समावेशी विकास से भरा है। यह आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण बजट है। मध्यमवर्ग को सरकार ने बड़ी राहत दी है।

## मध्यम वर्ग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बजट : रजनीश



मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी के निदेशक रजनीश शर्मा ने पेश किए गए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बजट है। 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, यह बहुत ही बड़ी सौगात है। इससे हमारे मध्यम वर्गीय परिवारों के हाथ में पैसे ज्यादा बचेंगे, जिससे परिवार के लिए बेहतर सुविधाएं ले सकेंगे। मध्यमवर्गीय परिवारों में जो तमन्ना रहती है वो पूरी कर सकेंगे। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## आईटी फेस्ट के विजेताओं को मिला प्रमाण-पत्र, खुशी से खिल उठे बच्चों के चेहरे



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित आईटी फेस्ट के विजेताओं को शनिवार को स्कूल असेंबली में प्रमाण–पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। प्रमाण–पत्र पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आईटी फेस्ट में क्लास एक से चार तक के बच्चों में रचित सिंह, आराध्या कश्यप, ऋषि राज, अन्वी मोदी, ऋषभ कुमार, संजना कुमारी, मौसम कुमारी, समृद्धि श्रीवास्तव, आयरा आरोही, आरुष गुप्ता, दिव्यांश कुमार और युग सिंह को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग 5 से 7 तक के बच्चों में पीपीटी में सौम्या भदानी, आराध्या श्री, सुष्मिता रंजन, वेब डिप्लोमेट में प्रत्यूषा शर्मा, अवंतिका पाइथन एंड वेब गेम में कौशतुभी काव्या, अभिनव कुमार और कृष्णा को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। वर्ग 8 से 11 में राजनंदनी और सृष्टि कुमारी, मुशायब मुजाहिद और तौहीद अहमद, शिवानी कुमारी और अंशु कुमारी, अमित कुमार, अमित कुमार यादव, शुभम पंडित, सत्यम, खैरुल वारा, एमडी आवेश, सुमित कुमार, राजनंदनी, मिस्टी राज और खुशी कुमारी शर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आईटी फेस्ट शिक्षक पवन ठाकुर, फैयाज कैशर, एमडी शाहिद आलम, आशुतोष गौतम, अलका सिंह की देखरेख में हुआ। स्कूल असेंबली में उप निदेशक विनोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, कॉर्डिनेट शगुफ्ता परवीन, दीपक सर्राफ, पीटीआई कुंदन राणा, राकेश पांडेय, सुभय कुमार, कुणाल किशोर, सोमा पाल, शशि राज ने चच्चों की सर्टिफिकेट दिया और सराहना की।

## महाकुंभ में लापता शीतो राणा सकुशल पहुंचे घर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रयागराज महाकुंभ के संगम में हुई भगदड़ में लापता कादोडीह पंचायत के ग्राम राजारायडीह निवासी 68 वर्षीय शीतो राणा 1 फरवरी को सकुशल मरकच्चो स्थित राजारायडीह लौट आया। इससे उसके घर में खुशी का माहौल है। वे बताते हैं कि 28 जनवरी की रात को प्रयागराज के संगम में हुई भगदड़ से शीतो राणा बिछड़ गए थे वे अपने पत्नी जसवा देवी, छोटी बहु सुमन देवी व तीन अन्य लोगों के साथ बोलेरो से 27 जनवरी को प्रयागराज गए थे। 29 जनवरी को परिवार के सभी लोग मिल गए, मगर शीतो राणा लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर पता नहीं चल पाया। वहीं सीतो राणा शनिवार को अपने घर राजारायडीह पहुंचे तो घर के लोग काफी चिंतित वह घबराए हुए थे, मगर उन्हें देख पूरा परिवार खुशी से उछल पड़ा, गम का माहौल खुशी में बदल गया।

## सीएस ने किया कुपोषित बच्चों के बीच बेबी किट का वितरण



**डोमचांच (कोडरमा)।** सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार व डीपीएम महेश कुमार ने शनिवार को रेफरल अस्पताल के एमटीसी वार्ड में इलाजरत कुपोषित बच्चों का निरीक्षण किया एवं प्रोत्साहन स्वरूप कंबल व बेबी किट का वितरण किया। मौके पर रेफरल अस्पताल से डॉ. चंद्रमोहन प्रसाद, सुजीत कुमार, सुशीला कुमारी, कृष्णकांत मणि, सतीश कुमार, विक्रम कुमार आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय बजट में आम जनता लिए जुमला और शब्दों की बाजीगरी : संजय पासवान

- **5 फरवरी को पूरे देश में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की ओर से विरोध प्रदर्शन और बजट प्रस्तावों की प्रतियां जलाई जाएंगी**



**केडरमा।** केन्द्रीय बजट पर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने अपने बयान में कहा कि बजट प्रस्ताव का एकमात्र उद्देश्य बिजली, बीमा, माइनिंग, खनिज एवं आधारभूत संरचना के निजीकरण को तेज करना, उन्हें कॉरपोरेट घरानों को सौंपना तथा कृषि का कॉरपोरेटाइजेशन को बढ़ावा देना है, सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बजट में एफडीआई और पीपीपी मॉडल के नाम पर लगभग सौ कॉर्पोरेट्स घरानों के लिए एक बड़ा केक, लगभग एक करोड़ मध्यम वर्ग के करदाताओं के लिए छोटी सी चेरी और सवा सौ करोड़ जनता लिए जुमला और शब्दों की बाजीगरी की गई है, कल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकारी व्यय एक बार फिर कम कर दिया गया है। बजट में राज्यों के हिस्सेदारी में भी भारी कमी की गई है, किसानों के उपज पर एमएसपी की गारंटी की कोई चर्चा नहीं की गई है, वित्तमंत्री ने अपने भाषण में देश में जारी आर्थिक मंदी के मुख्य कारण अर्थव्यवस्था में मांग की कमी से निपटने का कोई जिक्र नहीं किया है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई एक सौ प्रतिशत लाए जाने का प्रस्ताव सरकारी बीमा कंपनियों को जिनका देश की अर्थव्यवस्था में काफी बड़ा योगदान है, बीमा क्षेत्र को पूरी तरह विदेशी दिवालिया बीमा कंपनियों और कार्पोरेट घरानों के हाथों सौंपने की तैयारी है। बजट में सार्वजनिक और सरकारी क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए कोई प्रत्यक्ष कदम नहीं, असंगठित, अनुबंधित, अनौपचारिक और ठेका कामगारों के लिए कोई ठोस सुझाव नहीं, गिग वर्करों के कल्याण और न्याय के नाम पर केवल ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण का प्रस्ताव दिया गया है और संबंधित लाभ केवल असंगठित श्रमिकों की तरह ही सीमित रहेंगे और न ही किसी कल्याण कोष का आवंटन नहीं किया गया है। वहीं पेट्रोलियम उत्पाद शुल्क दरों में कटौती का कोई प्रस्ताव नहीं किया गया है, इसका मतलब कि आम जनता की पॉकेटमारी जारी रहेगी। आवश्यक खाद्य वस्तुओं, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को वापस नहीं लिया गया और न ही अति धनवानों पर संपत्ति कर और उत्तराधिकार कर लगाया गया है, बल्कि बजट में पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) और प्रदर्शन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) के लिए आवंटन जारी रखा गया है। ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा दिसम्बर 2024 में वित्त मंत्री के समक्ष बजट पर रखे गए प्रस्ताव में महंगाई पर नियंत्रण के लिए कदम, जीएसटी और उत्पाद शुल्क में कमी, मध्यम वर्ग के लोगों को आयकर में राहत और कॉरपोरेट्स और अति अमीर पर अधिक टैक्स लगाना, सरकारी विभागों में लाखों रिक्तियों को तुरंत भरना, मनरेगा के लिए आवंटन बढ़ाना, शहरी क्षेत्रों में रोजगार गारंटी योजना को लागू करना, सार्वजनिक संस्थाओं के निजीकरण और राष्ट्रीय संसाधनों की लूट को रोकना, वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करना, खेत मजदूरों, ठेका मजदूरों, गिग वर्करों, आंगनबाड़ी, आशा, सहिया सभी स्कीम वर्करों का वेतन व मानदेय में बढ़ोतरी सहित अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के साथ हाशिए पर पड़े मेहनतकश लोगों को राहत और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था, मगर करीब करीब सभी मांगों को बजट प्रस्तावों में नजरअंदाज कर दिया गया, इस विश्वासघात के खिलाफ में 5 फरवरी को पूरे देश में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और बजट प्रस्तावों की प्रतियां जलाई जाएंगी।

## पूर्व जिला परिषद सदस्य के घर में अज्ञात चोरों ने की चोरी, लाखों की सम्पत्ति हुई गायब



**हंटरगंज।** हंटरगंज थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर अज्ञात चोरों ने शुक्रवार दोपहर को पूर्व जिला परिषद सदस्य जयहिंद पासवान के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से लगभग 8 लाख रुपये के जेवरात और जमीन के कागजात चुराए और फरार हो गए। भुक्तभोगी के पुत्र धीरज कुमार अरुण ने हंटरगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को अपने परिवार के साथ चतरा मामा के घर गए थे और अपना घर में ताला लगाकर चले गए थे। जब वह शनिवार को वापस लौटे, तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था, और उसमें रखे सभी जेवरात और कागजात गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, खूंटीकेवाल मुखिया बृजकिशोर सिंह और थाना इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा दल–बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से जानकारी ली। पुलिस ने हर पहलू पर जांच शुरू कर दी है, और सीसीटीवी फुटेज की भी छानबीन की जा रही है। यह घटना हंटरगंज में चोरी की बढ़ती वारदातों को लेकर एक और सवाल खड़ा करती है।

## महाकुंभ स्नान के बाद इटखोरी मंदिर में उमड़ी भीड़

**इटखोरी।** महाकुंभ के पावन अवसर पर गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालु अब इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में अपनी श्रद्धा अर्पित करने पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में इन दिनों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, और पूजा–अर्चना का सिलसिला दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। महाकुंभ स्नान के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मानना है कि मां भद्रकाली के दर्शन से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। विशेष रूप से बंगाल और उड़ीसा से भी बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। चूंकि कोलकाता दिल्ली नेशनल हाईवे स्थित चौपारण से मां भद्रकाली मंदिर की दूरी मात्र पन्द्रह किलोमीटर है, यह मार्ग श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुलभ है, जिससे बड़ी संख्या में बंगाल और उड़ीसा के श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आ रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा हुआ है। वे मां भद्रकाली से सुख–शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना कर रहे हैं।

## बिजली करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

हंटरगंज। थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत विशुनपुर गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान नरेश यादव के 35 वर्षीय पुत्र संजय यादव के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, संजय यादव अपने गेहूं के खेत से जानवर निकालने गया था। इस दौरान अनजाने में वह 11 हजार वोल्ट की बिजली की तार की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। उसे तत्काल हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को नाजुक देखते हुए उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत्यु की खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों के चीख–पुकार से आसपास का माहौल गमगीन हो गया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## पेंशनर समाज ने उपायुक्त को किया सम्मानित



**कोडरमा।** शनिवार को पेंशनर समाज द्वारा उपायुक्त मेघा भारद्वाज को शॉल एवं धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षकों का प्रवरण वेतनमान का लाभ देने, 1 जनवरी 2006 के पूर्व सेवानिवृत्त प्रवरण वेतनमान प्राप्त शिक्षकों को ग्रेड पे देने में की गई विसंगति को दूर करने एवं माह फरवरी में ही पेंशन अदालत का आयोजन करने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि सारी मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। फरवरी 25 में निश्चित रूप से पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। शिष्टमंडल में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सचिव नारायण सिंह, संयुक्त सचिव रामनरेश चौधरी, दिलीप कुमार, वीरेंद्र आर्य, सुभाष शर्मा, चंद्रिका प्रसाद, सीता प्रसाद, राजेंद्र सिंह, महेश्वर पांडे आदि मौजूद थे।

### चतरा जिला प्रशासन ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई

# छह खनन पट्टों की मापी कर 47 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** जिला प्रशासन ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशासन ने अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन अवैध खनन गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है। इस उद्देश्य के तहत, अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम बनाई गई है, जो खनन पट्टों की मापी कर रही है। अब तक 6 खनन पट्टों की मापी की गई है, जिनमें कुल 47 करोड़ 18 लाख 46 हजार 248 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बताते चलें कि 06 खनन पट्टों के प्रशाखीय मापी में संजय कुमार सिंह मौजा सिकरी अंचल सिमरिया जिससे 30538776.00 रु., जय शिव कंस्ट्रक्शन मौजा चटनिया अंचल चतरा 141803610.00, एपीएन डेवलपर्स एण्ड स्टोन पीभीटी एलटीडी मौजा चटनिया अंचल चतरा 172357677.00, मां सुरूची स्टोन वर्क्स मौजा मिश्रौल अंचल चतरा 95507611.00, चटनिया माइंस मौजा चटनिया अंचल हंटरगंज 8638574.00 रुपया का कुल फाइन किया गया हैं। जिसमें छठे माइंस में सीताराम बाबू मौजा अकता हंटरगंज से 2 करोड़ 30 लाख का कारण पृच्छा मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उसपर भुगतान हेतु फाईनल डिमांड दिया जायेगा। आगे उन्होंने बताया कि उक्त खनन पट्टों में कुछ खनन पट्टा क्षेत्र में चालान से अधिक खनन करते हुए पाया गया, कुछ प्रशाखीय मापी में खनन पट्टा क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में खनन कार्य पाया गया। उक्त सभी माइंसों के उपर फाइन लगाया गया है। साथ ही वर्तमान में खनन कार्य को भी बंद करा दिया गया है। उक्त फाइन राशि में से जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद मे जमा होनेवाले 2801171.00 रु. को डीएफएफटी गाईड लाइन के अनुसार जिले के विकास कार्यों में लगाया जाएगा। कुछ माइंस ऐसे भी हैं जो लीज एरिया से हटकर भी सरकारी जमीन पर उत्खनन का कार्य किया गया है उसका लीज रद्द करने की अनुशंसा की गयी है, उसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उनको टोटिस भी निर्गत किया गया है। रूल के हिसाब से जो खनन का कार्य है उसपर भी रोक लगा दिया गया है। इसके अलावा, शेष पट्टों की मापी की प्रक्रिया जारी है, और इस दौरान कुछ माइंस पर जुर्माना और बढ़ सकता है। जनवरी 2025 में प्रशासन ने 2 लाख 53 हजार सीएफटी बालू और पत्थर की खेप जब्त की है और 18 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। अवैध खनन और परिवहन में लिप्त 15 वाहनों को भी जब्त किया गया है, जिनसे 2 लाख 5 हजार 838 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन की रोकथाम के लिए आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अगर उन्हें अवैध खनन, परिवहन या भंडारण से संबंधित जानकारी मिले, तो वे उसे संबंधित अधिकारियों को तुरंत दें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहुर आलम, जिला खान निरीक्षक राजेश हांसदा और मीडिया के पत्रकार बंधु भी उपस्थित थे।

# लगातार दूसरे दिन गिद्धौर प्रशासन ने अवैध बालू भंडारण को किया जब्त

- **बालू माफियाओं में मचा हड़कंप**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिद्धौर।** लगातार दूसरे दिन गिद्धौर प्रशासन ने अवैध बालू भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 2800 सीएफटी अवैध बालू जब्त किया। शनिवार को अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में एसडीओ के आदेशानुसार गिद्धौर थाना की टीम ने कटघरा, रामनगर सियारी जंगल से अवैध बालू का भंडार जब्त किया।

छापेमारी अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अवर निरीक्षक रंजन कुमार सिंह, सीआई प्रमोद कुमार सिंह, चौकीदार अजय कुमार समेत अन्य अधिकारियों की टीम मौजूद थी। अंचलाधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध तरीके से बालू भंडारण करने वाले माफियाओं के खिलाफ जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आते, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर किए गए इस छापेमारी अभियान के दौरान जब्त किया गया अवैध बालू अंचल कार्यालय गिद्धौर लाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी को अवैध बालू भंडारण की सूचना मिलती है, तो अगले दिन भी कार्रवाई की जा सकती है। इस छापेमारी से अवैध बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध बालू भंडारण की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और सशस्त्र बल के साथ छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री की पहल पर दो दिव्यांग बच्चों को इलाज हेतु भेजा गया रिम्स



घाघरा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा ट्विटर पर संज्ञान लेने के बाद बड़काडीह ग्राम निवासी बिपता उरांव के दिव्यांग दो वर्षीय पुत्र राजकुमार उरांव और 8 वर्षीय पुत्री रंजीता कुमारी को इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। इसके बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लेने के बाद उपायुक्त गुमला के निर्देश पर बीडीओ दिनेश कुमार बड़काडीह गांव स्थित बिपता उरांव के घर मेडिकल टीम के साथ पहुंचे। जहां देखा कि बिपता के दोनों पुत्र पुत्री शारीरिक रूप से पैरों से विकलांग थे और शरीर पर घाव भी हो गया है। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। जहां इलाज के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रिम्स भेजा जाएगा। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा ट्विटर हैंडल के माध्यम से संज्ञान लेने के उपरांत उपायुक्त के निर्देशानुसार दोनों दिव्यांग भाई बहनों को इलाज हेतु भेजा गया है।

### 56 टीवी मरीज के बीच फूड पैकेट राजी लड्डू और कंबल का हुआ वितरण



घाघरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में स्वास्थ्य विभाग और हिंडाल्को सीएसआर के संयुक्त तत्वाधान में न्यूट्रीशन फूड पैकेट किट, रागी लड्डू और कंबल का वितरण 56 टीवी मरीजों के बीच चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का द्वारा किया गया। इस क्रम में यक्ष्मा विभाग के प्रखंड समन्वयक अमित प्रसाद ने टीवी को हराने के लिए विशेष 100 दिन का कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को जांच कराने की अपील की। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि टीवी बीमारी को सब कोई को मिलजुल कर हराना है। दवा का सेवन नियमित रूप से करें जांच प्रत्येक 2 महीने में स्वास्थ्य केंद्र के जांच केंद्र में आकर कराए। नशा पान से बचे। हिंडालको के अभय भारती ने स्वस्थ आहार लेने गर्म पानी पीने एवं योग प्राणायाम के लाभ को बताया। मौके पर बिटीटी सीमा देवी, बबिता देवी, पारस साहू, भोला चिक बड़ाइक, रामावतार पासवान, संजोत देवी व कर्मी और मरीज उपस्थित थे।

### पुसो मंडल सिसई के कांग्रेसियों ने निकाला सम्मान मार्च



सिसई। प्रखंड कांग्रेस कमेटी पुसो सिसई के तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मौके पर पुसो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा ने कहा कि राहुल गांधी के निर्देशानुसार पूरे देश में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति सम्मान मार्च निकाल कर देश के प्रति, संविधान के रक्षा के प्रति अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर हमलोगो ने पुसो मंडल क्षेत्र में ग्राम पहामु से ग्राम हेसागुटु तक संविधान बचाव, देश बचाव, डॉ अंबेडकर का अपमान नही सहेंगे नारा के साथ पैदल सम्मान मार्च निकाला। जिसमें प्रखण्ड अध्यक्ष बैबूल अंसारी, मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, खुदी बड़ाइक, डॉ विजय यादव, अहमद पवरियां, इमरोज पवरियां, मोतलीब अंसारी, आशिक अंसारी, सुसील मुंडा, कुलदीप सिंह, अनुज लोहरा, छोटन साहू, संजय महतो, रमेश उरांव, अनिल उरांव, अफरोज अंसारी, आदि शामिल थे।

### सविल सर्जन ने जागृति हॉस्पिटल व रेफरल अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की



गुमला। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शनिवार को असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गुमला डॉ धनुर्जय सुंबराई के द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जागृति हॉस्पिटल, बाजार टांड़ सिसई स्थित अल्ट्रासाउंड सुविधा एवं रेफरल अस्पताल सिसई की चिकित्सा सेवाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण दल में सिविल सर्जन और अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के साथ प्रधान लिपिक अशोक कुमार लाल एवं शिवचरण साहू भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, स्वच्छता, मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा आवश्यक संसाधनों की स्थिति की जांच की गई।

### जिला उद्यान गुमला ने बागवानी एवं उद्यानिकी प्रशिक्षण का किया आयोजन



गुमला। जिला उद्यान विभाग गुमला व शशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायत के 70 किसान शामिल हुए। यह प्रशिक्षण बिशुनपुर प्रखंड के सेरका पंचायत भवन में दिया गया। शशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेनर सुशील उरांव एवं सिरका मुंडा के द्वारा किसानों को पांच दिवसीय ट्रेनिंग दिया गया। जिसमें खेती एवं बागवानी उन्नत किस्म से किस तरह से किया जा सकता है और रासायनिक खादों का उपयोग कम करते हुए कैसे जैविक खाद का प्रयोग करते हुए खेती किया जा सकता है एवं अन्य चीजों पर विशेष रूप से किसानों को जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना परवीन, जिला तकनीकी पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह के द्वारा ट्रेनिंग किए हुए सभी किसानों को सर्टिफिकेट के साथ कृषि संबंधित टूल्किट वितरित किया गया।

# आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने कहा लोकलुभावन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा संसद में प्रस्तुत आम बजट देश की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में आम जनता से लेकर किसान, नौकरीपेशा वाले लोगों का ख्याल रखा गया है। वहीं पहली बाद देश के आम बजट में मध्यवर्गीय परिवार का ख्याल सरकार ने विशेष तौर पर रखी जो देश के ग्रोथ इंजन को तेजी से बढ़ने में मदद करेगी। बजट में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष रूप से जोर दिया गया है। वहीं देश को प्रगति की ओर बजट ले जाने में सहायक साबित होगी। बजट की सत्ता पक्ष ने सराहना की तो विपक्ष ने लोकलुभावन व गरीब विरोध करार दिया है।

**आम बजट पूंजीपतियों के लिए है: कलीम अख्तर**

झामुमो नेता मो कलीम अख्तर ने कहा कि बजट पूंजीपतियों के लिए है। बजट में आम जनता के हितों का ख्याल नहीं रखा गया है। बजट गरीब किसानों के लिए लाभकारी साबित नहीं होगी। बजट से कुल मिलाकर देश की आर्थिक प्रगति में बाधक साबित होगा।

### बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है : सुदर्शन भगत



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि वित्त मंत्री के द्वारा प्रस्तुत आम बजट में देश के हर वर्ग का ध्यारन रखा गया है। विशेषकर किसानों को अब केसीसी के तहत सात लाख ऋण मुहैया कराया जाएगा। जिसे किसान बेहतर कृषि कार्य कर आर्थिक उन्नति की ओर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

### बजट से मिला मध्य वर्गीय परिवारों को तौफा : विनय लाल



भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा कि देश की आम बजट में मध्यवर्गीय परिवारों को केंद्र सरकार ने तोफा प्रदान किया है। अब 12 लाख के आय में लोगों को टैक्स नहीं देना पड़ेगा। इससे रोजगार बढ़ेगा और मध्यवर्गीय परिवार के जेब में पैसे रहेंगे। वहीं टैक्स के कई सलैब में कटौती कर लोगों को सरकार ने राहत प्रदान की है। विशेषकर किसानों को अब केसीसी में सात लाख का ऋण मुहैया कराया जाएगा।

### आम आदमी का रखा गया ख्याल : कमलेश उरांव



पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि बजट में नौकरी करने वालों से लेकर आम नागरिक का ध्यान रखा गया है। कैंसर सहित कई जीवन रक्षक दवाओं में सरकार ने सीमा शुल्क कम कर दी है। जिसे लाखों लोगों के जीवन की रक्षा होगी। वहीं स्टार्टअप के लिए सरकार ने बजट में कई घोषणाएं की है।

### बजट लोकलुभावन है, जनता को नहीं मिलेगा लाभ: शिव कुमार



कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत ने कहा कि आम बजट लोक लुभावन है। बजट से देश की ग्रोथ इंजन पर असर पड़ेगा। बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। साथ ही बजट से महंगाई दर पर कमी नहीं आएगी। बजट कुल मिलाकर गरीब, किसान व मजदूर विरोधी है।

### नया बिजनेस के लिए महिला उद्यमियों को मिलेगा दो करोड़ ऋण : शैल मिश्रा



महिला नेत्री सह वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने कहा कि आम बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष रूप से फोकस की गई है। नया बिजनेस करने के लिए एसटी, एससी महिला उद्यमियों को दो करोड़ ऋण बिना किसी दस्तावेज के प्रदान किया जाएगा। इससे महिलाएं प्रगति करेंगी और अच्छा कार्य कर अपने परिवार व देश के विकास में योगदान देंगी।

### बजट में मध्यम वर्ग व व्यापारियों का रखा गया ध्यान: राजेश सिंह



चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट की सराहना करते हुए कहा कि देश में अब तक प्रस्तुत हुए आम बजट में मध्यम वर्गीय परिवारों का ख्याल नहीं रखा जाता था। हमेशा उनकी उपेक्षा की जाती थी। लेकिन इस बार वित्त मंत्री ने 12 लाख रूपया आय को टैक्स फ्री कर मध्य वर्गीय लोगों का ख्याल रखा गया है। वहीं कई टैक्स सलैब में कटौती कर व्यापारियों को भी राहत प्रदान की गई है।

## डायन-बिसाही के शक में मां-बेटी की टांगी से मारकर निर्मम हत्या, आरोपी गिरफ्तार

>> रायडीह पुलिस ने जमगई के पुरना पानी जंगल के पास खेत से दो महिलाओं का शव बरामद किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने जमगई के पुरना पानी जंगल के पास खेत से दो महिलाओं का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त 68 वर्षीय सीता देवी पति स्व सावना प्रधान व उसकी पुत्री 50 वर्षीय शांति देवी के रूप में हुई। दोनों जगमई डुरूटोली निवासी हैं। दोनों को तेजधार हथियार से मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीण व क्षेत्र के मुखिया के द्वारा रायडीह पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रायडीह थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया और मामले की छानबीन करते हुए जमगई डुरूटोली निवासी अभियुक्त कमलेश प्रधान को गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मां-बेटी की हत्या उसने 30 जनवरी को ही शाम में पुरना पानी जंगल के खेत में टांगी से मारकर की थी। अभियुक्त ने बताया कि उसकी पत्नी हमेशा बीमार रहती थी। डायन-बिसाही के शक में दोनों की उसने हत्या कर दी।

## लोहरदगा जिला में जीरो ड्रॉपआउट के लिए किये गये प्रयास की स्टोरी को नीति आयोग ने दिया देश में पहला स्थान

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में सीजनल माइग्रेशन के कारण होनेवाले ड्रॉपआउट को रोकने के लिए किये गये प्रयास की नीति आयोग ने सराहना की है।

नीति आयोग ने अपने 'नीति फॉर स्टेट्स : विकसित भारत स्ट्रेट्जी प्लेटफार्म' पर लोहरदगा जिला में सेकेंडरी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के जीरो ड्रॉपआउट के लिए जिला प्रशासन की ओर से किये गये बेहतर प्रयास पर भेजी गई स्टोरी को देशभर में पहला स्थान दिया है। जिला के



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इसके लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम तथा पिरामल टीम की प्रशंसा की है। जिला प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर इसके लिए अभियान चलाया गया था, जिसका उद्देश्य सेकेंडरी स्कूलों में सीजनल माइग्रेशन के चलते आ रहे ड्रॉपआउट की समस्या को कम करना था।

जिला प्रशासन तथा पिरामल टीम की ओर से इसके लिए स्वास्थ्य के कारण, गरीबी के कारण, स्कूल दूर होने के कारण, परिवार से दूर होने के कारण जैसे बिंदुओं पर रणनीति बनायी गई और सेकेंडरी स्कूलों में ड्रॉपआउट रोकने के लिए पंचायत की मदद से अभियान चलाया गया था।

### 16 एवं 17 फरवरी को होगा दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर गुमला में जिला स्तरीय पुस्तक मेले गुमला लिटरेचर फेस्टिवल दो का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। 16 एवं 17 फरवरी को झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय पुस्तक मेले में राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय विभिन्न भाषाओं के प्रसिद्ध लेखकों व प्रकाशकों को आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही राज्य के बेहतरीन पुस्तक विक्रेताओं से भी संपर्क स्थापित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु बिरसा मुंडा एग्रोटेक पार्क के स्थान को चयनित किया गया है। पुस्तक मेले में पुस्तक विक्रेताओं एवं पाठकों के लिए एंट्री निः शुल्क रहेगी। जिले के छात्रों एवम पाठकों के बीच साहित्य में रुचि को बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में इस प्रकार के पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। पुस्तक मेले में विभिन्न भाषाओं के साहित्य से जुड़ी पुस्तकों के अतिरिक्त पाठ्य पुस्तकें तथा प्रतियोगी परीक्षा से जुड़ी पुस्तकें भी उपलब्ध होंगी।

## गुमला में ओबीसी आरक्षण को लेकर ट्रिपल टेस्ट कराने की मांग

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** शहर के निवासियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण हेतु ट्रिपल टेस्ट सर्वे गुमला शहर में कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य के नगर निकाय चुनाव से पूर्व ओबीसी का आरक्षण निर्धारित करने हेतु ट्रिपल टेस्ट सर्वे शुरू किया गया है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देश पर निकायों में बीसी वन व बीसी टू वर्ग के नागरिकों का अध्ययन किया जाना है। जिसको लेकर आयोग ने सभी जिलों को प्रपत्र उपलब्ध कराया है। जिसमें मतदाताओं के नाम, पता, लिंग उम्र एससी, एसटी, बीसी वन व बीसी टू की पूरी जानकारी भरी जानी है। यह डाटा 31 जनवरी तक तैयार किया जाना था। लेकिन गुमला शहर में इस तरह का सर्वे नहीं किया गया है। राज्य के कई जिलों धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा सहित कुल 15 जिलों के शहरी क्षेत्र में ट्रिपल टेस्ट किया जाना था और बिना कार्य के ही प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। जिसपर ज्ञापन सौंपने वालों ने कहा कि यह पूरी तरह भ्रामक है। क्योंकि गुमला शहर में अभी तक इस तरह का ट्रिपल टेस्ट नहीं हुआ है और न ही डोर टू डोर सर्वे कार्य किया गया है। पिछली जनगणना में भी ओबीसी की संख्या नहीं दिखाई गई थी। इस बार भी राज्य में ओबीसी की संख्या छिपाने का कार्य किया जा रहा है। ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ शहरी क्षेत्र में ट्रिपल टेस्ट कराने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवदयाल गोप, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रमेश केसरी व हरिहर कुमार साहु के नाम शामिल है।

### मध्यमवर्गीय आम जनता लगभग आयकर दायित्व मुक्त : रितेश कुमार



लोहरदगा। लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भाजपानीत मोदी सरकार ने चिर प्रतीक्षित उम्मीदों को पूरा करते हुए आयकर में 12 लाख रुपये की छूट देकर लगभग मध्यमवर्गीय आम जनता, सरकारी कर्मचारी व व्यवसायीवर्ग के चेहरे में मुस्कान लौटा दिया है। वहीं वेतन भोगियों के लिये 12 लाख 75 हजार का छूट दिया गया है। अब जबकि वेतनभोगियों के अलावे साधारणतः 12 लाख रुपये तक इन्कम करनेवालों को आयकर मुक्त कर दिया गया है। वहीं मेडिकल व इंजीनियरिंग का सीट बढ़ाना स्वागत योग्य है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस बार भी झारखण्ड के लिए कुछ विशेष प्रवधान नहीं करके झारखण्ड के साथ मोदी सरकार ने नाइंसाफी का काम किया है, इस कारण झारखण्ड के लोगों में थोड़ा मायूसी जरूर है।

### अधिवक्ता संघ परिसर में तीन को सरस्वती पूजा का होगा आयोजन

लोहरदगा। लोहरदगा जिला अधिवक्ता संघ स्थापना के पश्चात प्रथम बार अधिवक्ता भवन परिसर में मां भगवती श्री श्री सरस्वती माता का पूजनोत्सव आगामी 03 फरवरी को आयोजित किया जा रहा। यह जानकारी जिला अधिवक्ता संघ लोहदगा के महासचिव अधिवक्ता लाल दीपक नाथ शाहदेव ने दी है। शाहदेव ने सभी सम्मानित अधिवक्ता गणों से अनुरोध किया है कि इस पावन उत्सव में सपरिवार भाग लेकर आयोजन को सफल बनायें एवं पुण्य के सहभागी बने। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से यह भी अनुरोध किया है कि अपने साथ पुष्प और बेलपत्र भी लेकर आएंगे। संघ परिसर में नौ बजे पूजन प्रारंभ एवं पुष्पांजलि अर्पण किया जाएगा।

### ई-जनशिकायत कार्यक्रम में पालकोट व कामडारा प्रखंड के लोगों की डीसी ने सुनी समस्या

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को ई–जनशिकायत कार्यक्रम में बसिया और कामडारा प्रखंड के नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर समस्या सुनी। कार्यक्रम में पालकोट और कामडारा प्रखंड से लगभग 20 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित बीडीओ के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में मंइयाा सम्मान योजना के तहत गलत अकाउंट पर पैसे चले जाने की समस्या, रेफरल अस्पताल बसिया में सहिया रेस्ट रूम बनाने का आग्रह, पेंशन योजना, राशन कार्ड में नाम में सुधार, बसिया स्थित कोयल नदी पर बने ब्रिज की मरम्मती, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, विद्यालय मरम्मती, शौचालय निर्माण, आवास योजना, आपसी समस्या, जमीन विवाद, सहित अन्य समस्याएं थी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पंचायत एवं ग्राम स्तरों की समस्याओं के निष्पादन हेतु ग्राम सभा करते हुए उक्त समस्याओं के निवारण करने के निर्देश दिए।

## कुमुदिनी अनुपम बनी जिलास्तरीय राजदूत

खबर मंत्र संवाददाता



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यालय की शिक्षिका कुमुदनी अनिपम प्रसाद जिला स्तरीय राजदूत बनी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारशिला मानी जाने वाली प्रेरणा कार्यक्रम में भाग लेकर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा की विज्ञान शिक्षिका कुमुदिनी अनुपम प्रसाद लोहरदगा जिले की राजदूत के रूप में चयनित हुई हैं। इन्होंने लोहरदगा जिले के रा.चुन्नीलाल उच्च विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी के साथ भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा वड़नगर, गुजरात में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में जिला का प्रतिनिधित्व की थी। जिसे कार्यक्रम से प्राप्त प्रेरणादायक अनुभवों को जिले के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ अनुभव को साझा करके छात्र छात्राओ के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करेंगी। विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा प्रेरित होंगे और वसुधेव कुटुम्बकम के साथ विविधता में एकता को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षिका कुमुदनी अनुपम प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं को प्रेरित हो कर आत्मनिर्भर बनेंगे और सशक्त भारत का निर्माण होगा।

## जारी प्रखंड में सात घरों को हाथियों ने किया क्षतिग्रस्त, फसलों को रौंदा

खबर मंत्र संवाददाता



**जारी।** जारी व चैनपुर प्रखंड के सीमा पर स्थित श्रीनगर, चटकपुर व कोड़ी गांव के लोग जंगली हाथी के कहर से काफी भयभीत हैं। रोजाना इन तीनो में से एक गांव में जंगली हाथी घुसकर भारी उत्पात मचाते हैं और वन विभाग चैन की नींद सो रहा है। शुक्रवार रात्रि कोड़ी गांव के बलराम कुजूर, जयराम कुजूर, निर्मल बेक, जस्टिन लकड़ा, सुभाष बेक, पइकस खलखो, थॉमस बेक के घर को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। साथ ही सात घर मिलाकर लगभग 150 किलो धान को भी बर्बाद कर दिया। बलराम कुजूर ने बताया कि वह रात्रि में परिवार रात के साथ खाना खाकर आराम कर रहे थे। रात्रि लगभग 11:00 बजे जंगली हाथी कोड़ी गांव में प्रवेश किया। प्रवेश करते ही सबसे पहले मेरे घर को ध्वस्त करना शुरू किया। घर तोड़ने की आवाज सुन हम सभी सोए हुए स्थान से उठ पाते तब तक घर का दिवाला गिरा दिया। किसी तरह जान बचाते हुए घर से बाहर निकल कर चिल्लाने लगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में रामगढ़ ने चतरा को दो विकेट से किया पराजित

### रामगढ़ के अनित्य अनुपम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

खबर मंत्र संवाददाता




**गुमला।** जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 के तीसरे सुपर डिवीजन मुकाबले में रामगढ़ ने चतरा को दो विकेट से पराजित किया। शानिवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में चतरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते 45 ओवरो में 193 रनो पर सिमट गयी। चतरा के रोशन कुमार गंझू ने सर्वाधिक 53 रनो की पारी खेली।

समीर कुमार 44 व यश रावत ने 33 रनो का योगदान किया। रामगढ़ की ओर से अनित्य अनुपम ने तीन विकेट हासिल किये। वही अनुज कुमार ने दो व संयम शर्मा, विनीत साहा और देवेश गोयल को एक - एक विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामगढ़ की टीम ने 41.4 ओवरो में आठ विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। टीम की ओर से अनित्य अनुपम ने सर्वाधिक 48 रनो की पारी खेली।

जबकि सचिन कुमार सिंह ने 25, देवेश गोयल ने 24 व धर्म कुमार ने 13 रनो का योगदान किया। चतरा की ओर से भागवत भरद्वाज ने 4 विकेट लिया। वहीं आयुष कुमार ने 3 विकेट हाशिल किये। रामगढ़ के अनित्य अनुपम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जे एस सी ए द्वारा यहां प्रतिनियुक्ति टी आर डी ओ राजेश झा, अंपायर रुपेश कुमार, अरबिंद कुमार व स्कोरर दीपक ने मैन ऑफ द मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल, आकाश आनंद, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, शशि प्रकाश, विनीत कुमार नाग, यमुना झा, आयुष राज, सनी साहू, मधुसूदन उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## लोहरदगा में धान अधिप्राप्ति के नाम पर किया जा रहा है किसानों के साथ धोखा

### झारखंड सरकार का दावा निकला हवा हवाई

खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** झारखण्ड सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के नाम पर किसानों से अपने अपने संबंधित लैम्प्स में धान बेचने को लेकर तरह तरह की प्रपंच और हवा हवाई वादा करते हुए किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत कैरो प्रखंड क्षेत्र सहित जिला के कई दर्जन ऐसे किसान होंगे जो आज अपने आप को ठगा महसूस कर रहे होंगे। ताजा मामला कैरो प्रखंड का है जहां किसानो ने ज्यादा मुनाफा के लालच में और झारखंड सरकार पर भरोसा करके लैम्प्स में अपना वर्ष भरकर का मेहनत के बाद जमा धान को बेच दिया गया किन्तु सरकार द्वारा जहां 24 घण्टे के अंदर 50 प्रतिशत राशि मिलने की उम्मीद पर धान तो जमा कर दिया किन्तु आज 15 दिनों से ज्यादा होने के बाद आज तक एक भी पैसा नही मिला। जिसके बाद किसानों में सरकार और प्रसासन के प्रति नाराजगी है। किसानो के कहना है कि झारखंड सरकार व सभी स्तर के अधिकारी सिर्फ बात बड़ी बड़ी करते हैं और काम शून्य है। मामले को लेकर प्रखंड विकास विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य से बात करने पर कहा कि ऐसा होना तो नही चाहिए अगर ऐसा है तो दुःखद है मैं मामले को लेकर बात करती हूं जिसके बाद दो दिनों के अंदर भुगतान की बात कही, किन्तु जिला डीएसओ जीएस जायसवाल से कई बात करने की कोसीस की गई किन्तु बात नही हो सके। वहीं जिले के उपायुक्त ने भी फोन रिसिव नही किया। इससे साफ जाहिर होता है कि झारखण्ड सरकार व उसके अधिकारी निरंकुश हो चुके हैं। और जब पत्रकार का फोन रिसीव नही होगा तो आम जनता का क्या मायने रखता है। पूर्व में भी कैरो प्रखंड की स्थिति के बारे में खबर के बारे में प्रकासित किया जा चुका है।अब तो आम जनता चुनाव और सरकार व अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने को विवश हैं।

> कैरो प्रखंड क्षेत्र सहित जिला के कई दर्जन ऐसे किसान होंगे जो आज अपने आप को ठगा महसूस कर रहे होंगे

केचकी संगम तट पर विधायक ने किया वनभोज का आयोजन, पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता हुए शामिल, कहा

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही संगठन होता है मजबूत

खबर मन्त्र संवाददाता



सामूहिक वनभोज का आनंद उठाते कार्यकर्ता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के केचकी संगम तट पर शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक वनभोज कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक कांग्रेस समेत महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत से ही पार्टी की सफलता व संगठन मजबूत होता है। विधायक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य कार्यकताओं के बीच एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना था। ऐसे आयोजन में सभी को एक साथ मिलकर खुशियों का अनुभव करने का मौका मिलता है। विधायक ने इस अवसर पर सभी कार्यकताओं को धन्यवाद किया और कार्यकताओं के साथ बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें समाधान का आश्वासन दिया।

**कार्यकताओं में दिखा जोश व उत्साह :** वनभोज के दौरान कार्यकताओं में जोश और उत्साह देखने को मिला। केचकी संगम तट के अदभुत वादियों और नजारों के बीच आहूत वनभोज में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए। जिससे उपस्थित कार्यकर्ता काफी आनंदित हुए। बता दें कि इस प्रकार के आयोजनों से पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है और कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने और एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### वनभोज में शामिल नेता व कार्यकर्ता

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गुर्जर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रदेश उपाध्यक्ष उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष रोशन कुमार, मणिकांत सिंह, आफताब आलम, प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी, मुन्ना खान, अजीत करमाली, अमित बिरुवा, इफ्तेखार खान, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, समाजसेवी मनोज जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, पूर्व पंचायत समिति प्रेम सिंह, तेतर यादव, अजीत गुप्ता, दिलावर अंसारी, युवा नेता हेसामुल अंसारी, रविंद्र राम, शमशुल अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, नजाम अंसारी, नरेश सिंह, मुखिया बलदेव परहिया, बुद्धेश्वर सिंह, वेरोनिका कुजूर, बिपिन बिहारी सिंह, अवधेश मेहरा, साजिद खान और दीपक प्रसाद समेत झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के तमाम नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में हुंडरू प्रथम एवं नावागढ़ की रसोईया द्वितीय



सम्मानित होते रसोईया

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड संसाधन केंद्र लातेहार के प्रांगण में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल से चयनित रसोइयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न व्यंजन बनाया गया। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोईया उषा देवी को प्रथम एवं मध्य विद्यालय नावागढ़ की रसोइया सुनीता देवी द्वितीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी रसोइयों को शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पुरी, बीपीओ मनीष प्रधान, लेखापाल गजेंद्र राम, पंकज कुमार सिंह, राजेश कुमार, नित्यानंद पांडे, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अली अख्तर, चंद्रिका यादव, कायनात परवीन, बलराम सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, शिक्षक संजीव कुमार चंद्र, प्रमोद कुमार पांडेय, अध्यक्ष कुसमी देवी, उपाध्यक्ष रीना देवी, संयोजिका प्रमिला देवी, संतोष कुमार मेहता, विजेंद्र उरांव, जितेंद्र उरांव, शांति देवी, सहित पूरे विद्यालय परिवार ने रसोईया उषा देवी को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

# डीवीसी ने हेरहंज थाना को उपलब्ध कराया चालक समेत एम्बुलेंस

बीते 26 जनवरी को ऑटो दुर्घटना में एक दर्जन विद्यार्थियों के घायल होने के बाद आई थी एम्बुलेंस की कमी की समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता




एम्बुलेंस

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम/डेवलेक्टो माईनिग लिमिटेड (एमडीओ) ने सामाजिक उत्तरादायित्व निर्वाहन (सीएसआर) के तहत सराहनीय कदम उठाते हुए हेरहंज थाना को आपातकालीन वाहन एम्बुलेंस की सुविधा चालक सहित उपलब्ध करायी है। ज्ञात हो कि बीते 26 जनवरी को बालुमाथ-हेरहंज-पांकी पथ पर स्कूली बच्चों से भरी एक ऑटो और एक पीकअप वाहन से आमने-सामने टक्कर हो गई थी, हादसे में आटो चालक और करीब 11 बच्चें घायल हो गये थे। तुबेद कोयला खान अंतर्गत कोयला का परिवहन हाईवा के माध्यम से इसी मार्ग द्वारा होता है।

26 जनवरी को सुरक्षा संबंधित जानकारी लेते हुए कोयला परिवहन का कार्य पूर्णतः बन्द था। परन्तु कम्पनी के स्थानीय पदाधिकारियों ने पीकअप वाहन और आटो टक्कर को गंम्भीरता पूर्वक लेते हुए घटना स्थल पर पहुँचकर यथासंभव मदद किया और घायलों के ईलाज हेतु आर्थिक मदद भी प्रदान किया और जो घायल बेहत्तर ईलाज के लिए रिम्स रेफर किये गये थे, राँची पहुँचकर कम्पनी के पदाधिकारीगण लोगों के हाल-चाल पूछे तथा ईलाज हेतु यथासंभव उम्मीद से बढ़कर आर्थिक सहायता एवं मदद किये तथा कम्पनी के पदाधिकारी भी मौजुद रहे।

**घटना में बच्चे की हो गई थी मौत, विरोध में ग्रामीणों ने किया था सड़क जाम :** उक्त घटना में एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी, घटना के विरोध में 28 जनवरी को जनता द्वारा नवादा हेरहंज चौक पर सड़क जाम कर विरोध प्रर्दशन किया गया। कम्पनी के द्वारा मृतक बच्चे के परिजन को आर्थिक सहायता, स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में दिये गये तथा यह भी वादा किया गया कि योग्यतानुसार बच्चे के परिजन सुजीत उराँव को स्थानीय स्तर पर नियोजित किया जाएगा। बढ़ती हुई सड़क घटनाओं के मद्देनजर दामोदर घाटी निगम/डेवलेक्टो माईनिग लिमिटेड के द्वारा हेरहंज प्रखण्ड में आपतकालीन वाहन चालक सहित स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध करायी गई है।

ताकि किसी प्रकार की घटना घटित होने पर त्वरित बेहत्तर ईलाज हेतु उसे मदद मिल सके तथा हेरहंज प्रखण्ड में रहने वाले स्थानीय लोग आपातकालीन वाहन का सदुपयोग कर सके।

कम्पनी के पदाधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिया गया कि कोल वाहन त्रिपाल से ढका हो तथा स्थानीय प्रशासन रोड़ पर चलने वाली प्रत्येक गाड़ी की गति भी नियंत्रण में रहे तथा चालक वाहन चलाते समय नशा में न हो और नशीले पदार्थों का सेवन भी न किये हो। वर्तमान में यह पाया गया है कि तुबेद कोयला खान से हाईवा द्वारा होने वाले कोल ढुलाई में हाईवा में लोड किये हुए कोयला त्रिपाल से ढका रहता है जो कि धूलकण और पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक आवश्यक और प्रशंसनीय कदम है।

# सरस्वती विद्या मंदिर ने मनाया वार्षिकोत्सव

### सरस्वती विद्या मंदिर नित्य प्रतिदिन विकास के रास्ते पर अग्रसर होते जा रही है: नरेंद्र



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन विद्या भारती विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गोपाल उपाध्याय, विद्यालय जमीनदाता दिनेश महलका, रितेश महलका, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र पांडे, जिला संघचालक अनिल ठाकुर, सहसचिव सुधांशु दुबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। अतिथि परिचय व सम्मान के पश्चात विद्यालय के सचिव नरेंद्र पांडे ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय के विकास को जानना है तो उसके वार्षिक उत्सव में आएं। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम विद्यालय के इतिहास व वर्तमान को जान पाते हैं।

1984 से संचालित धर्मपुर स्थित विद्या भारती के विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार नित्य प्रतिदिन विकास के रास्ते पर अग्रसर होते जा रही है। यहां के भैया /बहन विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। वही मुख्य अतिथि गोपाल उपाध्याय ने विद्यालय की विकास यात्रा से लातेहार की जनता व अभिभावक को अवगत कराया। आगे उन्होंने बताया कि 1984 ई में जिस पौधा को हम सभी ने मिलकर लगाया था वह एक विशाल रुप धारण कर लिया है।

वहीं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह सचिव सुधांशु दुबे के द्वारा दिया गया। मंच संचालन रेनू गुप्ता व रंगमंच कार्यक्रम संगीत आचार्य दीपक कुमार दास, रेणु गुप्ता, रजनी नाग, मधु, गीता, शील्पा, उपासना, नीलम, रुबी आदि दीदी जी के देखरेख में संपन्न हुआ। मौके पर राजमनी प्रसाद, पंकज सिंह, बलिराम सिंह, राजधानी यादव, रितेश महलका, कोशल कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार,राजबलम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# यूथ कांग्रेस युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है: विजय बहादुर सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



युवाओं को सम्मानित करते विधायक रामचंद्र सिंह

बरवाडीह। यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक शनिवार को बेतला नेशनल पार्क स्थित संग्रहालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन से युवाओं में जोश और उत्साह का संचार किया। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जो युवाओं के विकास और उनकी समस्याओं से संबंधित थे। वहीं यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय बहादुर सिंह ने बैठक में युवाओं को संगठन के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने युवाओं को सक्रिय राजनीति में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज प्रदेश उपाध्यक्ष उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी समेत कई युवा नेताओं ने अपने विचार साझा किए और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने मिलकर एकजुटता और सहयोग का संकल्प लिया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यूथ कांग्रेस युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की बैठकें युवाओं में राजनीतिक जागरूकता और सक्रियता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यकम में इफ्तेखार अहमद, जिला अध्यक्ष गुर्जर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रदेश उपाध्यक्ष उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष रोशन कुमार, मणिकांत सिंह, प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी, मुन्ना खान, अजीत करमाली, अमित बिरुवा, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम, चंदन पासवान, अजीत गुप्ता, सुजीत गुप्ता, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद, संजीव सिंह, राहुल गुप्ता, दिलावर अंसारी, शमशुल अंसारी, नरेश सिंह, नजाम अंसारी समेत झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के तमाम नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आम बजट को पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा

खबर मन्त्र संवाददाता



अमित कुमार



महेंद्र प्रसाद



असगर खान



अयुब खान

**चंदवा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में मोदी सरकार तृतीय कार्यकाल वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए पहला बजट पेश किया। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करीब एक घंटे तक बजट पेश किया। इस बार भी बजट को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं। जिस सरकार काम करती नजर आयी। बजट को लेकर देशभर के नेताओं के भी प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रहे हैं। चंदवा में भी पक्ष विपक्ष के नेताओ व आमलोगों ने बजट पर अपने विचार को साझा किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि पेश हुए बजट को देश के विकास के लिए खास बताया, उन्होंने पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालने का कार्य है। आगे कहा कि विकसित भारत का बजट समाज के हर वर्ग को लाभ पहुचाने वाला है। 12 लाख तक के आय में टैक्स स्लैब को शून्य कर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत पहुचाई है। इस बार के बजट में युवाओं के रोजगार सृजन, स्वरोजगार पर विशेष जोर दिया गया है।

झामुमो नेता सितमोहन मुंडा ने कहा कि बजट के बहाने मोदी सरकार ने जनता को ठगने का कार्य किया है। बजट में झारखंड के लिए कुछ खास नहीं है। उन्होंने कहा यह बजट केवल सरकार के चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है। इसमें महंगाई और बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई खाका पेश नहीं किया गया है।

माकपा नेता अयूब खान ने कहा,यह निराशाजनक बजट है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है। यह आम जनता के लिए निराशाजनक बजट है। बजट पर मध्यम वर्ग की 12 लाख तक के आय में शून्य टैक्स की घोषणा जले हुए जख्म पर नमक रगड़ने के समान है। जब मध्यम वर्ग के पास पैसा ही नहीं है तो इनकम टैक्स पर टैक्स की छूट करना बेकार की बातें है।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि आज नई संसद में पुराने ढर्रे पर पेश बजट केवल ढकोसला है। यह देश के किसानों, गरीबों युवा, आदिवासी,महिलाओं के साथ धोखा है। कॉंग्रेस पार्टी इस बजट को एक सिरे से नकारती है।

भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू ने इस बजट को लेकर कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस बजट की सबसे बड़ी बात हर जिले में कैंसर अस्पताल का निर्माण करना है। साथ ही किसानों के लिए केसीसी लोन 3 लाख की सीमा को बढ़ाकर 5 लाख की गई है।

## एक नजर में

### डीडीसी सुरजित कुमार सिंह ने विभिन्न योजनाओं के बारे में दिया जानकारी

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरजित कुमार सिंह ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जिसमें मनरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिन का अकुशल रोजगार उपलब्ध कराते हुए टिकांउ परिसम्पति का निर्माण करना है। रोजगार पाने के लिए परिवार में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी सदस्यों का एक जॉबकार्ड बनाया जाता है। जॉब कार्ड की मांग ग्राम पंचायत /प्रखण्ड से की जा सकती है। जॉब कार्ड 15 दिन के अंदर नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। जॉब कार्ड उपलब्ध होने के बाद परिवार एक बार में न्यूनतम 14 दिन के कार्य का मांग कर सकते हैं। कार्य 15 दिन के अंदर उपलब्ध कराना अनिवार्य है अन्यथा कार्य मांग करने वाले परिवार को बेरोजगारी भत्ता का भुगतान किया जायेगा। कार्य करने वाले श्रमिकों को कार्य समाप्ति के उपरांत 15 दिन के अंदर मजदूरी भुगतान करना अनिवार्य है। यदि 15 दिन के अंदर भुगतान नहीं किया जाता है तो मजदूरी की राशि के साथ विलंबित मजदूरी की राशि का भी भुगतान किया जायेगा। योजनाओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया जाता है। कार्यस्थल पर चिकित्सा सहायता, पीने का पानी, छाया उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अधिकत्तम 65 वर्ष आयु के मजदूर किसी वित्तीय वर्ष में 15 कार्य किया है एवं उनकी मृत्यु अथवा दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु (हत्या सहित) अथवा अंगभंग हो जाने पर निम्न प्रकार से अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान उनके वैध उतराधिकारियों को किया जायेगा। दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु (हत्या सहित) होने अथवा स्थायी रूप से विकलांग/अंग भंग होने होने पर राशि 2,00,000/- (दो लाख) रूपए। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर राशि 75,000/-(पचहत्तर हजार) रूपए। सामान्य मृत्यु होने पर राशि 100000/- (एक लाख) रूपए।

### सर्पदंश से 15 वर्षीय युवक अचेत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के दिरीदाग ग्राम में शनिवार को सर्पदंश से एक युवक अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विशाल सिंह 15 वर्ष पिता लक्ष्मण सिंह ग्राम दिरीदाग थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रहा था। जहां एक विषैला सांप ने उसे काट लिया। जिससे वहां अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा विशाल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### ईंट लदे ट्रक के चपेट में आया बाईक, एक की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता-सेरक-निंद्रा पथ पर निंद्रा रोड के समीप शुक्रवार की देर शाम बाइक और ईंट लदी ट्रक के बीच टक्कर हो गयी, जिसमे बाइक सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृत युवक की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के लोहरसी बहेराटोली निवासी अरुण लोहरा (18 वर्ष) पिता बगड़ा लोहारा के रूप में हुई है, जबकि बाइक पर सवार अनिल लोहारा को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम मृतक अपने बाइक जेएच 03 एसी 8573 पर सवार हो कर सेरक गांव जा रहा था, इसी दौरान सेरक की ओर से आ रही ईंट लदी ट्रक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक नंबर प्लेट खोल कर निकल गया। सूचना के बाद चंदवा थाना पुलिस ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

### भाटचतरा में पशु मेला का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाजार टांड मे प्रत्येक वर्ष की भांति पशु मेला का आयोजन हुआ। मेले मे पशुओं की खरीद बिक्री जारी है। बसंत पंचमी के दिन दूर दराज से ब्यापारी आते हैं और बसंत पंचमी के दिन मेला पूरी तरह पूर्ण हो जाता है। साथ ही चतरा, हजारीबाग, लातेहार सहित कई जिला से वर्तन जवेरात की खरीद बिक्री की जाती है। मेले मे दूर दूर से लोग आते हैं। पिछले कई वर्षों से भाटचतरा मे मेला का आयोजन हो रहा है। यह मेला बेसरा, मकारा, कुशमाहा, झीरमतकोमा व भाटचतरा पांच गांव के संयुक्त कमिटी के सहयोग से लगता है।

### सेविकाओं को दी गई कुपोषण प्रबंधन की जानकारी

**चंदवा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में आंगनबाडी सेविकाओं कों कुपोषण प्रबंधन की जानकारी दी गई। लातेहार से पहुंचे प्रशिक्षक निशांत ने कुपोषण प्रबंधन की जानकारी देते कुपोषित बच्चों के पहचान के तरीके बताए। कहा कि बेहतर पोषण देकर कुपोषण को मात दी जा सकती है जरूरत है कि कुपोष्ति बच्चों को चिन्हित किया जाए। यदि कुपोषण गंभीर हो तो उन्हें एमटीसी भिजवाएं। इसके लिए एएनएम से उसकी जांच करा लें। महिला पर्यवेक्षिका ने छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाव के लिए स्तनपान को आवश्यक बताया। समय-समय पर बच्चों की लंबाई व वजन की माप के साथ कुपोषण से बचाव के टिप्स दिए गए। सेविकाओं से कुपोषण प्रबंधन में सहभागिता निभाने की अपील की गई। मौके पर सुचिंता देवी, सुषमा देवी, पद्मावती देवी, विद्या रानी, सुकृता देवी, देवन्ती देवी, रानी देवी, शनिचरिया देवी, जितनी देवी, मारगेट, बारथा समेत अन्य मौजूद थे।

### जन्म निबंधन प्रमाण पत्र बनाने को लेकर हुई बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक संकुल साधन सेवी,पंचायत सचिव की बैठक हुई। बैठक विभिन्न विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु बैठक रखी गई थी। जिसमें सभी विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने विद्यालयों पढ़ रहे बच्चों का शिविर लगाकर जन्म निबंधन कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान शिक्षकों द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी से पदाधिकारी को अवगत कराया। जिसमें बताया कि सबसे पहले रजिस्टर्ड के पास एफिडेविट कराना होता है। उसके बाद पांच अन्य गवाह की मांग की जा रही है। साथ ही साथ कई ऐसे नियम लगा दिए गए हैं जिससे जन्म प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी हो रही है। जिसको लेकर वरीय अधिकारियों को सूचित करने की बात कही गई ।वही मौके पर बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने सरकार द्वारा निर्धारित एसओपी के तहत ही सभी लोगों को जन्म प्रमाण पत्र बनाने की बात कही गयी।

### झामुमो नेताओं ने उकामाड़ में चलाया सदस्यता अभियान

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहर जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ सहदेव और जिला संयोजक सदस्य अरुण कुमार दुबे के निदेर्शानुसार शनिवार को पंचायत सचिवालय उकामाड़ के प्रांगण में पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी एवं सुप्रियन मिंज के द्वारा कार्यकताओं के साथ एकदिवसीय सदस्यता अभियान चलाया गया। जहां श्री तिवारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पार्टी की सदस्यता बढ़ाना और लोगों को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करना है। सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी के नेताओं ने लोगों से संपर्क किया और उन्हें पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता लोगों को झामुमो के उद्देश्यों और झारखंड के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लातेहार।** आरबीआई के द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम अग्रगति (संस्था) के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैराटोली, प्लस टू हाई स्कूल उदयपुरा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लातेहार के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संस्था के सेंटर कोऑर्डिनेटर सच्चिदानन्द लकड़ा, सेंटर ट्रेनर धर्मदेव उरांव ने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा लोन, साइबर फ्रॉड शिकायत नंबर 1930 की भी जानकारी दी। उन्होंने सोशल सिक्योरिटी स्कीम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी के अनजान नंबर से कॉल आए तो किसी तरह की जानकारी नहीं देना है।

# बोकारो में चला 'हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं' जागरूकता सह जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक अभय चौधरी एवं अमित कुमार के नेतृत्व में हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं जागरूकता सह जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों को ईंधन न दें और इस अनिवार्यता के बारे में प्रमुखता से बोर्ड लगाएं। साथ ही इसका अक्षरशः पालन भी करें। परिवहन विभाग झारखंड सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य सवार और पीछे बैठे यात्रियों दोनों के लिए हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित करके यातायात दुर्घटनाओं को कम करना है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण भी किए जाएंगे तथा नियमों का पालन न करने वाले पेट्रोल पंपों संचालकों पर जुर्माना या कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोटरयान निरीक्षक ने नियम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह सड़क सुरक्षा और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए जन जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं ताकि आम नागरिकों को हेलमेट की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जा सके। बाइक चलाने और पीछे बैठने वालों- दोनों को हेलमेट लगाना होगा। पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट तेल भरवाने के लिए, जबरदस्ती करने वालों का चालान काटा जाएगा। इसके लिए सभी पंप मालिकों को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देनी होगी। इस दौरान यातायात निरीक्षक आरके राणा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक गोविंद सहित अन्य उपस्थित थे।

# दुमका : सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक मुफस्सिल थाना परिसर में शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुफस्सिल थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए राज्य सरकार के द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पूजा समिति को एक आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा। जिसमें समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का नाम और नंबर देने होंगे। आवेदन में पूजा, विसर्जन की समय एवं रूट निर्धारित करना होगा। डीजे पर पूरी तरह पाबंदी होगी। पूजा के दौरान किसी दूसरे समुदाय के धार्मिक भावना आहत नहीं हो, ऐसे गाने पर पाबंदी होगी। बड़े पूजा पंडालों में लाईट के लिए जनरेटर एवं अग्निशामक यंत्र आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने लोगों को अफवाहों से बचने एवं किसी प्रकार की असमाजिक तत्वों की हरकते को पुलिस को सूचित करने का अपील किया। कमेटी के सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर देने सहित कई आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर होगी। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने का आग्रह किया। बैठक में दिग्घी ओपी थाना प्रभारी अनुज सिंह, एएसआई बिहारी उरांव, प्रदीप्तो मुखर्जी, मुस्ताक अली, रूपेश यादव, मुकेश सिंह, संजय यादव उपस्थित थे।

## एक नजर में

### तेनुघाट पत्रकार संघ ने मंत्री का किया स्वागत



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट पत्रकार संघ के द्वारा एल आई सी ऑफिस तेनुघाट में आयोजित सम्मान समारोह में मंत्री योगेंद्र प्रसाद को फूल माला एवं शॉल ओढ़ाकर तथा बुके देकर सम्मानित किया गया। और जर्जर प्रेस क्लब को मरम्मत करने तथा तेनुघाट में रह रहे लोगों को जमीन और मकान को लीज करने की मांग की गई। उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को उन्होंने सुना और निष्पादन करने का भरोसा दिया। इस मौके पर तेनुघाट पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता शास्त्री साह, रोहित कुमार मंडल कनीय अभियंता, प्रतीक सिन्हा कनीय अभियंता पेटरवार, पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, प्रभारी प्रफुल्ल कुमार, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, श्रीराम हैंब्रम, अधिवक्ता अनिल लाल, निशु सिन्हा दिलीप हैंब्रम, राजन नायक, पंकज, संजय शर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

### एसकेएमयू पीजी में नामांकन के लिए आवेदन आज से

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। उक्त निर्णय कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित नामांकन समिति की बैठक में लिया गया। एसकेएमयू के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए इच्छुक छात्र 2 से 16 फरवरी तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीएसडब्लू डॉ जैनेंद्र यादव ने बताया कि यूजी सेमेस्टर-6 का परिणाम प्रकाशित हो चुका है। अब पीजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोला जा रहा है। यूजी पास सभी छात्र 100 रुपये निर्धारित शुल्क का भुगतान कर चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पीजी नामांकन के लिए छात्र चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करेंगे। जिसके बाद उपलब्ध सीटों के आधार पर राज्य सरकार के आरक्षण रोस्टर के आधार पर यूजी के अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी और दस्तावेज सत्यापन के बाद छात्रों को नामांकन शुल्क जमा कर नामांकन लेना होगा। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि पीजी प्रवेश के साथ एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जाएगा। विदित हो कि विश्वविद्यालय परिसर में एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम स्व-वित्तपोषित मोड में संचालित होते हैं। बैठक में डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ पीपी सिंह, डॉ नीलेश कुमार, डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ सुशील टुडू, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ स्वतंत्र सिंह, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ सुजीत सोरेन, डॉ एसके शील, डॉ डीके मिश्र, डॉ राजेश कुमार यादव, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ सयैद राजा इमाम रिजवी, डॉ त्रिपुरारी प्रसाद सिंह, डॉ स्मृति कुमारी, दीपक कुमार, कुमारी नेहा, मनोज आदि उपस्थित थे।

### डीपीएस चास के 5 विद्यार्थियों का जीके ओलंपियाड में जोनल स्तर पर शीर्ष रैंक



बोकारो। डीपीएस चास के 5 विद्यार्थियों ने सिल्वरजोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय जेनरल नॉलेज ओलंपियाड 2024-25 में जहां शीर्ष रैंक प्राप्त किया है वहीं 45 विद्यार्थियों ने राज्यस्तर पर टॉप 100 की सूची में शीर्ष 50 के अंदर अपना स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। कक्षा पहली के जान्वी राज अरफा परवीन नुवेश सागर और कक्षा दूसरी के अंकित राज और प्रणव प्रकाश ने अपनी-अपनी कक्षा श्रेणियों में जोनल स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। 7वीं के आयुष चंद्र महथा ने राज्य स्तर पर रैंक वन तीन विद्यार्थियों परिधि सिंह माहिका मेहरा और रुद्र प्रताप सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त जीएस डारविन शुभम कुमार आयुष कुमार सुदीप सेन आयुष कुमार अंश हिमांशु कुमार महतो अक्षित आनंद श्रेष्ठ रंजन रित्विक अभिनव कुमार अद्वित सिंह अथर्व कुमार सिंह तन्मय भारती सुमित कुमार मिश्रा वंश राज स्मृति शुभम प्रत्यूष कश्यप अर्णव कुमार अरहान अली अध्यन अग्रवाल कृशांग तरेनिया प्रशांत कुमार आदर्श कुमार भैया प्रियांशु राज तन्मय कुमार झा सृष्टि शुक्ला श्रेयांश प्रखर अंकित कुमार पवन कुमार गोराई रियांश रंजन अशरफुल हादी मयंक रंजन अक्षिता सागर शिवांश कुमार सिंह गर्वित कुमार गुप्ता साहिल कुमार आर्यन कुमार पार्थ सारथी दास आकाश कुमार पांडेय अखिलेश कुमार शर्मा चौथे से 27वें स्थान पर काबिज रहे। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन व निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु आयोजित विदाई समारोह संपन्न



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से जनवरी 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 13 अधिशासी तथा 77 अनाधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में अयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी राजश्री बनर्जी एवं बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय उपस्थित थे। एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी। ईडी राजश्री बनर्जी तथा डॉ बीबी करुणामय ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। अंत में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी तथा राजश्री बनर्जी एवं बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया।

### बीएसएल के कोक ओवन और कोल केमिकल्स में 'सेफ्टी सर्कल' प्रतियोगिता



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग में कार्य स्थल की सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा सक्रिय जोखिम प्रबंधन की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग की कुल 9 टीमों ने भाग लिया और सुरक्षा उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अपने विचार साझा किए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जीएम अंजनी कुमार और एस दत्ता राय शामिल थे जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का समग्र मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में टीम प्रगति को प्रथम पुरस्कार तथा टीम स्पार्क को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में अरुण कुमार और जीएम केएन झा ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर विभागीय सुरक्षा पदाधिकारी बागान मुर्मू जीएम सी घड़ाई डीजीएम एसके प्रधान एजीएम पीयूष आनंद क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी शशि सुमन समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरस्वती पूजा की तैयारियों में जुटे मूर्तिकार प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप



बेरमो। सरस्वती पूजा को लेकर पेटरवार प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। पूजा पंडालों में आकर्षक सजावट का कार्य चल रहा है, वहीं मूर्तिकार देवी सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। स्थानीय मूर्तिकार शुभम आर्ट्स के अनुसार, इस वर्ष भी पारंपरिक और आधुनिक शैली की प्रतिमाओं की मांग बनी हुई है। मूर्तिकार मिट्टी से देवी सरस्वती की सुंदर मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। इनमें कुछ मूर्तियां बैठी हुई मुद्रा में तो कुछ खड़ी अवस्था में बनाई गई हैं। प्रतिमाओं को आकर्षक रंगों से सजाया जा रहा है।

### कथारा ओपी प्रभारी के कार्यों से प्रभावित होकर कथारा के व्यापारियों ने किया सम्मानित

बेरमो। इन दिनों कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति की कार्यों की हर तरफ सराहना हो रही है। इसी क्रम बीते देर शाम कथारा बाजार टांड़ में एक कार्यक्रम का विशेष आयोजन कर ओपी प्रभारी प्रजापति को कथारा के छोटे बड़े सभी व्यापारियों और दुकानदारों ने सामुहिक रुप से स्वागत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बीस सूत्री अध्यक्ष सह बेरमो प्रखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर सिंह ने ओपी प्रभारी की सराहना करते हुए कहे कि जहां लोग पुलिस के नाम सुनते ही सहम जाते है वही ओपी प्रभारी ने इस धारणा को पुरी तरह बदल कर रख दिया है। लोग इनसे डरने के जगह प्रेम करते हैं और लोग सिधे सिधे इनसे जुड़े रहते हैं। इतना ही नहीं इनके द्वारा किए गए समाजिक कार्यो की हर तरफ लोग तारीफ कर रहे हैं। जबकि इस आयोजन का संचालन विजय पटेल द्वारा किया गया। मौके पर बाजार समिति कथारा के पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद, संदीप सिंह, बिहारी राम, प्रदीप राम, विनोद राम, अर्जुन, राजेश राम, विक्की, सागर, दिलीप राम, शिवा, संजय,संतोष बहादुर, अमित राम, बसंती देवी, गायत्री देवी, भानु देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, भुटकी देवी, संकुन्तला देवी, सावित्री देवी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### ह्यूमन राइट्स ने प्रयागराज हादसे में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि



बोकारो। यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष आशा देवी की अध्यक्षता में एक बैठक स्थानीय सेक्टर 3 में हुई। इसमें प्रयागराज कुंभ में आकस्मिक दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर तारकेश्वर महतो सुमन सिंह नवीन सिंह बीके पासवान सुमित सिंह प्रेमलता आरती देवी मीरा देवी पुष्पा मिश्रा मंजू सिंह एसएन प्रसाद आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन गंगेश कुमार पाठक ने किया।

### बीडीए कॉलेज पिछरी के प्रभारी प्राचार्य बने आसित कुमार घोषाल



बेरमो। बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी के प्रभारी प्राचार्य आसित कुमार घोषाल ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। बता दे कि 31 जनवरी को प्रभारी प्राचार्य प्रो सच्चिदानंद सिंह के सेवानिवृत्त होने पर प्रो आसित को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया था।

### दुमका : लिपिक संघ करेंगे भूख हड़ताल

दुमका। बंदोवस्त कार्यालय के कर्मियों के कार्यशैली से नाराज विधि लिपिक संघ की प्रमंडलीय इकाई तीन दिवसीय भूख हड़ताल करेंगे। भूख हड़ताल 6 से 9 फरवरी तक आयोजित होगी। इस बावत संघ महासचिव कंचन यादव ने बताया कि संथाल परगना के सभी छह जिले के लिपिक, ग्राम प्रधान एवं रैयत शामिल होंगे। उन्होंने बंदोवस्त पदाधिकारी के नाम आवेदन लिख बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मी एवं नकल सेक्शन के कर्मियों के मनमाने रवैये के विरोध में हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि आउससोर्सिंग के कुछ कर्मी एवं अमीन रैयतों को यह कह बहकाते है कि एसओ, एएसओ, प्रधान पेशकार को जैसा कहेंगे, वैसा करेगे। इस प्रकार रैयतों को ठगा जा रहा है। खतियान एवं आदेश की प्रतिलिपि के लिए आवेदन देने पर सत्यापित प्रतिलिपि निकलने में कई माह लग जाते है। लिपिक संघ ने बंदोवस्त पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई का आग्रह किया है।

### चिन्मय विद्यालय में हुई मां की चरण पूजा



बोकारो। स्थानीय चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती चिन्मय मिशन बोकारो के मार्गदर्शन में भव्य मातृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने अपनी माताओं के चरण धोकर पुष्प अर्पित कर और आरती उतारकर मातृ भक्ति का परिचय दिया। स्वामिनी संयुक्तानंद ने मातृ पूजा की विशेषता बताते हुए कहा कि मां के बिना जीवन सृष्टि की रचना की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मातृ पूजन भारतीय संस्कृति की एक अनमोल परंपरा है जो न केवल माता-पिता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है बल्कि समाज में संस्कारों को सुदृढ़ करने का कार्य भी करती है।

# 46वां झारखंड स्थापना दिवस को लेकर उपराजधानी दुमका सज-धज कर तैयार

## राज्य के लोगों के नाम झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन आज देंगे संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




तैयारी को अंतिम रूप देते कारीगर।

**दुमका।** 46वां झारखंड स्थापना दिवस को लेकर गांधी मैदान में आयोजित होने वाली दो फरवरी को स्थापना दिवस की तैयारी अंतिम चरण पर है। गांधी मैदान पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो चुकी है। इस बार स्थापना दिवस समारोह में संथाल परगना प्रमंडल समेत राज्य के कई दिग्गज नेता, मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्त्ता जुटेंगे।

हर साल की अपेक्षा इस साल स्थापना दिवस समारोह में काफी तादाद में लोग जुटेंगे। समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, दिसोम गुरू शिबू सोरेन, सांसद नलीन सोरेन समेत कई विधायक व नेता शिरकत करेंगे। जहां पार्टी का आगामी साल का आगाज करते हुए 47 वां झंडोतोलन पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे। इसके बाद राज्य के लोग दिशोम गुरू शिबू सोरेन का संदेश सुनेंगे। स्थापना दिवस समारोह में राज्य की समस्या एवं समाधान पर चर्चा होगी। केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यशैली पर चर्चा होगी। आगे विकास की रणनीति तैयार होगी। स्थापना दिवस समारोह को लेकर उपराजधानी दुमका पुरी तरह लाईट सज्जा से जगमग कर रही है। सरकारी कार्यालय भवन समेत जिले के विभिन्न मार्गो पर पार्टी के नेताओं के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाये गये है। स्थापना दिवस की रैली के लिए हर साल की भांति एसपी कॉलेज मैदान में आदिवासी व मूलवासी समेत पार्टी कार्यकर्त्ता परांपरिक हथियार तीर-धनुष, परांपरिक परिधान पंछी एवं परांपरिक वाद्ययंत्र से टमाक व नगाड़ा से लैश होकर पहुंचेंगे।

जहां से रैली निकल पोखरा चौक स्थित संताल हूल के नायक सिदो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। माल्यार्पण सांसद नलीन सोरेन व स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के नेतृत्व में होगी। इसके बाद टीन बाजार होते हुए नीचे बाजार होते हुए मार्गो में पड़ने वाले महापुरूषों के माल्यार्पण एवं नमन करते हुए कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान पहुंच सभा में तब्दील हो जायेगा। इसके बाद देर रात तक नेता व मंत्री का संबोधन लोग सुनेंगे। इस बीच कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक दिखेगी। अंत में सीएम हेमंत सोरेन एवं दिशोम गुरू शिबू सोरेन का संदेश से सभा का समापन होगा। शहीदों के नाम से बनाये गए 46 तोरण द्वार उपराजधानी दुमका पूरी तरह हरा रंग के पार्टी के पताखा और झंडे से पटा पड़ा है। शहर के प्रवेश द्वार शहीदों के नाम से तोरण द्वार बनाया गया है। झारखंड आंदोलन में शहीदों को सम्मान के लिए शहीदो के नाम से तोरण द्वार बनाये गये है। जैसा की स्थापना दिवस की सालगिरह के अनुसार इस बार 46 तोरण द्वार बनाये गये है। जिसमें शहीदों का नाम और पार्टी के आला नेताओं का तस्वीरें लगी है।

# आरकेएमयू ढोरी क्षेत्र कमिटी का पुनर्गठन सत्येन्द्र अध्यक्ष तथा महारुद्र बने सचिव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** एचएमएस से संबंध राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) ढोरी क्षेत्र के कमिटी का पुनर्गठन किया गया है। यह गठन कुंज बिहारी प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक कर किया गया। जिसका प्रतिलिपि सभी नये प्रतिनिधि ने सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक के नाम अमला अधिकारी कार्मिक माला कुमारी को दिया।

इसमें संरक्षक कुंज बिहारी प्रसाद रहेंगे, अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार, सचिव महारूद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, अभिषेक शर्मा तथा रविन्द्र साहनी को बनाया गया। सह सचिव अभिजीत बाउरी, अनिल मोदी तथा रवि कुमार साहनी, संगठन मंत्री चन्दन कुमार चौहान, उपसंगठन मंत्री उमा शंकर तथा कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिन्हा को बनाया गया। संरक्षक कुंज बिहारी प्रसाद तथा सचिव महारुद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह कमिटी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पूनर्गठन किया गया है। यूनियन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों की समस्या का निराकरण करना है।

साथ ही यूनियन को मजबूती प्रदान करते हुए नए सदस्य को जोड़ा जाएगा। मजदूरों का हमारे यूनियन के तरफ रुझान बढ़ रहा है। दूसरे यूनियन से भी साथी सदस्य हमारे यूनियन के तरफ उम्मीद की किरण से देख रहे है और यूनियन की सदस्यता ले रहे है।

# बीसीसीएल डीटी का बेरमो के लोगों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो।** बीसीसीएल के नए निर्देशक तकनीक मनोज कुमार अग्रवाल का बेरमो के कई अधिकारियों कर्मचारियों ने स्वागत किया श्री अग्रवाल ने कहा कि बीसीसीएल की चालू वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में हासिल किया जाएगा। उन्होंने लोगो से बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के कोयला उत्पादन की विस्तृत जानकारी ली।

स्वागत करने वाले मे एएडीओसीएम के मैनेजर मुनीनाथ सिह, सेल ऑफिसर विवेक सिंह, साइडिंग मैनेजर प्रदीप कुमार, डिपार्टमेंटल ओपनकास्ट इंचार्ज संतोष कुमार, कमल उपाध्याय, आनंद विश्वकर्मा सहित दर्जनो लोग शामिल थे।

**सीसीएल की ढोरी के रह चुके हैं जीएम :** मनोज कुमार अग्रवाल का स्थानांतरण 15 मार्च 2024 को सीसीएल से एनसीएल में किया गया था। एनसीएल स्थानांतरण से पहले अग्रवाल सीसीएल के ढोरी एरिया के जीएम पद पर पदस्थापित थे। इससे पूर्व छह नवंबर 2023 को सीसीएल तथा सात नवंबर 2023 को एसईसीएल के डीटी के लिए हुए साक्षात्कार में भी शामिल हुए थे। बीसीसीएल के नये डीटी मनोज कुमार अग्रवाल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पटना विज्ञान महाविद्यालय, पटना से 1985 बैच में पास की है। खनन में बीटेक, आइआइटी (आइएसएम), धनबाद 1986-1990 में किया।

वहीं प्रथम श्रेणी प्रबंधक योग्यता प्रमाणपत्र धारक, डीजीएमएस व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर (कार्यकारी एमबीए) भारतीय प्रबंधन विद्यालय रांची (2021-2023) हैं।

**कोयला मंत्री पुरस्कार से हो चुके है सम्मानित**

कोल इंडिया में सर्वश्रेष्ठ एरिया जनरल मैनेजर के लिए 'कोयला मंत्री पुरस्कार 2021-2022' प्राप्त किया। जबकि वित्त वर्ष 2016-17 में सीसीएल के सर्वश्रेष्ठ परियोजना अधिकारी से भी सम्मानित हो चुके है। भारत और विदेशों के दलित और पिछड़े लोगों के उत्थान से संबंधित सामाजिक सेवाओं के लिए 'डॉ अंबेडकर उत्कृष्ट सेवा राष्ट्रीय पुरस्कार-2020' और 'वीर बिरसा मुंडा राष्ट्रीय पुरस्कार-2021' से भी सम्मानित हो चुके हैं।

# डीपीएस बोकारो में 'फुलवारी' के जरिये विद्यार्थियों ने दिखाया प्रकृति-प्रेम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में फूलों की खूबसूरती के साथ झोपड़ी सोहराय पेंटिंग प्राकृतिक साज-सज्जा के साथ ग्रामीण परिवेश और आंचलिकता के बीच कबाड़ से जुगाड़ प्रकृति-प्रेम एवं कलात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था- फुलवारी नामक पुष्प-वनस्पति प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का। विद्यार्थियों ने प्रकृति-प्रेम का परिचय देते हुए अपने प्रदर्श प्रस्तुत किए। भांति-भांति के फूल मौसमी फल औषधीय व सजावटी पौधे बोनसाई व सब्जी सहित विभिन्न कैटेगरी में बच्चों ने 2000 से अधिक वानस्पतिक प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई। विद्यालय के गो ग्रीन इनिशिएटिवह्ण के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के सीजीएम टीए कुंदन कुमार ने किया। विद्यार्थियों की कुशल बागवानी कला को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आज विकास के दौर में जिस प्रकार वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, ऐसे में अधिकाधिक पौधे लगाकर ही हम पृथ्वी की रक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि फुलवारी का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति की रक्षा उसके पोषण और पर्यावरण-संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस दौरान मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने पौधारोपण भी किए। प्रदर्शनी में पौधों की उत्कृष्टता यानी स्वास्थ्य मिट्टी बनावट व उसके महत्व के आधार पर निर्णायकों ने पुरस्कार के लिए प्रविष्टियों का चयन किया।

# बोकारो मे मगही जागरण मंच का बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/बेरमो।** बोकारो मे मगही जागरण मंच बिहार-झारखंड की सेक्टर 12अ स्थित क्वार्टर नं -1392 (आवासीय कार्यालय ) मे बैठक संपन्न हुई। सैकडो की संख्या में मगही समाज के लोग उपस्थित हुए। सभी वक्ताओं ने संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज को एकत्रित कर उसका विकास करना है। समाज में एकता और समरसता का भाव तभी पैदा होगा, जब सभी शिक्षित होने के साथ-साथ जागरूक होंगे। ऐसे में शिक्षा और जागरूकता से सामाजिक एकता के लक्ष्य को पाया जा सकता है। साथ ही साथ समाज की एकता बनाये रखने और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। यहा सर्वसम्मति से होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अभय सिंह, मदन सिंह, राम परिखा सिंह, शशिकांत सिंह, अशोक सिंह, अंजनी सिंह, शंकर दयाल सिंह, सुधीर कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, आर पी सिंह, विकास सिंह, अभिमन्यु सिंह, पी एन सिंह, अजय सिंह, दिनेश सिंह, कमलेश सिंह, राजीव सिंह सहित लोग उपस्थित हुए।

स्पीड न्यूज

## आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप बजट : शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम बजट को विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट करार दिया है। श्री शाह ने कहा कि बजट विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप , नवाचार और निवेश तक, हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है।

## आर्थिक संकट के कोई उपाय नहीं: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट 2025-26 को आर्थिक क्षेत्र में सरकार के वैचारिक दिवालियापन की संज्ञा देते हुये कहा कि बजट प्रस्तावों में अर्थव्यवस्था में सुधार के लिये कोई ठोस बात नहीं है। उन्होंने इस बजट को गोली के घाव को मरहम से ठीक करने जैसा प्रयास करार दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वित्त मंत्री बजट भाषण में कुछ भी नया नहीं था और तबाह हो रही अर्थव्यवस्था को संभालने के कोई प्रयास नहीं किये गये हैं। कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख 87 हजार करोड़ रुपए

## कृषि के लिए एक लाख 87 हजार करोड़ रुपए

नयी दिल्ली । केंद्रीय बजट 2025-26 में कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रमुख इंजन करार देते हुए इसके लिए तकरीबन एक लाख 87 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि को भारत की विकास यात्रा के लिए प्रमुख इंजन बताया गया है।

## हमास ने तीन और इजराइली बंधक छोड़े

गाजा पट्टी। कुख्यात आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधक रिहाई समझौते के अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं। हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को अपहृत किए गए तीन और इजराइली बंधकों को आज रिहा कर दिया। इसके बाद तीनों 484 दिन बाद स्वदेश लौट गए। 54 वर्षीय ओफर काल्डेरन और 35 वर्षीय यार्डन बिबास को सुबह दक्षिण गाजा के खान यूनिस में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस के पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में रिहा किया गया।

## यूएस में एफबीआइ के 24 से ज्यादा अधिकारी बर्खास्त

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के छह सबसे वरिष्ठ अधिकारियों और देशभर के एफबीआई फील्ड कार्यालयों के कई प्रमुखों को बाहर कर दिया गया है। अधिकारियों की कुल संख्या 24 से अधिक बताई गई है। इनमें कई अधिकारी ऐसे हैं जिन्होंने छह जनवरी के कैपिटल दंगों की जांच की थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरा कार्यकाल शुरू करते ही एफबीआई अधिकारियों के खिलाफ शुरू की गई यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। एफबीआई संयुक्त राज्य अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की सबसे महत्वपूर्ण एजेंसी है।

## शेयर बाजार सपाट बंद सेंसेक्स पांच अंक चढ़ा

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार शनिवार को सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 5.39 अंक की तेजी के साथ 77,505.96 और निफ्टी 26.25 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,482.15 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 226.05 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,486.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 69.25 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,979.15 पर बंद हुआ। हालांकि, बाजार का रुझान सकारात्मक था। बीएसई पर 2,081 शेयर हरे निशान में, 1,829 शेयर लाल निशान में और 127 बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

# इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा बड़ा निवेश

## बजट : राज्यों को 50 साल के लिए मिलेगा 1.5 लाख करोड़ का ब्याज-मुक्त कर्ज

**सड़कों, पुलों, रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचे में खर्च होगा पैसा**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा निवेश करने का ऐलान किया है। सरकार राज्यों को 50 साल के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का ब्याज-मुक्त कर्ज देगी। ये पैसा सीधे सड़कों, पुलों, रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचे में खर्च होगा, जिससे विकास की गाड़ी और तेज दौड़ेगी।

**अर्बन चैलेंज फंड लांच :** सीतारमण ने शहरों के विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड भी लॉन्च किया है। इस फंड से शहरों को पानी, साफ-सफाई और रचनात्मक प्रोजेक्ट्स में निवेश का मौका मिलेगा, ताकि वे सिर्फ रहने की जगह नहीं बल्कि विकास के हब बन सकें।

यह फंड राज्यों को नए और अनोखे प्रोजेक्ट्स अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इसके तहत शहरों में प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ विकास के मॉडल बनाए जाएंगे, जिससे वहां रहना और बेहतर हो जाएगा।

**हर मंत्रालय लाएगा पीपीपी प्रोजेक्ट्स की योजना :** हर मंत्रालय अगले तीन साल के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रोजेक्ट्स की योजना बनाएगा। इसके साथ ही 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए दूसरा एसेट मोनेटाइजेशन प्लान भी शुरू किया गया है।

**नए प्रोजेक्ट्स में होगा पैसा पुर्ननिवेश :** एसेट मोनेटाइजेशन से जो पैसा आएगा, उसे नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में लगाया जाएगा ताकि विकास की रफ्तार धीमी न हो।

**सरकार देगी 25% फंडिंग :** जो प्रोजेक्ट बैंक से फंडिंग के लायक होंगे, उनमें सरकार खुद 25% तक की फंडिंग देगी। बाकी का पैसा बांड, बैंकिंग संस्थाओं व पीपीपी मॉडल से जुटाया जाएगा।

## शहरी गरीबों पर बरसेगी लक्ष्मी

**▸▸ रोजगार के साथ मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ**
**▸▸ पीएम स्वनिधि योजना को भी नए रूप में लाने का ऐलान**

**नयी दिल्ली।** शहरी गरीबों की मदद के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना लाने की घोषणा की है। यह योजना शहरों में लोगों को रोजगार उपलब्ध करानेवाली हो सकती है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को कारोबार के लिए पैसा उपलब्ध कराने के बाद यह एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा जो शहरों में निर्धन आबादी और कमजोर समूहों की सहायता के लिए चलाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार एक नई योजना लाने जा रही है ताकि शहरों में रहने वाले गरीबों की आय बढ़ाने, उन्हें नियमित आजीविका अर्जित करने का अवसर देने के साथ ही जीवन स्तर बेहतर बनाने में मदद की जा सके। माना जा रहा है कि यह योजना शहरों में गरीबों को काम का अवसर प्रदान करने के साथ ही उन्हें सरकारी कल्याणकारी कार्यक्रमों के दायरे में लाने वाली होगी। केंद्र सरकार दीनदयाल उपाध्याय शहरी आजीविका मिशन का दायरा बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। इसमें नए लाभार्थी समूहों को स्वयं सहायता समूहों के जरिये सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए बीस शहरों में पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। नई योजना को इस मिशन से भी जोड़ा जा सकता है। सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना की सफलता को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। स्कीम को नया स्वरूप दिया जाएगा। पीएम स्वनिधि योजना के तहत अब तक 68 लाख स्ट्रीट वेंडरों को लाभान्वित किया जा चुका है। स्ट्रीट वेंडरों को दस हजार से लेकर पचास हजार रुपये तक का ऋण दिया जाता है।

## जल जीवन मिशन की अवधि तीन साल बढ़ी


**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जल जीवन मिशन का कुल बजटीय परिव्यय बढ़ाकर 67,000 करोड़ रुपए कर मिशन की अवधि को तीन साल बढ़ाया गया है। सीतारमण ने कहा कि जल जीवन मिशन की अवधि तीन साल बढ़ा दी है और सभी घरों को जल जीवन मिशन के तहत 2028 तक स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। इस मिशन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को लालकिला की प्राचीर से की थी। 2024 तक देश के सभी घरों को नल से स्वच्छ उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन अभी सभी घरों को नल से स्वच्छ जल नहीं पहुंच रहा है इसलिए मिशन की अवधि बढाई गई है।

**ग्रामीण पोस्ट ऑफिस में होगा बड़ा बदलाव :** वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की योजना भारतीय डाक विभाग को 1.5 लाख ग्रामीण डाकघरों के साथ बड़े लॉजिस्टिक्स संगठन में बदलने की है। मंत्री ने कहा कि 1.5 लाख ग्रामीण डाकघरों के साथ बड़े सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन में तब्दील किया जाएगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक बनेगा।

## रक्षा मंत्रालय के लिए रिकार्ड 6.81 लाख करोड़ आवंटित

एजेंसी

**▸▸ 2024-25 के बजट से 9.53 प्रतिशत अधिक**




**नयी दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए रिकार्ड 6,81,210.27 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह आवंटन वित्त वर्ष 2024-25 के बजटीय अनुमान से 9.53 प्रतिशत अधिक है और केंद्रीय बजट का 13.45 प्रतिशत है, जो मंत्रालयों में सबसे अधिक है। इसमें से 1,80,000 करोड़ रुपये यानी कुल आवंटन का 26.43 प्रतिशत रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत व्यय पर खर्च किया जाएगा। बजट में सशस्त्र बलों के राजस्व का आवंटन 3,11,732.30 करोड़ रुपये है, जो कुल आवंटन का 45.76 प्रतिशत है। इसमें रक्षा पेंशन का हिस्सा 1,60,795 करोड़ रुपये यानी 23.60 प्रतिशत है और शेष 28,682.97 करोड़ रुपये यानी 4.21 प्रतिशत रक्षा मंत्रालय के तहत नागरिक संगठनों के लिए है। मंत्रालय ने 2025-26 को सुधारों के वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जो सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए सरकार के संकल्प को और मजबूत करेगा और इसका उद्देश्य आवंटन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रक्षा खरीद प्रक्रिया में सरलीकरण करना है।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य सभी वर्गों के विकास को बढ़ावा देगा। मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में, जहाँ विश्व आधुनिक युद्ध के बदलते प्रतिमान को देख रहा है, भारतीय सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और उन्हें तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलने की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, रक्षा बलों के 1,80,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## 36 जीवन रक्षक दवाओं पर आयात शुल्क में छूट



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता बनाने के लिये इस तरह की 36 आयातित दवाओं और उनको बनाने में काम आने वाले बल्क ड्रग्स पर आधार आयात शुल्क (बीसीडी) को खत्म करने की घोषणा की है। सीतारमण ने कहा कि छह जीवन रक्षक दवाओं को पांच प्रतिशत शुल्क की रियायती दर के तहत लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 37 अन्य दवाओं तथा 13 नए रोगी सहायता कार्यक्रमों को बीसीडी से मुक्त रखा जाएगा, बशर्तें ये दवाइयां और सहायता कार्यक्रम मरीजों को मुफ्त में उपलब्ध कराये जाते हों।



**मधुबनी की साड़ी पहन निर्मला सीतारमण ने पेश किया बजट**

**नयी दिल्ली । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केंद्रीय बजट पेश करने के मौके पर बेहद खास साड़ी पहनी है, जिसे लेकर हर जगह चर्चा हो रही है। इस बार उन्होंने मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी पहनी है, जिसमें मधुबनी की कला का चित्रण किया गया है। यह साड़ी उन्हें पद्म विजेता दुलारी देवी ने भेंट की थी।**

## केसीसी की सीमा पांच लाख हुई

एजेंसी

**पहली बार उद्यम शुरू करने वाली एससी व एसटी महिलाओं को दो करोड़ का ऋण**

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए ब्याज सहायता योजना की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की घोषणा की। शनिवार को संसद में बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए ऋण गारंटी कवर बढ़ाएगी ताकि उनकी कर्ज तक पहुंच में सुधार हो सके। इसके अलावा, सरकार सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड पेश करेगी।

उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को अल्पकालिक ऋण की सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से संचालित नियार्तोन्मुख एमएसएमई को 20 करोड़ रुपये तक का सावधि ऋण प्रदान किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू करेगी। वित्त मंत्री ने 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करते हुए यह भी कहा कि एसएमई और बड़े उद्योगों के लिए एक विनिर्माण मिशन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा सरकार श्रम-प्रधान क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधाजनक उपाय करेगी। उन्होंने कहा कि ऋण गारंटी कवर को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये किया जाएगा तथा गारंटी शुल्क को घटाकर एक प्रतिशत किया जाएगा। मंत्री ने बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना करने की घोषणा भी की।

## स्टार्टअप के लिए दस हजार करोड़ आवंटित

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्यमियों के वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना के एक और दौर का एलान किया। सीतारमण ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने अब तक 1.57 लाख से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी है। स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से सरकार ने इस विकास को पोषित करने और उद्यमियों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्टार्टअप इंडिया की कार्य योजना 16 जनवरी 2016 को पेश की गई थी। केंद्र सरकार उसी वर्ष स्टार्टअप की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के कोष के साथ फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (एफएफएस) योजना लाई थी। इसकी निगरानी एजेंसी डीपीआईआईटी है।

## निर्मला सीतारमण के आठवें बजट भाषण की झलकियां

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा में विपक्ष के हंगामें के बीच वित्त वर्ष 2025-26 का बजट भाषण शुरू किया। सीतारमण का लगातार आठवां और मोदी सरकार का चौदहवां बजट प्रस्तुतीकरण था।

▸▸ सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने प्रयागराज के कुंभ में बुधवार को हुई भगदड़ में कई श्रद्धालुओं के हताहत होने का मामला उठाया और चर्चा की मांग की।

▸▸ लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने विपक्षी सदस्यों को शांत रहने की अपील करते हुये वित्त मंत्री को बजट प्रस्तुत करने का मौका देने को कहा। श्री बिरला ने कहा कि विपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उन्हें अपनी बात कहने का पूरा मौका दिया जायेगा।

▸▸ पूर्वाह्न 11 बजकर एक मिनट पर सीतारमण ने हंगामें के बीच बजट भाषण शुरू कर दिया।

▸▸ हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर बिरला की अपील का कोई असर नहीं हुआ और सपा के सदस्य कुछ देर के लिये सदन के बीचोबीच आ गये।

▸▸ इसके बाद कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) और द्रमुक के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

▸▸ हल्के पीले बार्डर की गहरे क्रीम रंग की साड़ी पहने सीतारमण बजट भाषण के दौरान जब कोई विशेष घोषणा करतीं तो सत्ता पक्ष के सदस्य मेजे थपथपाकर उसका स्वागत करते थे।

▸▸ वित्त मंत्री ने पटना स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में विद्यार्थियों की सीटें बढ़ाने की घोषणा जब की तो विपक्षी सदस्य हंसते हुये देखे गये और उन्होंने हल्का सा शोरगुल किया।

▸▸ समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बारे में भी कुछ बोलिये।

▸▸ बजट भाषण के दौरान ही विपक्ष के एक सदस्य ने कहा कि महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की सूची दीजिये। गायब लोगों का पता चलना चाहिये।

▸▸ सीतारमण ने जब आयकर में रियायत की घोषणा की तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने ...मोदी. मोदी... के नारे लगाये। वित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दो बार नाम लिया।

## रेलवे की 4.60 लाख करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत

एजेंसी

**▸▸ 100 नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 50 नयीं नमो भारत एक्सप्रेस , 200 वंदे भारत (चेयरकार एवं स्लीपर) का निर्माण, 1000 नये फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण, 17500 जनरल कोच बनाने की योजनाएं शामिल**



**नयी दिल्ली।** आम बजट 2025-26 में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृति देने के साथ दो लाख 64 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जिसमें से दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए पूंजीगत व्यय के लिए दिये गये हैं जबकि करीब 12 हजार करोड़ रुपए सरकारी निजी साझीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत निवेश से आएंगे। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण आम बजट में रेलवे के लिए आवंटन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने रेलवे के लिए इस साल दो लाख 64 हजार करोड़ रुपए की योजना मंजूर की है जिसमें दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए पूंजीगत आवंटन है जबकि करीब 12 हजार करोड़ रुपए पीपीपी के अंतर्गत परियोजनाओं में निवेश से आने का अनुमान है। रेलवे का परिचालन अनुपात 98.2 रहने का अनुमान है। रेल मंत्री ने कहा कि बजट में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है जिनका दो से तीन साल में क्रियान्वयन होना है। उन्होंने कहा कि बजट में रेलवे के संरक्षा बजट एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए का है जो पिछले वर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बीते दिसंबर एवं जनवरी माह में रेलवे में कोई भी दुर्घटना दर्ज नहीं की गयी है।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि दस हजार लोकोमोटिव्स और 15 हजार किलोमीटर पटरियों पर कवच लगाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा अब देश में करीब दस हजार किलोमीटर के मार्ग पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिगनलिंग (एबीएस) लगायी जा रही है। इसके लिए विद्युत पारेषण लाइनों का उच्चीकरण 225 किलोवाट के स्तर पर किया जाना है। वैष्णव ने कहा कि बजट में रेलवे के लिए स्वीकृत परियोजनाओं में 100 नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 50 नयीं नमो भारत एक्सप्रेस गाड़ियां, 200 वंदे भारत एक्सप्रेस (चेयरकार एवं स्लीपर) का विनिर्माण, 1000 नये फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण, 17500 जनरल कोच बनाने की योजनाएं शामिल हैं।

रेलवे के सकल प्रदर्शन के बारे में सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि इस साल 31 मार्च को भारतीय रेलवे 1.6 अरब टन माल ढुलाई का विश्व कीर्तिमान कायम करेगी तथा अगले वर्ष 31 मार्च 2026 में तीन लाख करोड़ रुपए की आय का रिकॉर्ड बनाएगी। लद्दाख एवं अरुणाचल प्रदेश में रेलवे लाइन बिछाने की परियोजनाओं में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर रेल मंत्री ने कहा कि बिलासपुर मनाली लेह की लाइन और अरुणाचल प्रदेश की तवांग को जोड़ने वाली लाइन के बारे में रक्षा मंत्रालय से विचार विमर्श करके डीपीआर बनायी जा रही है। देश में हाईस्पीड बुलेट ट्रेन के विनिर्माण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत में 7000 किलोमीटर हाईस्पीड रेलवे लाइन बिछायी जानी है और उसके लिए 280 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने वाली गाड़ियों को विकसित करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी बुलेट ट्रेन अहमदाबाद मुंबई हाईस्पीड रेलवे ट्रैक पर नहीं चलेगी। उस परियोजना में भी अच्छी प्रगति हो रही है।

## राज्यों की भागीदारी से शीर्ष 50 पर्यटन स्थल होंगे विकसित

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट 2025-26 में कहा कि राज्यों की भागीदारी से शीर्ष 50 पर्यटन स्थल विकसित कर पर्यटन को रोजगार प्रेरित विकास के रूप में स्थापित किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि पर्यटन को रोजगार प्रेरित विकास के रूप में स्थापित किया है। रोजगार आधारित विकास हेतु युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम की पहल की गई है। इसके साथ ही होमस्टे के लिए मुद्रा लोन, यात्रा सुगमता में सुधार और पर्यटन स्थलों तक संपर्क, ई-वीजा सुविधा में सरलीकरण और राज्यों को प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन जैसे उपाय भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों के सहयोग से देश में 50 पर्यटन स्थल विकसित किए जाएंगे। होटल एवं अन्य प्रमुख अवसंरचनाओं के विकास के लिए भूमि की व्यवस्था राज्यों द्वारा की जाएगी और इन क्षेत्रों में बनने वाले होटलों को अवसंरचना एचएमएल में शामिल किया जाएगा।

